# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 02 जून, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 149, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ से अधिक बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,01,369 .5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## पूर्वोत्तर के साथ चट्टान की तरह खड़ी है सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। } 16



### संक्षेप

## पूर्व प्रधानमंत्री हसीना पर अभियोग तय

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के लगभग 10 महीने बाद शुरू हुई। न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उपचुनाव के लिए हुआ मतदाता सूची में संशोधन

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी। वर्तमान मतदाता सूची की वैधता विशेष संशोधन के पूरा होने तक बरकरार रहती है। अधिकारियों ने रेखांकित किया कि यह आयोग पर निर्भर करता है कि आवश्यकता के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन किया जाना है या नहीं। आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे।

## अब्बास अंसारी की खत्म हुई विधानसभा सदस्यता

लखनऊ। नफरत भरा भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मऊसदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है और मऊसदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनायी ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- सभी विभाग 3 साल से अधिक एक ही पटल पर तैनात कर्मियों का तबादला करें : केशव (पृष्ठ-02)
- परिवारवालों का सुख भाजपाइयों से देखा नहीं जाता : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर : गर्ग (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने शेयर बाजार में 19,860 करोड़ डाले (पृष्ठ-14)


## विमान ईंधन के दाम में तीन प्रतिशत की कटौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है।

**वाणिज्यिक सिलेंडर हुआ 24 रुपये सस्ता**

यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है। इससे पहले एक मई को एटीएफ के दाम 4.4 प्रतिशत (3,954.38 रुपये प्रति किलोलीटर) और एक अप्रैल को 6.15 प्रतिशत (5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर) घटाए गए थे। रविवार की हुई इस कटौती के बाद इस साल की शुरुआत में एटीएफ कीमतों में जो वृद्धि हुई थी उसकी काफी हद तक भरपाई हो गई है। एटीएफ की कीमत में कमी से वाणिज्यिक एयरलाइन कंपनियों पर बोझ कम होगा। एयरलाइन कंपनियों की परिचालन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सिक्किम में भारी बारिश, भूस्खलन का कहर

### इसके चलते लाचेन में 115 और लाचुंग में करीब 1350 पर्यटक फंसे

एजेंसी



गंगटोक। सिक्किम में लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। विशेषकर उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां तीस्ता नदी का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है और कई स्थानों पर भूस्खलन ने रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध कर दिए हैं। इसके चलते लाचेन में 115 और लाचुंग में करीब 1350 पर्यटक फंसे हुए हैं।

भारतीय मौसम विभाग (आएमडी) ने मंगन जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि नामची, सोरेंग, गंगटोक और पाकयोंग जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। शनिवार रात फिदांग गांव और आसपास के इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। तीव्र वर्षा और भूस्खलन के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और बिजली तथा संचार सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जब तक मौसम साफ नहीं होता और सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं होता तब तक बचाव कार्य असंभव है। वर्तमान में रस्सियों और वैकल्पिक उपायों से ही बचाव की योजना बन रही है, लेकिन इसके लिए भी बारिश रुकना आवश्यक है।

परिजनों की चिंता चरम पर मोबाइल नेटवर्क ठप होने के कारण फंसे पर्यटकों के परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे वे गहरी चिंता में हैं।

लाचुंग और लाचेन जैसे संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर आवागमन पूरी तरह बाधित है।

# अहिल्याबाई की तरह योगी को याद करेंगी पीढ़ियां: धनखड़

### लोकमाता ने अपने दौर में किया प्राचीन हिन्दू मंदिरों का पुनरुद्धार

जिला संवाददाता



आगरा (उप्र)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से करते हुए रविवार को कहा कि अहिल्याबाई की सोच विधि की रचना की तरह आदित्यनाथ में आ गई है और आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के कार्यों को उसी तरह याद करेंगी जैसे हम आज लोकमाता अहिल्याबाई के कामों को करते हैं। धनखड़ ने अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष के स्मृति अभियान के तहत यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती महज एक तारीख या ऐतिहासिक घटना नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए जीवन दर्शन है। उस कठिन समय में वह महान भारत की परंपरा की प्रतिनिधि थीं जहां धर्म, संस्कृति और शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते थे।

उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने मंदिर बनवाए। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। ऐसे मौके पर मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदर्भ में भी कहना चाहूंगा जो लोक माता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, उत्तर प्रदेश के आज के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या और सभी जगह काम हुआ। आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के इस काम को उसी तरीके से स्मरण करेंगी, जिस तरीके से हम आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं यह मानकर चलता हूं कि अहिल्याबाई की सोच विधि की रचना की तरह योगी आदित्यनाथ में आ गई है। योगी आदित्यनाथ ने जो कार्य करके दिखा दिया है, मेरी बात को याद रखिए यह आसान नहीं था, चुनौतीपूर्ण था और हर चुनौती पर खरे उतारते हुए, कसौटी को पार करते हुए उन्होंने ऐसा काम किया है जो आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति का सृजन और संरक्षण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अहिल्याबाई से प्रेरित भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया: मुख्यमंत्री योगी

जिला संवाददाता



आगरा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए और आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करती है। वह रविवार को यहां लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करती है।

उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जिसका विस्तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों तक था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब देवी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। उन्होंने इस समारोह को लोकमाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक माध्यम बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आगरा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया।

## वात्सल्य गंगा आश्रय का धामी ने किया लोकार्पण



प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार के कनखल में पद्म भूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा के नवनिर्मित वात्सल्य गंगा आश्रय का उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संयुक्त रूप को संयुक्त रूप से लोकार्पित किया गया। लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संत समाज को आश्वस्त किया कि देवभूमि उत्तराखंड की सनातन संस्कृति धर्म परंपरा पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देंगे और इसकी रक्षा के लिए जो कुछ भी करना होगा वह राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। श्री धामी ने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता लागू की है और लैण्ड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे कुत्सित कार्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा यह सब संतो के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साध्वी ऋतंभरा को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की यह पुरस्कार समस्त संत परंपरा और सनातन धर्म का सम्मान है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि इससे पूर्व की सरकारें मुंह देखकर सिफारिश पर सम्मान दिया करती थी लेकिन वर्तमान सरकार काम देखकर व्यक्तित्व देखकर सम्मानित करती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने के गरिमा पूर्ण अवसर पर उन्हें मां गंगा में डुबकी लगाने का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास



मुंबई। गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्च स्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था। सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया।

## अमृतसर में आतंकवाद और जबरन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो व्यक्ति गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने रविवार को दावा किया कि उसने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब के सीमावर्ती जिलों में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था जो व्यक्तियों को निशाना बनाता था। उन्होंने बताया कि उसके दो साथियों वेरोवाल निवासी करजप्रीत सिंह और तरनतारन के गोइंदवाल साहिब निवासी गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीजीपी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फौजी ने करजप्रीत और गुरलाल सिंह को एक पिस्तौल मुहैया कराई और उन्हें अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की एक दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोलीबारी की यह घटना जबरन वसूली के प्रयास का हिस्सा थी, जिसमें जीवन फौजी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आठ जून को किया जायेगा प्रक्षेपित

# शुभांशु भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बन रचेंगे इतिहास

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है। ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा।

इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला लगभग चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी। शुक्ला ने जनवरी में संवाददाता सम्मेलन में कहा था, मैं सूक्ष्मगुरुत्व क्षेत्र में जाने और अकेले अंतरिक्ष उड़ान का अनुभव करने के लिए सचमुच बहुत उत्साहित हूं। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन तक बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। एक्स-4 अंतरिक्ष यात्री आईएसएस में अपने 14 दिवसीय प्रवास के दौरान 31 देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियां करेंगे। शुक्ला नासा के सहयोग से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के बीच सहयोग के तहत विकसित विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करने के लिए तैयार हैं। इन प्रयोगों का उद्देश्य भविष्य में लम्बी अवधि की अंतरिक्ष यात्रा के लिए आवश्यक अंतरिक्ष पोषण और आत्मनिर्भर जीवन समर्थन प्रणालियों का विकास करना है। इसरो ने शुक्ला के लिए सात प्रयोगों की एक श्रृंखला तैयार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

एजेंसी

मॉस्को। पश्चिमी रूस में विस्फोटों के कारण दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया।

यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। कुछ घंटे बाद, अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी जांच समिति ने एक बयान में कहा कि विस्फोटों के कारण दो पुल ढह गए, लेकिन उसने और कोई विवरण नहीं दिया। सरकारी एजेंसियों द्वारा ब्रांस्क क्षेत्र में घटनास्थल की पोस्ट की गई तस्वीरों में ट्रेन के डिब्बे बिखरे हुए और पुल के मलबे के बीच दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर मौजूद अन्य फुटेज जाहिर तौर पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## चार वांछित धराये, गये जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार वांछितों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाल के दरोगा दीपक कुमार यादव रविवार को फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। मारपीट व गाली गलौज तथा छेड़छाड़ के केस में वांछित मुहीद व लुटर पुत्रगण हनीफ, तथा सप्पू पुत्र स्व0 अलेमान निवासीगण ककरहिया शीतलमऊ को घर के समीप से हिरासत में ले लिया। वही कोतवाली के दरोगा सुमित कुमार वर्मा ने भी फोर्स के साथ गस्त के दौरान लालगंज कोतवाली के पूरे हरिकिशुन निवासी शिव बहादुर गुप्ता पुत्र रामेश्वर गुप्ता को घर के समीप से धर दबोचा। पुलिस ने सभी वांछितों को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। दुर्घटना में युवक की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव निवासी हजरत अली का पुत्र सलमान 28 शनिवार को रायबरेली जिले के अन्तर्गत अपनी बहन के घर गया था। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। रायपुर तियाई के पास दूसरी बाइक से रायबरेली जिले के सलोन थाना के दुबहन निवासी विमल विश्वकर्मा 21 पुत्र राम लखन व धीरज विश्वकर्मा 25 पुत्र लवकुश भी कही जा रहे थे। दोनो बाइकों की भिड़ंत में तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सलमान की लालगंज ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इधर गम्भीर रूप से घायल विमल व धीरज को लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारम्भिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सलमान की मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## प्रियवंद त्रिपाठी के लेफ्टिनेंट चयनित होने पर खुशी का माहौल



प्रतापगढ़। क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान में गांव के प्रियवंद त्रिपाठी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट चयनित होने को लेकर खुशी जताई गई है। प्रियवंद के पिता राजीव कुमार त्रिपाठी सीआरपीएफ में निरीक्षक पद पर तैनात है। प्रियवंद यहां अपने ननिहाल में पढ़ाई किया करते थे। उपलब्धि पर प्रियवंद के नाना सुशील द्विवेदी को ग्रामीणों ने मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा की। इस मौके पर लालगंज सीडीपीओ उदय मिश्रा, आशीष, पूनम, सुनील सिंह मोनू, ज्ञानवीर सिंह, मीनाक्षी त्रिपाठी, राहुल, अंकित शर्मा, आदि रहे।

## राज्यमंत्री का इटावा में स्वागत

इटावा। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती का राज्यमंत्री बनने के बाद इटावा प्रथम आगमन भारतीय जनता पार्टी के नेता धर्मेंद्र दुबे द्वारा इटावा बाई-पास पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 मई कमलावती जी ने उ. प्र. महिला कल्याण निगम के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई थी। यह राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पद है। इस अवसर पर अतुल सहित कई भाजपा नेता शामिल रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

जिला संवाददाता (vol)

**बहराइच।** बहराइच जिले में बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रोशनी गुप्ता (25) अपने बेटे दिव्यांश (चार) के साथ बाजार गयी थी। लौटते वक्त वह बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड के रेलवे पिलर संख्या 59121 के निकट रेलवे लाइन पार करने के लिए खड़ी थी। उन्होंने बताया कि इसी बीच, बहराइच से गोंडा की ओर जा रही डेमो ट्रेन को देखकर बच्चा अपनी मां से हाथ छुड़ाकर रेलवे लाइन की तरफ भागा। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां भी पीछे-पीछे दौड़ी तभी ट्रेन आ गयी। उसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस संबंध में बख्शीपुरा निवासी समाजसेवी अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रेलवे लाइन के उस पार मोहल्लों व बस्तियों में पांच हजार से अधिक बने पक्के मकानों में करीब 30-35 हजार लोग रहते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों के आने-जाने के लिए कोई अंडर पास नहीं है, वहीं ओवर ब्रिज के निर्माण के नाम पर तीन साल पहले रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि एक और रास्ता है जिसपर दो फुट जलभराव के कारण लोगों को बस्ती में जाने के लिए तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है इसलिए लोग जान जोखिम में डाल कर पटरी पार करते हैं। मिश्र ने बताया कि इस संबंध में सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों व एमएलसी के पत्रों सहित अनेक प्रतिवेदन रेल मंत्री व रेलवे के अधिकारियों को दिए जा चुके हैं मगर अभी तक कोई कार्वाई नहीं की गयी।

## शामली में रेल पटरी पर मिला लोहे का पाइप, हादसा टला

मुजफ्फरनगर। शामली जिले में बलवा गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर रलवे लाइन पर अराजक तत्वों ने 10 फुट लंबा लोहे का पाइप रख दिया। सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक की मुस्तैदी की वजह से हादसा टल गया। राजकीय रेलवे पुलिस के प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक ने पटरी पर लोहे का पाइप रखा देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा दिया जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और हादसा टल गया। सिंह ने बताया कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे का पाइप रख दिया था। ट्रेन चालक की सतर्कता से दुर्घटना टल गई। शामली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामसेवक ने घटनास्थल का दौरा किया। औपचारिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की वजह से रेलगाड़ियों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित हुई।

## हत्या के जुर्म में दो को उम्रकैद

महराजगंज। महराजगंज जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति की हत्या के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पूर्णेंदु राम त्रिपाठी ने रविवार को बताया कि श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में 24 सितंबर 2023 को सुनील शर्मा नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में वीरेंद्र गिरि और उसके बेटे मुन्ना उर्फ यशवंत गिरि के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## ममता कुलकर्णी ने कल्कि धाम में किया शिलादान

संभल। अध्यात्म जगत में आई पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने रविवार को संभल में कल्कि धाम का दौरा किया। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनने और फिर विवादों से सुर्खियों में आई कुलकर्णी ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ एक शिला दान समारोह में भाग लिया। कुलकर्णी ने बाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपनी आध्यात्मिक यात्रा और कल्कि धाम परियोजना के महत्व के बारे में बताया। कुलकर्णी ने कहा कि मैं आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा कल्कि धाम के सुंदर कार्य को करने के संकल्प पर गर्व महसूस करती हूं। मुझे यहां एक शिला दान करने का सौभाग्य मिला। शायद यह मेरे पिछले जन्म के कुछ अच्छे कर्मों का परिणाम है कि मुझे इस जन्म में यह अवसर मिला है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ध्यान की अवस्था में कल्कि के अवतार को देखा था।

## ई-रिक्शा चालक ने यात्री का मोबाइल छीना

इटावा। जिले भर में अनियंत्रित रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा अब जनजीवन के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। इनकी बेतरतीब आवाजाही से जहां जाम की समस्या विकराल रूप ले रही है, वहीं चालकों की बढ़ती मनमानी आम जनता के लिए संकट का कारण बनती जा रही है। ताजा मामला इटावा रेलवे स्टेशन के बाहर का है, जहां एक ई-रिक्शा चालक द्वारा नशे में धुत यात्री से कहासुनी हो गई, जिसके बाद ई रिक्शा चालक ने यात्री का मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद नशे में धुत यात्री ने आत्महत्या की कोशिश की। घटना का वीडीयो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। काफी देर तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ लेकिन ई रिक्शा चालक वहां से भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शनिवार शाम स्टेशन परिसर के बाहर एक यात्री और ई-रिक्शा चालक के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि रिक्शा चालक ने यात्री का मोबाइल छीन लिया। यात्री ने बार-बार रिक्शा चालक से मोबाइल लौटाने की गुहार लगाई, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उसने खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। यात्री ने पहले तो गुस्से में आकर सिर ईंट-पत्थर से फोड़ लिया और बाद में रेलवे स्टेशन के बाहर लगे उत्तर मध्य रेलवे के बोर्ड से बेल्ट का फंदा बनाकर आत्महत्या का प्रयास किया। राहत की बात रही कि बेल्ट टूट गई और वह नीचे गिर पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो राहगीरों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने उस यात्री को रोकने या मदद करने की कोशिश नहीं की। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में हजारों ई-रिक्शा नियमों की अनदेखी करते हुए चल रहे हैं। आए दिन जाम और छोटे-मोटे विवाद होते रहते हैं। स्टेशन के बाहर ई रिक्शा चालक बड़ी तादात में हर समय मौजूद रहते है।

## शैक्षिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र सम्मानित



प्रतापगढ़। नगर स्थिति हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज में निवर्तमान प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र को शिक्षकों व कर्मचारियों ने स्थानातरण पर समारोह पूर्वक सम्मानित किया। डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र का प्राचार्य पद पर जिला मुख्यालय स्थिति एमडीपीजी कालेज में स्थानातरण हुआ है। शिक्षिकों व कर्मचारियों ने प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रांतीय अधिकारी राजेश तिवारी ने डॉ0 शैलेन्द्र के कार्यकाल में महाविद्यालय में एनएसएस को मिली उपलब्धियों को गौरव पूर्ण कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 डॉ0 ऋचा सुकुमार ने कहा कि लालगंज महाविद्यालय में डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र का कार्यकाल अनुकरणीय रहा। डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र ने अपने कार्यकाल में प्राध्यापकों व प्रबंध समिति के साथ कर्मचारियों का सहयोग का आभार जताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयी। संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र मिश्र, डॉ0 सीमा त्रिपाठी, डॉ0 गंगाधर मिश्र, शिवाकांत मिश्र, डॉ0 निशांत पाण्डेय, डॉ0 वाचस्पति त्रिपाठी, संतोष दुबे आदि रहे।

## विवेचनाओं की समीक्षा में लापरवाही पर भड़के सीओ, दरोगाओं को मिली फटकार

प्रतापगढ़। सीओ ने विवेचनाओं की समीक्षा में रविवार को सर्किल के लापरवाह दरोगाओं को जमकर फटकार लगाई। सीओ कार्यालय में लालगंज तथा लीलापुर व सांगीपुर एवं उदयपुर व संग्रामगढ़ के थानों में आपराधिक मुकदमों की विवेचनाओं की सीओ रामसूरत सोनकर ने समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने दरोगाओं को विवेचनाओं के निस्तारण में गुणवत्ता व समयबद्व कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होने अनुसूचित जाति तथा महिला अपराधों समेत गम्भीर अपराधों में दर्ज मुकदमों के वांछितों के खिलाफ निरोधामत्क कार्यवाई के भी कड़े निर्देश दिये। समीक्षा में उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस से जुड़ें प्रार्थना पत्रों पर भी समयबद्व कार्यवाई न देखकर थाना प्रभारियों को जमकर फटकार लगाई। सीओ ने समीक्षा में हिस्ट्रीशीटरों के साथ जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखने की हिदायत दी। समीक्षा बैठक में लालगंज कोतवाल नीरज यादव, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी, उदयपुर एसओ राधेश्याम, संग्रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र भदोरिया, समेत सर्किल के दरोगा मौजूद रहे।

## 5 जून तक करें आवेदन, मिलेगा 2000 रुपये मानदेय

श्रावस्ती। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क कोचिंग संचालन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि यह सत्र आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निशुल्क मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत सिविल सेवा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए/सीडीएस, एसएससी, यूपीएसएसएससी, टेट, सीटेट जैसी प्रमुख परीक्षाओं के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों एवं अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता है। जिले में संचालित कोचिंग केंद्र आईटीआई भिनगा, सत्या डी. आर्यन स्कूल इकौना, तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा में इनकी नियुक्ति की जाएगी। डॉ. यति ने बताया कि चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा, जो पूरी तरह अस्थायी होगा। समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। व्याख्यान की अवधि 90 मिनट तय की गई है, और प्रति व्याख्यान ?2000 का मानदेय तभी दिया जाएगा जब कक्षा में 25 या उससे अधिक छात्र उपस्थित हों। इससे कम संख्या होने पर ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी, जिनके लिए कोई मानदेय देय नहीं होगा।

## बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पर रोक



सिद्धार्थनगर- बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी थाना क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों से त्योहार की तैयारियों की जानकारी ली। प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाई गई है। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नालियों की सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज के दौरान बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। मस्जिदों के आसपास अवारा और प्रतिबंधित पशुओं की रोकथाम की जाएगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीएम ने कहा कि सिद्धार्थनगर शांतिप्रिय जिला है। सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

## 14 चोरी की बाइक बरामद, नेपाल भेजने की थी योजना

जिला संवाददाता (vol)




**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिरसिया पुलिस व एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 14 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। 31 मई को थानाध्यक्ष सिरसिया को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति नेपाल सीमा के पास जंगल में चोरी की मोटरसाइकिलें इकट्ठा कर नेपाल भेजने की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सहदेइया पुल के पास घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने 11 मोटरसाइकिलों को नेपाल सीमा से सटे जंगल में झाड़ियों के बीच छिपा रखा था, जिन्हें नेपाल में ऊँचे दाम पर बेचने की योजना थी। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटनास्थल से कुल 11 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इसके अलावा अभियुक्तों के कब्जे से मौके पर ही तीन अन्य बाइकें भी बरामद हुईं। इस प्रकार कुल 14 चोरी की मोटरसाइकिलें पुलिस ने अपने कब्जे में ली हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा सहित कई जनपदों से गाड़ियों की चोरी कर नेपाल में बेचते थे।

## विवाहिता ने की आत्महत्या, मां ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप



प्रतापगढ़। ससुराल में पारिवारिक कलह से तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। वही विवाहिता की मॉ ने तहरीर देकर बेटी की मौत को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या के आरोप की तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव में कोमलपाल 19 पत्नी विपिन पाल ने बंद कमरे में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतका शनिवार की रात अपने कमरे में सोने गई। रविवार की सुबह करीब छह बजे वह अपने कमरे में फांसी के फंदे से झूलती मिली। मृतका की ननद सपना ने कोमल को फंदे पर लटका देखा तो चीख उठी। मृतका का पति विपिन पाल रोजी-रोटी के सिलसिले में चण्डीगढ़ रहता है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस को शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर बेटी की मौत की सूचना उसके मायके पहुंची तब कोहराम मच गया। मृतक की मॉ रवि शंकर पाल की पत्नी सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री कोमल पाल को पुरवारा निवासी विपिन पाल बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। एक वर्ष बाद रविवार को बेटी की मौत की सूचना मिली। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि कोमल को उसके पति विपिन की बहन सपना व सांस सुमन ने मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है, तहरीर की जांच की जा रही है, कार्यवाई की जायेगी।

## सैन्य टकराव में सीज फायर की देश के सामने असलियत बया करें मोदी सरकार : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भारत पाकिस्तान के हाल ही में सैन्य टकराव को लेकर सिंगापुर में देश के सीडीएस अनिल चौहान के ताजा बयान के तहत भारतीय विमानों के नुकसान की सच्चाई सामने आने को गम्भीर करार दिया है। उन्होने कहा कि विदेश की धरती पर रक्षा प्रमुख के इस महत्वपूर्ण तथ्य सामने ले आने पर अब पीएम मोदी को आपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिकरण पर विराम लगाना चाहिए। उन्होने कहा कि शिमला समझौते के विपरीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का लगातार ग्यारवही बार सीज फायर कराने का बयान भी प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों की देश की सुरक्षा के प्रति जबाब देही तय कर गया है। उन्होने कहा कि भारतीय सेना ने पूरे पराक्रम के साथ दुश्मन देश की सारी हैकड़ी निकाल दी। उन्होने कहा कि युद्व में नुकसान हुआ करता है ऐसे में प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के सामने सच्चाई बयान करने में सीडीएस के बयान के बाद अब क्या हर्ज है ? उन्होने कहा कि शिमला समझौते में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को लेकर जरा सी भी गुजाइश नही हैं। उन्होने कहा कि ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के द्वारा रोज-रोज यह कहा जाना कि ब्यापार का लालच देकर उन्होने दोनो देशों के बीच सीज फायर कराया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री यदि अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान का प्रतिवाद नही कर पा रहे तो यह देश की शाख पर गहरा आघात है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह बातें शनिवार की देर शाम तहसील परिसर में सांसद निधि से नवनिर्मित दस लाख रुपए की लागत से बने पत्रकार भवन के लोकार्पण समारोह में मीडिया से रूबरू होते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने किया। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने पत्रकार भवन के सुसज्जीकरण की भी निजी तौर पर सौगात सौपी। पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने स्वागत तथा तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। संयोजन जिलाध्यक्ष चन्द्र शेखर तिवारी तथा संचालन शैलेन्द्र मिश्र ने किया।

## डुमरियागंज में चकबंदी को लेकर ग्रामीणों की शिकायत




सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज तहसील के ग्राम राजपुर कोहलवा में चकबंदी कब्जा परिवर्तन को लेकर अपर जिलाधिकारी न्यायिक (डीडीसी) ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम डुमरियागंज संजीव दीक्षित, तहसीलदार रवि कुमार यादव और चकबंदी अधिकारी के साथ ग्रामीणों से वार्ता की। कुछ ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया और कब्जा परिवर्तन पर आपत्ति जताई। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चकबंदी प्रक्रिया किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होगी। उन्होंने आपत्ति दर्ज कराने वालों को मंगलवार तक का समय दिया है। ग्रामीण अपने लिखित वक्तव्य और साक्ष्य के साथ डीडीसी कार्यालय में अपना पक्ष रख सकते हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इटवा थाने की पुलिस मौके पर तैनात रही।

## पुलिस के प्रयास से पांच बिछड़े दिल मिले



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 05 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ, परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम अपने परिवार के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता देवतादीन दूबे, वंदना मिश्रा, महिला थाना प्र0नि0 विनीता चतुर्वेदी व महिला कां0 ज्योती का सराहनीय योगदान रहा। जाहिदा खातून बनाम नूर अली निवासी थाना पचपेड़वा बलरामपुर, सुमन देवी बनाम अनिल कुमार निवासी थाना को0 देहात बलरामपुर, वाहिदा खातून बनाम कमाल अहमद निवासी थाना पचपेड़वा जाहिदा बनाम इमाम निवासी थाना को0 देहात, शरीफ बनाम रोशनी बेगम निवासी थाना को0 नगर एक साथ रहने को राजी हो गए

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर- पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को ककरही-टडिया बाजार मार्ग से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। जोगिया उदयपुर थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को यह गिरफ्तारी की। आरोपी की पहचान रामकरन के रूप में हुई है। वह साधुसरन का पुत्र है और अजमागढ़, थाना जोगिया उदयपुर का रहने वाला है। उस पर पोक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा उसके खिलाफ बीएनएस एक्ट की धारा 137(2)/65(1) के तहत भी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक संत प्रसाद यादव के साथ आरक्षी गामा यादव और फिरोज अंसारी शामिल थे। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना जोगिया उदयपुर में मुकदमा दर्ज है। यह मामला बीएनएस एक्ट की धारा 137(2) से जुड़ा है।

# पत्रकारिता दिवस पर गूंजीं ओज और श्रद्धा की रचनाएं




हरिहरपुररानी (श्रावस्ती)। भिनगा नगर स्थित सेंट विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की श्रावस्ती इकाई द्वारा एक साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहराइच के वरिष्ठ कवि गुलाब चंद्र जायसवाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा– ह्लसेना के शौर्य पराक्रम पर जिनको विश्वास न आता है, देश विरोधी गैंग है यह बच्चा-बच्चा दोहराता है। वरिष्ठ साहित्यकार गया प्रसाद मिश्र मधुकर ने पत्रकारिता पर आधारित रचना में कहा– राष्ट्र औ समाज के विकार को मिटाने वाली, सबके विचारों की विचार पत्रकारिता।

अविवेक में है यह लेके दूर जाने वाली,

और है विवेक में आचार पत्रकारिता।

कवि प्रीतम श्रावस्तवी ने मातृवंदना पर मार्मिक रचना सुनाई– इस जीवन तक मरने के भी बाद मिले,

ममता की यह छाँव सदा आबाद मिले। कुछ मिले तो भी चल जाएगा लेकिन, ऐ माँ मुझको तेरा आशीर्वाद मिले।

आर.के. पांडेय राही ने नशा मुक्ति पर प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की– हम रोज-रोज कहते नशा छोड़ दीजिए,

जो नशा कर रहे हों उन्हें मोड़ लीजिए। इसका न तुमपे कोई असर पड़ रहा है जी, जो नहीं मानते हों रिश्ता तोड़ लीजिए।

महेश मानव ने मजदूरों की व्यथा को कविता के माध्यम से व्यक्त किया– जिसने स्वेद बहाया अपना, ईंट चढ़ाया गारा ढोया, भूखा रहा स्वयं, वही जिसने माटी में पोषण बोया।

श्रवण कुमार सायकने अवधी गीतों से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में राम करन मौर्य, शिव कुमार विश्वकर्मा, शिव सहाय मिश्र, संजय श्रीवास्तव, अजय मिश्र रस, अकरम खां, सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और जमकर तालियां बटोरीं।

विद्यालय के संस्थापक सुरेश चंद्र मिश्र ने सभी आमंत्रित कवियों व पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मंडलीय प्रचार मंत्री पशुपति नाथ मिश्र, मंडलीय उपाध्यक्ष मंगलदेव शुक्ल, कार्य कार्यकारणी सदस्य एस.पी. सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह यादव, दिनेश कुमार पाठक समेत अनेक पत्रकार साथी एवं श्रोता मौजूद रहे।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी पकड़ा गया

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट के एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। थाना गोल्हौरा पुलिस ने इस कार्रवाई को रविवार को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा शुबेंदु सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नसीम अहमद के रूप में हुई है। वह सीवली हसन का पुत्र है और कुशीनगर जिले के थाना तुर्कपट्टी क्षेत्र के पिपरारजब का रहने वाला है। उस पर थाना गोल्हौरा में मुकदमा संख्या 13/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट और वाद संख्या 66/2025 दर्ज है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, हेड कांस्टेबल जयसिंह चौरसिया और आरक्षी मोहन गौड़ की टीम शामिल रही।

संक्षेप

## बेटी को परेशान करने से मना करने पर मारपीट

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मानीराम घुरहू टोला निवासी एक युवक गाँव के ही एक लड़की को परेशान कर रहा था। मना करने पर गाली देने लगा, मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। लड़की की माँ मंजू गुप्ता की लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस 191 (2), 115 (2), 352 व 351 (3) के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मंजू देबी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मेरे बगल का रहने वाला गोलू नाम का लड़का मेरी बेटी को परेशान कर रहा था, मना करने पर बेटी को गालियां बक रहा था, मेरे द्वारा इसका बिरोध करने पर गोलू की माँ कुसुम उसकी बहने रागिनी, संध्या, खुशबू एवं बेटा चमन जुट कर मारने लगे। उसी समय मेरा भांजा दीपक गुप्ता कही से आ गया जिस पर कुसुमावती देबी राड से उसके शर पर मार कर घायल कर जान से मारने की धमकी देने लगी साथ ही मेरे तीन वर्षिय इकलौते बेटे को जान से मारने के लिये ढूटने लगी पुलिस अंजू गुप्ता की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है।

## रास्ते के विवाद में आमने सामने हुआ दोनों पक्ष की मारपीट

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा गौरा खास में रास्ते के बिवाद को लेकर आमने सामने होकर गाली गुप्ता से शुरू हुआ बिवाद मारपीट तक पहुच गया पिडित रामबरन वगैरह की लिखित तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 333, 115 (2), 352 व 125 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है। गौरा खास निवासी रामबरन बगैरह ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि गाँव में ही मेरी कुछ जमीन है, जिस पर जाने के लिये गाँव के ही गिरीशचन्द्र, रामपलट, मुनक्का देबी, मीना हमेशा रोकने का प्रयास करते है एवं बाद बिवाद करते है जब कि कुछ दिन पुर्व पुलिस एवं राजस्व की टीम मेरी जमीन नाप कर उसका सीमांकन कर दिया गया था जिस रास्ते से हम लोग हमेशा आते जाते रहते हैं उक्त लोग उसको बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है।

## जर्जर विद्युत पोल से कभी भी हो सकती है भारी दुर्घटना

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित खड़ा जर्जर विद्युत पोल से कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन जिम्मेदार इसकी सुधि नहीं ले रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा जर्जर विद्युत पोल तथा तारों को बदलने के लिए काफी धन खर्च किया जा रहा है। बताते चलें कि चौरीचौरा बस स्टेशन से रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे एक जर्जर विद्युत पोल खड़ा है।जो चारों तरफ से फैले विद्युत तारों के सहारे खड़ा है।पोल का निचला हिस्सा पूरी तरह लगभग टूट चुका है। मुहल्ले वासियों का कहना है कि यह पोल काफी दिनों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है।जब भी आंधी तुफान आता है लोगों को दुर्घटना का भय सताने लगता है। लोगों का कहना है कि इस जर्जर विद्युत पोल के संबंध में स्थानीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।आज भी वह पोल उसी जर्जर हालत में पड़ा हुआ है।

# अच्छी सड़कें क्षेत्र के विकास की पहचान : विपिन सिंह

- 18 करोड़ 47 लाख 63 हजार की लागत से बनेगी सड़क
- ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने किया सड़क का शिलान्यास
- गहिरा में 1847.63 लाख से बनेगी 8.90 किमी सड़क




चौरीचौरा, गोरखपुर। गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गोरखपुर देवरिया फोरलेन से गहिरा लक्ष्मीपुर होते हुए झंगहा मोतीराम मार्ग को जोड़ने वाले लिंक मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधि-विधान से पूजन अर्चनि कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। यह सड़क बन जाने से दर्जनों गांवों को बड़ा लाभ होगा। और कौड़ीराम क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए झंगहा मोतीराम मार्ग के अलावा एक नया लिंक मार्ग गोरखपुर देवरिया हाईवे को जोड़ने के लिए मिल जाएगी। इस लिंक मार्ग की चौड़ाई 5.50 मीटर लंबाई में 8.90 किमी की सड़क जिसकी लागत 18 करोड़ 47 लाख 63 हजार में इसका निर्माण किया जाना है।क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विपिन सिंह ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में यातायात और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जनता को राहत मिलेगी। उक्त अवसर पर रामकेवल पासवान, मुन्नीलाल चौहान डॉक्टर दिनेश यदुवंशी, प्रहलाद सिंह, रमेश राय, सुभाष पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सरयू नदी मे नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

जिला संवाददाता (vol)

**गोला, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के बारानगर गांव स्थित सरयू नदी तट पर नहाने के लिए छलांग लगाने वाला युवक नदी में लापता हो गया। जिसकी तलाश पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से की जा रही है। वहीं युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया गया था। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम पंहुची नहीं थी। रविवार को ग्राम बनवारपार निवासी रमेश (20) पुत्र जोखई गुप्ता बारानगर सरयू नदी में अपने मित्रों के साथ स्नान करने गया था। नहाने के लिए युवक ने नदी में छलांग लगाया लेकिन फिर उपर नहीं आ सका। आस-पास मौजूद लोग युवक के वापस नहीं आने पर शोर मचाने लगें। वहां मौजूद लोगों के द्वारा पहले युवक को तलाश करने की कोशिश की गयी लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पंहुची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश मे जुट गयी। तकरीबन तीन घंटे तलाश के बाद शव नहीं मिलने पर प्रशासन के द्वारा एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाई गयी है। दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा रमेश घर पर अपनी माँ के साथ रहता था। बहनों की शादी हो गयी है तथा भाई सुरेश व पिता जोखई पंजाब में रहकर रोजगार करते हैं। पिता अभी 15 दिन पहले ही पंजाब गया था। पुत्र के डूबने की सूचना पर घटनास्थल पर पंहुची माँ का रो रो कर बुरा हाल हो गया। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पंहुच नहीं पाई थी। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक जिस स्थान पर युवक ने छलांग लगाई थी वहां अत्यधिक गहराई है।

डूबने के कई घटनाओं के बाद भी प्रशासन ने नहीं लगाया है खतरे का बोर्ड...

बारानगर नदी घाट पर पहले भी कई डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक नदी मे जिस जगह पर युवक स्नान करने के लिए कूदा था वह अत्यधिक गहरा है। वहां पहले भी डूबने की घटना हो चुकी है। फिर भी प्रशासन के द्वारा अत्यधिक गहराई वाले क्षेत्र का बोर्ड आज तक वहां नहीं लगाया है।

# डॉक्टर्स एकादश ने मीडिया एकादश को हराया

गोरखपुर। तेज शुरूआत के बाद भी मध्य और निचले क्रम के लड़खड़ा जाने से मीडिया एकादश की टीम मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में डॉक्टर्स एकादश की टीम से पराजित हो गई। डॉक्टर्स एकादश की जीत के हीरो रहे डॉ. आशीष गोयल, जिन्होंने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए मीडिया एकादश के चार बल्लेबाजों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। सेंट एंड्रयूज कॉलेज मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर्स एकादश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज डॉ. अभिषेक यादव ने 26 गेंद पर 50 रन और विष्णु दत्त मिश्रा ने 35 गेंद पर 42 रन बनाए। डॉ. त्रिलोक रंजन ने भी शानदार खेल दिखाते हुए 29 गेंद पर 32 रन बनाए। डॉ अमित यादव ने 26, कप्तान डॉ. मुदित गुप्ता ने 2 और संतोष ने 7 रन बनाए। डॉक्टर्स एकादश की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे सांसद कमलेश पासवान बिना खाता खोले पैवेलियन लौट गए। मीडिया की टीम की तरफ से संजय पांडेय ने दो और कप्तान दिलीप सिंह व राकेश सिंह ने एक-एक विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया की टीम ने तेज शुरूआत करते हुए चार ओवर में 44 रन बना लिए थे लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक सिंह (19 गेंद पर 29 रन) के आउट होने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 113 रन पर आउट हो गई। हालांकि इस दौरान दूसरे सलामी बल्लेबाज सतीश पांडेय एक छोर पर बारहवें ओवर तक डटे रहे। उन्होंने कुल 28 रन बनाए। मीडिया टीम के वंश ने 15, राजीव पांडेय ने 8, अजय शर्मा ने 6, दिलीप सिंह ने 3, अभिनव चतुर्वेदी ने 3 और गजेंद्र त्रिपाठी ने एक रन बनाए। विनय सिंह, प्रेम पराया और राकेश सिंह कोई भी रन नहीं बना सके। डॉक्टर्स एकादश की तरफ से डॉ. आशीष गोयल ने 4, डॉ. अमित ने 2 और डॉ. त्रिलोक रंजन तथा डॉ. फैजान ने एक एक विकेट लिए।

# प्रेस क्लब में लगा मेदांता का हेल्थ चेकअप कैम्प

## पत्रकारों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच



गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में रविवार को मेदांता अस्पताल लखनऊ के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर डॉक्टरों ने जरूरी परामर्श दिए। इस शिविर में वजन, पल्स, ब्लड प्रेशर, शुगर की सामान्य जांच के साथ ही ईसीजी और बीएमडी जैसी महत्वपूर्ण जांच की भी मुफ्त सुविधा मिली। मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने मेदांता अस्पताल लखनऊ से आई टीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह हेल्थ चेकअप कैम्प प्रेस क्लब कार्यकारिणी की पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यकारिणी आगे भी ऐसे आयोजन करती रहेगी। साथ ही प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के साथ संवाद कर जरूरतमंद पत्रकारों और उनके परिजनों को रियायती दर पर इलाज की व्यवस्था कराने का भी प्रयास किया जाएगा। इसे लेकर मेदांता अस्पताल के साथ काफी सकारात्मक वार्ता हो रही है और जल्द ही इलाज में रियायत देने पर महत्वपूर्ण निर्णय हो जाएगा। इस अवसर पर मेदांता अस्पताल लखनऊ के डीएम गैस्ट्रो डॉ. आलोक सिंह और फिजिशियन डॉ. अनिल कुमार ने पत्रकारों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की। ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, बीएमडी, ईसीजी की जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने जरूरी होने पर दवाएं लिखीं और दिनचर्या, भोजनचर्या आदि को लेकर आवश्यक परामर्श दिए। मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम में मैनेजर अमित वर्मा, स्टाफ नर्स संध्या कुमारी, दिशा पाल, पैरामेडिक स्टाफ ज्योतिर्मय राय और मनीष शामिल रहे। आज के हेल्थ चेकअप कैम्प को लेकर यहां आए पत्रकारों ने मुक्तकंठ सराहना की।

गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में भूपेंद्र द्विवेदी, पंकज कुमार श्रीवास्तव, अंगद कुमार प्रजापति, प्रिन्स कुमार पांडेय, विनय सिंह, राजीव कुमार पांडेय, विवेक कुमार की सक्रिय सहभागिता रही।

# गीडा क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन जारी



गीडा, गोरखपुर। गीडा क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन जोरो पर चल रहा हैं, सूचना के बाद भी स्थानीय पुलिस कार्यवाही के बजाए खनन विभाग का हवाला देते नजर आ रहे हैं। वही तहसील के जिम्मेदार अवैध मिट्टी खनन पर कार्यवाही करने के लिए स्थानीय पुलिस को मौखिक आदेश दे रहे लेकिन पुलिस अपना पल्ला झाड़ चलते बन रही हैं। गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर, कुरमौल, नगवा, देईपार, माही आदि गांवों में अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा हैं। सूत्रों के अनुसार मिट्टी खनन की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जाती है लेकिन खनन विभाग का हवाला देते हुए कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसके कारण क्षेत्र में दिनदहाड़े अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा हैं।बता दे कि आधौगिक विकास प्राधिकरण गीडा में करीब 100 गांव है, जिसमे मिट्टी निकालने की अनुमति किसी को नहीं है। पुलिस के ढीले रवैए कारण क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन जारी है।

*इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर गीडा पुलिस को मौके पर भेजकर कार्यवाही कराया जाएगा।*

*वही क्षेत्राधिकारी गीडा रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि स्थानीय पुलिस को मौके पर जाकर मिट्टी खनन कर रहे लोगों से उनकी पेपर की जांच अवश्य करें। गलत तरीके से मिट्टी खनन कर रहे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।*

# बकरीद को लेकर गीडा थाने में पीस कमेटी के बैठक



पिपरौली, गोरखपुर। गीडा थाना मुख्यालय पर सी ओ गीडा रत्नेश्वर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे सी ओ गीडा रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि आने वाले पर्व ईद- उल-अजहा (बकरीद) पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था स्थापित रहे। शांति व भाई चारे के साथ पर्व मनाएं जाएं।किसी भी किस्म कि अराजकता पुलिस सहन नहीं करेगी।24 घंटे सदैव पुलिस तत्पर रहेगी।इसके साथ उन्होंने मुस्लिम धर्म के धर्मावलंबियों से बात करके उनके समस्याओं से भी अवगत हुए।इस अवसर पर चौकी इंचार्ज पिपरौली संतोष सिंह, एस एस आई अभिनव मित्र, ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, मौलाना अब्दुल कयूम, अज्जू, अजीज अहमद, अब्दुल गनी, अवधेश यादव, मोनू कन्नौजिया, उदय चंद चौहान सहित दर्जनों कि संख्या में विभिन्न धर्मों के लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



गोरखपुर। जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को अपर निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उ०प्र० असलम अंसारी की अध्यक्षता में जिले के नगर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर निदेशक ने स्थानीय निकाय द्वारा वर्षा के मौसम के दृष्टिगत नगर पंचायतों में नाला/नाली की समुचित सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिशासी अधिकारीगण को निर्देशित किया। अपर निदेशक द्वारा गौशाला निर्माण के सम्बन्ध में यह निर्देश दिया गया कि जिन नगर पंचायतों में गौशाला निर्माण हेतु गैर विवादित भूमि उपलब्ध हो गयी हो, उसके सम्बन्ध में धनराशि प्राप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें। नपं गोला बाजार व उरूवां बाजार के अधिशासी अधिकारी ने तहसील प्रशासन से पत्राचार के बावजूद अभी तक कोई भूमि उपलब्ध नही कराया जा सका है। जिस कारण गौशाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। अपर निदेशक ने नपं उरूवा बाजार में लगभग 16 करोड़ रुपए की धनराशि अप्रयुक्त रूप में पड़े होने को लेकर अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह शासन से विभिन्न मदों/योजनाओं में प्राप्त धनराशि का उपयोग करने हेतु तत्काल नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नपं कार्यालय उरूवा बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन का हस्तान्तरण अभी तक नही होने पर तत्काल पूर्व अधिशासी अधिकारी के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही करके नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय का उपयोग सुनिश्चित करें।

# वीरांगनाओं का सम्मान सबकी नैतिक जिम्मेदारी : चेयरमैन




भरथना, इटावा। अपने व्यक्तित्व कौशल से मराठा साम्राज्य को सुदृढ बनाने वाली मालवा की सुप्रसिद्ध महारानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने सदैव ही समाज में नई ऊर्जा का संचार कर अलग दिशा दिखाई हैं। राष्ट्र के प्रति समर्पित ऐसे महान योद्धाओं व वीरांगनाओं का सम्मान व स्मरण समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी हैं।

उक्त बात शनिवार की देर शाम कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर स्थित माँ अम्बे पब्लिक स्कूल में आयोजित जयन्ती कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू ने कही। स्वामी विवेकानन्द विचार मंच के तत्वाधान में अहिल्याबाई होल्कर का 300वीं जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष श्री यादव ने विशिष्ट अतिथि एड. रामपाल सिंह राठौर, राजेन्द्र चैधरी, अध्यक्षता कर रही सुधा पाण्डेय, संयोजक वीरेन्द्र सिंह चैहान, एड. हाकिम सिंह यादव आदि के साथ पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण व बैज अलंकरण कर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अतिथियों सहित अन्य वक्ताओं करूणाशंकर दुबे, विष्णु सिंह भदौरिया, अनीता जाटव, रामप्रकाश पाल आदि ने भी उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को परिचित करवाया। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र दीक्षित पप्पू, असिल पाल, सुशील चैधरी, अनिल श्रीवास्तव, अंकुर पुरवार, मंगल सिंह भदौरिया, देवाशीष चैहान, गिरधारीलाल बरयानी, रघुराज सिंह कुशवाह, दरविन्दर सिंह, राजू दीक्षित सहित नगर के करीब एक सैकडा से अधिक प्रबुद्धजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न, सख्त निर्देश



जसवंतनगर, इटावा। बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना सभागार में सीओ आयुषी सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। सीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि बकरीद पर सार्वजनिक स्थलों या सड़कों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। सभी नमाज मस्जिदों या निर्धारित स्थलों के भीतर ही पढ़ी जाएगी। इसके अतिरिक्त कुर्बानी खुले स्थान पर करने की अनुमति नहीं होगी। कुर्बानी पूरी तरह से घर या निजी स्थानों के अंदर की जाएगी और उसका अवशेष उचित ढंग से नगर पालिका द्वारा निर्धारित गड्ढों में डंप किया जाएगा। सीओ आयुषी सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह को फैलने से रोका जाए और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने या उन पर प्रतिक्रिया देने से बचा जाए। यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निरीक्षक रामसहाय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा, कस्बा इंचार्ज मनीष सिंह सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं पीस कमेटी के सदस्यों में मोहम्मद फारूक, मोहम्मद इरफान, राशि सिद्दीकी, मोहम्मद सलमान, पवन दुबे, दिलीप कुमार, जीतेंद्र सिंह, मोहम्मद जुबैर, जावेद आदि उपस्थित रहे। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी अफवाह या उकसावे से दूर रहने की अपील की है।

## ट्रक की चपेट में आई बाइक, दंपति बाल-बाल बचे

जसवंतनगर, इटावा। कचैरा रोड स्थित नहर पुल के पास रविवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार दंपति अवनीश कुमार एवं उनकी पत्नी को चोटें आईं हैं। गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई वहीं पर एक कहावत चरितार्थ हो रहा है। अवनीश कुमार पुत्र सहवीर यादव निवासी करील गढ़ की मढ़ैयां सिकंदरपुर पछायगांव इटावा अपनी पत्नी के साथ बाइक द्वारा दवा लेकर नगर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे कचैरा रोड पर स्थित भोगनीपुर गंग नहर पुल के पास पहुंचे, तभी राजस्थान नंबर का एक ट्रक तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए आया और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुरी तरह कुचली बाइक टक्कर के बाद दंपति सड़क पर उछलकर गिर गए, जबकि बाइक ट्रक के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल खंड के बलरई-भदान रेल्वे स्टेशन के मध्य डाउन लाइन के मध्य एक अज्ञात शव पड़ा होने की कंट्रोल रूम की सूचना पर शिकोहाबाद रेल्वे स्टेशन से आरपीएफ स्टाफ बलरई थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सरोज उपनिरीक्षक भगवान सिंह और उपनिरीक्षक शेर सिंह मय हमराह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो जेब से क्षतिग्रस्त मोबाइल मिला जिसमें डायल नंबरों से कॉल करने पर परिजनों से बात हुई तो मिले अज्ञात डेड शव की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला कलियागंज थाना उत्तर दिनाजपुर के गाँव चांदगांव माधवपुर के रहने वाले 20 वर्षीय मुजारस्लाम पुत्र जलालुद्दीन के रूप में हुई। उपनिरीक्षक शेर सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है वहीं निरीक्षक दिवाकर सरोज ने बताया है कि मृत युवक किसी ट्रेन से यात्रा करने के दौरान शायद दरवाजे के पास खड़ा हो या वेठा हो तो झपकी आने के दौरान गिरने से मौत हो गई हो।

## आठ मोबाइल सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार



इटावा। मोबाइल चोरी करने वाले 2 शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। उनके कब्जे से चोरी के 8 मोबाइल बरामद हुए। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना पुलिस ने की कार्यवाही। 31 मई को वादी जयदीप गुप्ता पुत्र कृष्णदास गुप्ता निवासी लखना थाना बकेवर द्वारा 25 मई की रात्रि को पीजीआई सैफई से उसका मोबाइल फोन चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना सैफई पर तहरीर दी गयी जिसके संबंध मे थाना सैफई पर मामला दर्ज किया गया तथा वादी अमित कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी गंगापुर थाना कुरावली मैनपुरी का 29 मई की रात्रि को मोबाइल पीजीआई सैफई से चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मामला दर्ज किया गया। रविवार की रात को आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक मे हनुमान मन्दिर तहसील के सामने किसान बाजार घंटाघर जाने वाले कट पर खड़े है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा 2 व्यक्तियों को किसान बाजार घंटाघर जाने वाले कट के पास से पकड लिया। पुलिस टीम में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई, उ.नि. ललित कुमार आदि रहे। पकडे गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्तगण आशीष कश्यप पुत्र कैलाश चन्द्र एवं सुरजीत पुत्र सन्तोष कुमार के कब्जे से 8 मोबाइल फोन बरामद किया गये। जिनके संबंध मे पुलिस टीम द्वारा प्रपत्र मांगे जाने पर दिखाने मे असमर्थ रहे। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त सुरजीत उपरोक्त ने बताया कि वह पीजीआई सैफई मे ठेकेदारी मे सफाई कर्मचारी का कार्य करता है तथा वह और उसका साथी आशीष उपरोक्त मिलकर पीजीआई सैफई से रात के समय सो रहे लोगो के मोबाइल चोरी कर लेते है तथा कम दामों मे बेचकर धनलाभ अर्जित करते है। पकड़े गए अभियुक्तों में आशीष कश्यप पुत्र कैलाश चन्द्र निवासी ग्राम अहलादपुर थाना करहल मैनपुरी, सुरजीत पुत्र सन्तोष कुमार निवासी ग्राम गींजा थाना सैफई इटावा बताया।

## डीएम ने मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक की



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा कार्यों की समीक्षा, जीरो पावर्टी अभियान, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गौशला, आयुष्मान भारत योजना, वृक्षारोपण कार्य, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, फैमिली आईडी, निपुण अभियान, पीएम सूर्य घर योजना, लखपति दीदी योजना, सांसद निधि सम्बंधी कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत संबंधित को कार्डों की संख्या बढ़ाई जाने हेतु निर्देश दिए। वृक्षारोपण को लेकर उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी द्वारा पूछा गया कि वन विभाग से कितने पौधे उपलब्ध कराए जाएं इसको सा समय अवगत कराया जाए। उन्होंने फैमिली आईडी को लेकर आंगनबाड़ी एवं सुपरवाइजर तथा डूडा की महिलाओं को लगाकर फैमिली आईडी की बढ़ोतरी हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समर कैंप विधिवत चलाया जाए एवं पुस्तकों का वितरण ससमय किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए की बच्चों के अभिभावक के खाते में धनराशि समय से पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों को गिराया जाए एवं नीलामी की जाए जिससे बरसात के समय गिरने से बच्चों को चोट ना लगे। उन्होंने कस्तूरबा गांधी स्कूल में साफ सफाई एवं खाने की व्यवस्था तथा बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया।

# चेहरा पहचान ई- केवाईसी बनी पुष्टाहार वितरण में बाधा




जिला संवाददाता(vol)

- बरसात के मौसम में खराब हो सकता है आंगनवाड़ी पर आने वाला पुष्टाहार

शाहजहांपुर ।जनपद में गर्भवती महिलाओं कम उम्र के बच्चों, और कुपोषित बच्चों को मिलने वाले पुष्टाहार में पोषण ई -केवाईसी चेहरा पहचान बाधा बन गई है जिसके चलते जहां एक तरफ आंगनबाड़ी परेशान है वहीं दूसरी तरफ आधार कार्ड में लगे पुराने फोटो से वर्तमान के फोटो का मिलान ना हो पाने के कारण पुष्टाहार वितरण में बाधा उत्पन्न हो गई है फिलहाल जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार रस्तोगी ने सभी आंगनबाड़ी को जल्द से जल्द ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए हैं लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है आंगनबाड़ी के बार-बार कहने के बावजूद लाभार्थी फोटो चेंज कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं उदाहरण के तौर पर किसी की 7 साल पहले शादी हुई है और शादी से पूर्व उसका आधार कार्ड बना था जिससे शादी के बाद अब फोटो मैच नहीं कर रहा है तो फोटो मिलान ई-केवाईसी होना असंभव है और ऐसी स्थिति में पुष्टाहार देने का अभी तक कोई प्रावधान नहीं किया गया है अगर यही स्थिति बनी रही तो बरसात के मौसम में वितरण के लिए आने वाला पुष्टाहार खराब भी हो सकता है जिसमें दाल दलिया जैसी सामग्री शामिल होती हैं।




## फिंगरप्रिंट के लिए पहले से ही लग रही लाइनें अब पुष्टाहार के लिए फोटो चेंज कराना अनिवार्य

राशन कार्ड केवाईसी के लिए पहले से ही आधार कार्ड संशोधन सेंटरों पर लंबी -लंबी लाइनें लग रही हैं अभी तक जिन बच्चों के फिंगरप्रिंट नहीं आते थे उन्हें आधार कार्ड नंबर के आधार पर राशन मिल रहा था लेकिन जब केवाईसी होना शुरू हुई तो 6 वर्ष तक के बच्चों के फिंगरप्रिंट फोटो अपडेट कराना अनिवार्य हो गया जिसके लिए आधार कार्ड सेंटर पर लंबी-लंबी लाइनें लगने लगी हैं।तमाम यूनिट भी काट दिए गए इस केवाईसी के नाम पर आधार कार्ड सेंटरों द्वारा अवैध वसूली की भी खबरें सामने आई ।अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार लेने के लिए भी जिनके फोटो आधार कार्ड से मिलान नहीं कर रहे हैं उन्हें फोटो चेंज कराने के लिए लाइन में लगना पड़ेगा जो अनिवार्य हो गया है जब तक फोटो चेंज नहीं होगा तब तक पुष्टाहार नहीं मिलेगा इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द केवाईसी का कार्य पूरा करें और समय से पुष्टाहार वितरण सुनिश्चित करें । उन्होंने बताया कि जनपद में अभी तक लगभग 16 परसेंट ई-केवाईसी का काम पूरा कर लिया गया है जिनके फोटो आधार कार्ड से मिलान नहीं हो रहे हैं उन्हें आधार कार्ड में फोटो चेंज कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

संक्षेप

## पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक महिला ने पति, सास, ससुर समेत पांच लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग व मारपीट का आरोप लगाते हुये दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला अर्जुननगर कालोनी निवासी नूरी पुत्री इनशाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह 23 मार्च 2021 को शाहजहांपुर जिले के मोहल्ला सैनिक कालोनी निवासी मुकीम पुत्र सददीक के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। उसके पिता ने हैंसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। लेकिन ससुरालीजन पति मुकीम अहमद, ससुर सदीक अहमद, सास नाजिमा, देवर मुनीर व मुजीब अहमद दिये गये दान दहेज से खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग करने लगे।विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर प्रताडित करने लगे। महिला का कहना है कि वह गर्भवती थी उसके बाद भी 28 जनवरी को दहेज की मांग को लेकर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये घर से कपडे जेबर आदि लेकर घर से निकाल दिया।

## मारपीट के मामले में पांच नामजद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक व्यक्ति ने पांच लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी आशुतोष भदौरिया पुत्र तेजपाल भदौरिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 29 मई को दोपहर में मोहल्ले के निवासी उपेन्द्र सिंह चैहान, धीरेन्द्र सिंह चैहान पुत्र वीरपाल, सत्यम सिंह चैहान पुत्र उपेन्द्र सिंह चैहान, कांती सिंह पत्नी उपेन्द्र सिंह, व आकांक्षा उर्फ माही सिंह ने एक राय होकर उसके साथ व मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सौरभ दीक्षित पुत्र रावेन्द्र दीक्षित के साथ गाली गलौज करते हुये लाठी डन्डो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इससे पूर्व उपेन्द्र सिंह ने भी घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## ऑल इंडिया मजलिस का आयोजन

खीरी टाउन। ऑल इंडिया मजलिसै एतिहादुल मुसलमीन संगठन ने युवा नेता अशहद हुसैन फारुकी को खीरी टाउन का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।2027 के चुनाव को लेकर लगातार पार्टी के संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रही है।इसी कड़ी में आज ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ने लगभग 60000 की आबादी वाले मुस्लिम बाहुल्य कस्बा खीरी में युवा नेता अशहद हुसैन फारूकी को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का नगर उपाध्यक्ष बना कर नई धार पैदा करने का प्रयास कर रही है ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष नसीम अहमद, शाकिर अली, मोहम्मद सईद गौरी,वह पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे, नियुक्ति पत्र दिया गया। नगर उपाध्यक्ष बनने के बाद कस्बा खीरी पहुंचे नवनियुक्त अशरहद हुसैन फारुकी के नगर उपाध्यक्ष बनने पर का कस्बे में जोशो खरोश के साथ स्वागत किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताते हुए संगठन की जिम्मेदारी दी है उसे वह बखूबी निभाते हुए बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार कर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत किया।

## महिला ने पहले झुमकी छीनने का लगाया आरोप फिर खो जाना बताया

मोहम्मदी खीरी।कस्बा में गोला रोड स्थित एक होटल के पास सरेराह सड़क पर जा रही महिला की झुमकी दो बाइक सवार ने झपट्टा मारकर छीन कर भाग निकले जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया घटना से पुलिस में सनसनी फैल गई आनंन फानन में महिला से संपर्क करने पर उसने अपने लगाए गए आरोप का खंडन करते हुए झुमकी गिर जाने की बात कह दी है। रविवार को दोपहर 1 बजे करीब कस्बा में गोला रोड स्थित एक होटल के पास भीड़भाड़ क्षेत्र में अचानक एक बाइक पर सवार दो युवक आए और महिला से झपट्टा मारकर उसके कानों में पहनी हुई झुमकी छीन कर भाग निकले महिला द्वारा चीख पुकार मचाने पर दुकानदार बचाने दौड़े तब तक आरोपी भाग निकले मौके पर मौजूद तमाम लोगों ने पीड़िता का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे पुलिस के हाथ पैर फूल गए आनंन फानन में पुलिस ने महिला से संपर्क करते ही पीड़िता अपने द्वारा लगाए गए आरोपों से मुकर गई और उसने झुमकी गिर जाने की बात कह दी है।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) अलीगंज मालपुर रोड पर ग्राम रसूल पनाह के पास ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना निवासी मुबारक खां बाइक से पत्नी सहित तीन लोग रिश्तेदारी तेंदुआ गांव जा रहे थे।जैसे ही वह ग्राम रसूल पनाह के पास पहुंचे ,उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई।टक्कर लगते ही 52 वर्षीय मेराज बानो ट्राली के नीचे जा गिरी।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया।पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। अलीगंज चैकी प्रभारी दिनेश कुमार पाठक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बांछेपारा गो आश्रय स्थल में अव्यवस्थाएं सीडीओ ने की कार्रवाई

लखीमपुर खीरी।ब्लॉक बेहजम के अंतर्गत गो आश्रय स्थल बांछेपारा में व्याप्त अव्यवस्थाओं से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का सीडीओ अभिषेक कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सचान के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया।जांच टीम द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण में गो आश्रय स्थल पर कई अनियमितताएँ पाई गईं। आश्रय स्थल की दुर्दशा पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की अनदेखी करार दिया। जवाबदेही तय करते हुए सीडीओ ने त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल राजवंशी को निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान जानकी प्रसाद यादव को नोटिस जारी किया गया है।इसके अतिरिक्त बीडीओ बेहजम एवं पशु चिकित्सा अधिकारी बेहजम डॉ अनुरुद्ध सिंह से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है, ताकि लापरवाही की स्पष्ट जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि गोवंश की सेवा, विशेष रूप से निराश्रित गोवंश की देखभाल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों की स्थिति की पुनः समीक्षा की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम शीघ्र उठाए जाएं।

## दो सीओ के कार्य क्षेत्र में बदलाव

लखीमपुर खीरी।दो सीओ के कार्य क्षेत्र में किया गया बदलाव।शनिवार को सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह धौरहरा सर्किल के नये सीओ बनाए गए ।गैर जनपद से आए नवागत सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार मितौली सर्किल का नया सीओ बनाया गया है।सीओ धौरहरा पीपी सिंह का गैर जनपद मथुरा स्थानांतरण कर दिया गया।

## फायरिंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। सवारी बैठाने को लेकर हुई फायरिंग के मामले में थाना कोतवाली सदर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध तमंचा बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया।कोतवाल सदर हेमंत कुमार राय ने बताया कि आये 03 अभियुक्तगणो को सैधरी मोड़ के पास आम के बाग से 02 नाजायज तमंचा 315 बोर व नाजायज कारतूस (01 जिन्दा, 01 मिस व 01 खोखा) 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3/25 व 9/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि करते हुये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।कोतवाल ने बताया कि पीड़ित अनुज मिश्रा व विपक्षीगणो हमीद अंसारी, अनमोल गुप्ता, विशाल शर्मा, गुलाम अंसारी सभी लोग निघासन रोड पर प्राइवेट बस मे सवारी बैठा कर दिल्ली व हरियाणा लेकर जाते है।दिनांक 31.05.2025 को शाम को 5 बजे बसो मे यात्री बैठाने की बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज मारपीट हो गयी।विपक्षीगणो द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से वादी मुकदमा के ऊपर नाजायज तंमचे से फायर कर दिया जिससे अनुज मिश्रा मौके से बाल बाल बचा व पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये जिला अस्पताल भिजवाया गया तथा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगणो के मिलने के सम्भावित स्थानो पर गिरफ्तारी हेतु धर पकड प्रारम्भ की गयी।पुलिस के अनुसार 01 जून 2025 को समय करीब 3 बजे दिन मे फत्तेपुर सैधरी के पास आम के बाग मे से 03 अभियुक्त को मय नाजायज तंमचा व कारतूस के गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम अनमोल गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी निर्मलनगर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी उम्र 22 वर्ष, विशाल शर्मा पुत्र श्रीकान्त शर्मा निवासी बाबूराम सर्राफ नगर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी उम्र 21 वर्ष, हमीद अंसारी पुत्र गुलाम अंसारी निवासी हाथीपुर उत्तरी थाना कोतवाली सदर बताया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अजीत कुमार सिंह चौकी प्रभारी मिश्राना,म0उ0नि0 तृप्ति शाक्या, हे0का0 रामभवन यादव,का0 सुनील कुमार सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रेड क्रॉस कार्यालय का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० विवेक कुमार मिश्रा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय का औचिक निरीक्षण किया गया एवं सोसाइटी द्वारा जनपद में कराए गए कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की साथ ही जिला सचिव डॉ० विजय जौहरी से कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जरूरत पड़ने पर रेड क्रॉस के वॉलेंटियर्स की टीम तैयार करने को कहा ताकि जरूरत पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके एवं बाढ़ की स्थिति आने पर आपदा प्रबंधन में भी सहयोग लिया जा सके।इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के जिला सचिव डॉ० विजय जौहरी, आजीवन सदस्य अवनीश सक्सेना, अग्रज जोहरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन

शाहजहांपुर । माय भारत शाहजहांपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत बादशाहनगर के खेल मैदान में प्रातःकाल में माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम के तहत साईकिल रैली निकालकर फिट इंडिया व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया व इस अवसर पर स्लो साइक्लिंग की प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें कन्हैया ने प्रथम, रामजी ने द्वितीय व कपिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज का कार्यक्रम फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करने व लोगों में ओबेसिटी को कम करने के उद्देश्य से देश में चल रहे संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम का 25वां संस्करण है व आगामी विश्व साइकिल दिवस के दृष्टिगत है जिसे पूरे देश में फिट इंडिया



मिशन व माय भारत द्वारा उत्साहपूर्वक रूप से मनाया जा रहा है, इसी के साथ उन्होंने सभी से साइक्लिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित भी किया और माय भारत पोर्टल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक पंजीकरण हेतु भी सभी को प्रेरित किया। जिला गंगा समिति से नमामि गंगे डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना ने भी युवाओं को प्रेरित करते हुए संतुलित आहार के साथ साथ शारीरिक गतिविधियों को जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बताया व साइक्लिंग हेतु भी सभी को प्रेरित किया। समाजसेवी मुकेश परिहार ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है और साइक्लिंग इसका एक प्रभावी माध्यम है व उन्होंने पारंपरिक खेलो को भी बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर माय भारत स्वयंसेवक आकाश वर्मा, वासुदेव वर्मा पत्रकार, डालचंद्र वर्मा,अनुज शर्मा, गोपी शंकर, दीपक, रोशनलाल, मोहन शर्मा, हरिराम वर्मा, अंशुल शर्मा, गंगेश्वर सहित भारी संख्या में युवा व स्थानिय लोग उपस्थित रहे।

## टूर्नामेंट में बिलाल हैंडलूम, ईदगाह क्लब और भूड़वारा क्लब ने बनायी बढ़त



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल तीन मैच खेले गये। जिसमें बिलाल हैंडलूम, ईदगाह क्लब व भूड़वारा क्लब ने बढत बनाई।

लखीमपुर रोड स्थित श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में खेले जा रहे मैंच में पहला मैच स्टार 11 हफीजपुर और बिलाल हैंडलूम के बीच खेला गया। बिलाल हैंडलूम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सहजवान 36 और अमन 25 की मदद से निर्धारित ओवरों में 108 रनों का लक्ष्य दिया ।लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार 11 हफिजपुर के बल्लेबाज कुछ खास ना कर सके और टीम मात्र 83 रन बना सकी अमन को 25 रन और दो विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच 11 वरियर और ईदगाह क्लब के बीच खेला गया।11 वरियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहताब 30 आलोक 23 की मदद से 96 रन का लक्ष्य रखा।लक्ष्य का पीछा करते हुए ईदगाह क्लब के ओपन बल्लेबाज जैद 48 आदि 43 की मदद से 9 विकेट से जीत हासिल की।जैद को 48 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच भूड़वारा क्लब और पीयूष मेडिकल के बीच खेला गया।भूड़वारा क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सब्बू 34 नदीम 20 की मदद से 92 रन का लक्ष्य दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए पीयूष मेडिकल के बल्लेबाज शिवम 36 विशाल 12 की मदद से कड़ी टक्कर दी।परंतु 5 रन से पराजित हुए नमन को अच्छी गेंदबाजी के प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।मैचों में अम्पायरिंग संतोष मौर्य, अनवर अली, सौरभ शुक्ल व शिवम अवस्थी ने किया।

मैचों में मोहित पुरी, अनुभव गुप्ता, कमेटी मेंबर प्रमोद साहनी, सुभाष राजपूत व अवनीश मिश्र आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।स्टेडियम में क्रिकेट का रोमांस देखने को भारी भीड़ मौजूद थी।

गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बीती शाम तीसरे मुकाबले में भुडवारा के 14 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने अपने कंधों पर कप्तानी का दायित्व लेकर बखूबी निभाया। नोमान ने अपनी टीम को प्रेसर से उस समय उभार दिया। जब विपक्षी टीम को 12 गेंदों में मात्र 11 रन की दरकार थी। नोमान ने 9वां ओवर फेंककर मात्र एक रन दीया और दो विकेट झटक कर विपक्षी टीम के हौसले पस्त कर दिए। विपक्षी टीम 5 रनों से पराजित हो गई। नोमान को विशाल जलोटा ने अमेजिंग प्लेयर,कमेटी ने मन ऑफ दी मैथ और युवा व्यापारी अभिषेक ने नकद पुरुस्कार से सम्मानित कियां

## रक्तदान शिविर का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला एवं तरूणोदय यूथ क्लब द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नहीं मिल पाता है। जिससे काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए रक्तदान के लिए आगे आना होगा। तरुणोदय यूथ क्लब के संचालक संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि हमारी संस्था समय समय पर इस




रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रविन्द्र नाथ वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ लखपतराम वर्मा ने फीता काटकर किया।इसके उपरान्त रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज के डायरेक्ट पटेल सुशील वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है।इससे मरीजों की जान बचाई जा सकती है, इस समय रक्त की इतनी कमी है कि हजारों की संख्या में लोगों को समय से रक्त प्रकार के प्रोजेक्ट करती रहती हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यकम कराएंगे।क्योंकि रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं होता हैं। शिविर में रोटरी क्लब गोला के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत व क्लब के सदस्य आदर्श सोनी, रोटरेक्ट क्लब के पीडीआर रिशु माहेश्वरी, ठाकुर गौरीश सिंह, कलीमुद्दीन, प्रशांत श्रीवास्तव, अनिल जलोटा, आजाद मेहता प्रतीक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सम्राट अशोक ने दुनिया को शांति और अहिंसा की सीख दी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मगरेना में महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने को लेकर मौर्य कुशवाहा शाक्य सैनी संस्थान द्वारा भगवान बुद्ध, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जयंती को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया और विशिष्ट अतिथि रामपाल यादव,सपा नेता क्रांति कुमार सिंह,जुबैर मौजूद रहे हैं।संचालन बिलाल खां किया है।गांव मगरेना में महापुरुषों की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया है।मुख्य अतिथि ने आयोजन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा भगवान बुद्ध को विष्णु के नौ वां अवतार माना जाता है।उन्होंने ज्ञान प्राप्त कर लोगों के जीवन में प्रकाश की किरण जागृत की है।चंद्रगुप्त मौर्य भारत के प्रथम सम्राट थे।जिन्होंने मौर्य समाज की स्थापना की इतिहासकार उन्हे क्षत्रिय मानते हैं।उन्होंने अपना शासन 24 वर्ष तक किया था।वही सम्राट अशोक अपनी धम्म के तहत दुनिया को शांति और अहिंसा की सीख दी है।

# किसानों ने किया एक्सपोजर क्षेत्र का भ्रमण

## गन्ने की पैदावार की दी जानकारी




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के युनिट हेड नीरज बंसल, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया।

युनिट हेड व वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने किसानों को एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण.का उद्देश्य विस्तार से बताया। इस दौरान अजबापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम शाहपुर जागीर व दुल्हापुर में एक्सपोजर भ्रमण.के तहत गोला मिल क्षेत्र से अजबापुर मिल क्षेत्र में प्रगतिशील 60 किसानों ने भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। गोला मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया।गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान रामसरन सिंह के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अजबापुर मिल के महाप्रबन्धक गन्ना एच के त्रिपाठी व अन्य तमाम मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन,सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण,आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी।सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओडी शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा।हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दो गुना करना है।

इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्द अकरम, प्रबन्धक गन्ना संजीव चैधरी, अपर प्रबन्धक गन्ना धीरज मिश्र, प्रगतिशील किसान भेखराम वर्मा, अवधेश कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, गयादीन वर्मा, सुखवंत सिंह, सुरेश वर्मा, भिखारी लाल वर्मा व क्षेत्रीय कामदार मौजूद रहे।

## 16 आरोपियों के खिलाफ की गैंगस्टर की कार्रवाई

मोहम्मदी खीरी।कोतवाली पुलिस ने अमीर नगर क्षेत्र में 5 महीने पूर्व बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने पर पुलिस ने 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।उच्च अधिकारियों के निर्देशन में रविवार को सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक और उपाधीक्षक अरुण सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह,एसआई बाबूराम, हिमांशु आनंद सिंह, संजीत तिवारी समेत 14 आरक्षियों की संयुक्त टीम ने शातिर अपराधी वाहिद, आसिफ, अकरम, बलीउल्ला उर्फ बल्ला, नफीस, अहमद ,रहीमतुल्ला, फुरकान, अहमद, सतीश कुमार, अतीक मियां, दानिश फरहान साहिद, हफीज और गुरफान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत होने पर सभी आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

# शाहजहांपुर पहुंचे सपा के पूर्व एमएलसी का स्वागत

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर ।जनपद लखनऊ से चलकर शाहजहांपुर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व एमएलसी/135 नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रहे सुनील साजन का शाहजहांपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया सबसे पहले सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां अपनी टीम के साथ हरदोई बाईपास पहुंचे जहां सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद महानगर शाहजहांपुर के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सुनील साजन का पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।




कार्यक्रम के दौरान पूर्व एमएलसी सुनील साजन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा प्रदेश में सामंतवादी व्यवस्था लागू करना चाहती है उन्होंने कहा भाजपा को संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बने हुए संविधान व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए से बहुत तकलीफ हो रही है लेकिन सपा लगातार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को आगे बढ़ाकर पीडीए चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश और प्रदेश में भाईचारा और एकता का माहौल बना रही है उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है लड़ाई 80 और 20 की है लेकिन सही मायने में असली लड़ाई 90 और 10 की है और ढऊअ ही इनको अपने अधिकार दिलाने का काम करेगा उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में पीडीए ने ही भाजपा को साफ कर दिया था और अब आने वाले 2027 के विधानसभा के चुनाव में पीडीए भाजपा को साफ कर देगा इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जो कार्यकर्ता अपने बूथ को जीतने का काम करता है उसका ही सबसे ज्यादा सम्मान होता है और वही सबसे बड़ा नेता होता है भाजपा सिर्फ आपसी धर्म बाद आपसी बंटवारे की राजनीति कर रही है सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि हौसले और हिम्मत से इंसान चांद तक पहुंच सकता है तो इस हौसले और हिम्मत के साथ हमारे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व नेता और पदाधिकारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने-अपने बूथों पर लगेंगे तो जनपद शाहजहांपुर की सभी 6 विधानसभाओं की सीट जीत जाएगी और उत्तर प्रदेश में पीडीए व सपा की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे ।इस मौके पर मुख्य रूप से सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा के जिला महासचिव रंजय सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पार्थ यादव,सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव आदि ने विचार व्यक्त किया।

संक्षेप

## स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर उद्घाटन

**ललितपुर।** जनपद के महत्वाकांक्षी विकासखंड मड़ावरा में विकास कार्यों एवं जन सुविधाओं के भौतिक सत्यापन हेतु उत्तर प्रदेश शासन से आये विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग डॉ राजेश कुमार प्रजापति द्वारा आज तीसरे दिन जनपद व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ चिकित्सा इकाइयों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने मड़ावरा के सरस्वती इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षण की व्यवस्था सहित शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता का सत्यापन किया। विशेष सचिव ने ग्राम तिसगना में एफपीओ को देखा और उनके कार्यों की जानकारी ली, साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को जनपद में एफपीओ के माध्यम से किसानों को बेहतर कृषि प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया।,

# पत्नी की अवैध संबंधों के शक में की थी हत्या, मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बरेली।** बरेली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्या के एक आरोपी को 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी आमिर पुत्र जलील अहमद निवासी हजियापुर ने पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते 31 मई को अरशद उर्फ गुड्डू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इलाज के दौरान अरशद की मौत हो गई थी। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को उसे पीलीभीत बाईपास के पास घेराबंदी कर पकड़ा। इस दौरान आमिर ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आमिर गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आमिर के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी और अरशद के बीच अवैध संबंधों का शक था। मानसिक तनाव के चलते उसने हत्या की योजना बनाई। आमिर पहले ट्रक ड्राइवर था और हाल ही में ई-रिक्शा खरीदने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि 31 मई को अरशद की चाकू मारकर हत्या की गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी आमिर को पत्नी के अवैध संबंधों का शक था। वह वारदात के बाद फरार था। रविवार को घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हुआ। उसके पास से तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

# निर्दोष युवक की पिटाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के रामकोला विकास खंड के अंजहीं ग्राम सभा मे कचरा निस्तारण के लिए आरआरसी भवन बनना प्रस्तावित है। बुधवार को भवन निर्माण के मौके पर लेखपाल राजू प्रजापति, ग्राम प्रधान हरेंद्र यादव मय पुलिस बल बिना किसी पूर्व सूचना के मौके पर पहुंच गये और धर्मपाल चौरसीया पुत्र राजेंद्र से अपना क्ब्जा खाली करने को कहने लगे। जब धर्मपाल ने कारण पूछा और कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के आप हमे बेदखल नही कर सकते। इतनी बात पर दरोगा जी भड़क गये और धरमपाल के गिरेबान पकड़ कर मारने पीटने लगे और धक्का देकर गाड़ी मे बैठा लिया। इतना ही नहीं दरोगा जी थाने ले जाकर चालान कर दिये।

● मंदिर के पास नहीं बनेगा कचरा निस्तारण केंद्रः ग्रामीण

इस पुलिसीया कार्यवाही पर ग्रामीणों मे आक्रोश भड़क गया और रविवार के सुबह ग्रामीण मौके पर इकठ्ठे हो गये और जिला पंचायत सदस्य प्रति बलराम राव को भी बुला लिया। मौके पर अगल बगल के ग्राम प्रधान व सम्मानित लोग भी इकठ्ठे हुए, पुलिस के इस कार्यवाही की कड़ी निंदा किये। श्री राव ने मौजूद भीड़/ग्रामीणों को आश्वाशन दिया कि इसके विरुद्ध उच्चाधिकारियों से शिकायत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि पीड़ित धर्मपाल को न्याय जरूर मिलेगा। इस दौरान मौजूद सभी ग्रामीणों ने शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर भी बनाया। ग्रामीणों ने एक स्वर मे कहा कि मंदिर के पास कचरा निस्तारण केंद्र नही बनेगा। इसे आबादी से दूर बनाने पर सहमति बनी। मौके पर ग्राम प्रधान हरेंद्र यादव, प्रधान परसौना, बबलू राव, रहुल गौतम, रहुल सिंह, लक्ष्मी चौरसिया, डिम्पू सिंह, पहवारी यादव, महँथ राव, बैरिस्टर सिंह, शैलेन्दर कोटेदार, जयनारायण, विजय प्रताप आदि मौजूद रहे।

## इनामी बदमाश और उसका साथी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कुशीनगर जिले से एक इनामी बदमाश और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने शनिवार देर रात बताया कि एक लाख रुपये के इनामी बदमाश अजय तिवारी और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश रमेश यादव को कुशीनगर जिले में रामकोला थाना क्षेत्र के दामोदरी सिंघा गांव से गिरफ्तार किया गया। दोनों देवरिया जिले के निवासी हैं। एसटीएफ ने एक बयान में बताया कि तिवारी बिहार में अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त था और उसने अजीत सिंह उर्फ जड़ी के साथ मिलकर भारी मात्रा में शराब बिहार भेजना शुरू कर दिया था। एसटीएफ ने बताया कि तिवारी के खिलाफ देवरिया के विभिन्न थानों में छह मामले दर्ज हैं, जबकि यादव के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

## चित्रकूट में सड़क हादसा, दो लोगों की मौत, सात घायल

**बांदा।** बांदा से सटे चित्रकूट जिले के रैपुरा क्षेत्र में रविवार की दोपहर जीप व ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर में रैपुरा थाना क्षेत्र में बांधी गांव के भखरवारा मोड़ में कर्वी से प्रयागराज जा रही एक जीप की सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार कुल नौ लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि अभी मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों का इलाज रामनगर के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रक चालक को नींद आ जाने से यह हादसा हुआ है। शवों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस का सृजन अभियान, बूथ कमेटी तक का होगा गठन : डॉ सैयद जमाल



**देवरिया।** संगठन सृजन अभियान के तहत आज जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल परिसर में जिला कोआर्डिनेटर डॉ. सैय्यद जमाल अहमद भी उपस्थिति थे। डाक्टर जमाल अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार संगठन निर्माण के साथ ही जिले के फ्रंटल कांग्रेस को भी जिला कमेटी, ब्लाक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष से लेकर बूथ कमेटी तक का गठन किया जाना है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम कांग्रेस जन मिलकर बूथ स्तर तक कांग्रेस कमेटी का गठन कर लेंगे। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, वरूण राय, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, अब्दुल जब्बार, मनोज मणि, आलोक त्रिपाठी राजन, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, रत्नेश मल्ल पिंटू, विनोद दुबे, चंदू वर्मा, कुलदीप यादव, सुनील कुमार तिवारी, संदीप पाण्डेय, अशोक गोंड आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## नशे में धुत ऑटो चालक की लापरवाही से वृद्ध महिला घायल

**कुशीनगर।** रविवार को जिले के खड्डा तहसील अंतर्गत आराध्या पेट्रोल पंप के समीप एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे का कारण ऑटो चालक की नशे में लापरवाही पूर्ण ड्राइविंग रही। जानकारी के अनुसार, घायल महिला की पहचान नवालासी देवी पत्नी राम जतन उम्र 65 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर पढ़रहवा के रूप में हुई है। वह पड़रौना से उसी ऑटो से अपने गांव लौट रही थीं, तेज रफ्तार होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मदद की और 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचित किया। घायल महिला को तुरकहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक शराब के नशे में था और वाहन पर उसका नियंत्रण नहीं था। इस लापरवाही के चलते महिला का एक हाथ टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने न केवल महिला को बाहर निकाला, बल्कि प्रशासन को भी तत्काल सूचित किया। समय पर एम्बुलेंस पहुंचने के कारण महिला को उचित चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। हादसे के बाद क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# सहफसली खेती से किसानों की बढ़ रही आयः करन सिंह

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपद के ढाढा चीनी मिल हाटा परिक्षेत्र के किसान गन्ने की खेती वैज्ञानिक ढंग से कर रहे है साथ ही गन्ने के साथ सहफसली खेती से उनकी आय बढ़ी है ये बातें मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कही। बताया कि गन्ने की खेती को लाभकारी बनाने के लिए ढांढा चीनी मिल किसानों को गन्ना कृषि यंत्रो से जोड़ रही रही है। इसके लिए गांव गांव में कृषकों को यंत्र अनुदान पर उपलब्ध करा रही है। श्री सिंह के मार्गदर्शन में पेड़ी गन्ना प्रबंधन, सिचाई, खरपतवार नियंत्रण, पेड़ी गन्ना फसल में सिचाई कर खाद डालने, मथमुड़िया कीट से बचाव की जानकारी के साथ गन्ना फसल सर्वेक्षण आदि का निरीक्षण अधिकारी लगातार कर रहे हैं। उ०प्र० गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर के पूर्व सहायक निर्देशक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है और गन्ने के साथ सहफसली खेती का फोटो ग्राफ दिखाया जा रहा है और खेतों पर जाकर जानकारी दिया जा रहा है। प्रगतिशील किसानों के अनुभवों को दूसरे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। डॉ गुप्ता ने हाटा तहसील के गनेशपुर के प्रगतिशील किसान मैनेजर सिंह के खेत पर जाकर गन्ने में खीरा की खेती को देखा। किसान ने अपना गन्ना साथ बोए खीरा फसल दिखाते हुए बताया कि गन्ना प्रजाति को 0118 ट्रेंच विधि से बोए हैं। खीरा 15 फरवरी को 30 डिसमिल खेत में नाजिया प्रजाति खीरा बोया। 540 रुपये का 20 ग्राम बीज खरीदा था। बुवाई के 40 से 45 दिनों पर खीरा निकलना शुरू हुआ। 20 से 25 रु किलो खीरा बिक रहा है। लगभग 75 हजार का खीरा बिक गया है। गन्ना भी 400 कुन्तक एकड़ से कम नहीं होगा। उप महाप्रबंधक गन्ना डीडी सिंह व गन्ना प्रबंधक देवेश गिल ने पूर्व सहायक निर्देशक गन्ना वैज्ञानिक डॉ गुप्ता को ग्राम ढाढा बुजुर्ग के किसान राजू चौधरी के एक एकड़ खेत में गन्ने के साथ भिंडी की सहफसली खेती दिखाया। काफी अच्छी भिंडी की फसल है। प्रतिदिन 1 से 1.5 कुंतल निकल रहा है। जिससे किसान 2500 से 3000 आमदनी हो रही है। श्री गुप्ता ने कहा गन्ने के साथ सहफसली खेती किसानों का भाग्य बदल देगी।

● गन्ने के साथ सह फसली खेती बदल देगी किसानों का भाग्यः ओपी गुप्ता

आवश्यकता है जागरुकता, तकनीकी जानकारी और परिश्रम की। गन्ना सुपरवाइजर सचिन गुप्ता ने गन्ने के साथ सूर्यमुखी की खेती मठिया तिवारी में दिखाया।

## अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर शोभायात्रा का स्वागत



**बहेड़ी, बरेली।** पाल समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने तिकोनी दुकान पर पुष्प वर्षा एवं जलपान कर स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी और पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गुप्ता ने पाल समाज का आभार व्यक्त किया और कहा कि पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना का संचार होता है।

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित शिकायतों को जल्द निस्तारित करेंः डीएम

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। जिलाधिकारी सिंह ने रविवार को जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में पाया कि परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा वर्षा के समय जलभराव की समस्या आए दिन आती है, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम तथा अधिशासी अभियन्ता राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि उद्यमियों की जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित निस्तारण करें। बैठक में उद्यमी द्वारा अवगत कराया गया कि बरेली से बहेड़ी तक के आबादी वाले क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं लेकिन रिछा रोड पर अभी तक स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को शीघ्र लाइटें लगाए जाने के निर्देश दिये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उद्यमीगण सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम जैसा कोई नही हैः रामेश्वर बापू

**अयोध्या।** अयोध्याधाम के राधामोहन कुंज जानकीघाट में रविवार को दीप प्रज्वलन संग नव दिवसीय श्रीरामकथा का भव्य शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध कथाव्यास रामेश्वर बापू हरियाणी गुजरात ने अमृतमयी श्रीरामकथा के प्रथम दिवस भक्तजनों को रसास्वादन कराते हुए कहा कि यह पावन पुनीत श्रीअवध धाम है। जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। यह सातों पुरी में मस्तक के समान है। अवध धाम की बड़ी ही महिमा है। जहां मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अवतार लेकर सबका कल्याण किया। प्रभु श्रीराम ने पूरे देश-दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया और मानवता का संदेश दिया। भगवान श्रीराम जैसा कोई नही है। आज सारा संसार उनका गुणगान करता है। उन्होंने सबको मर्यादित जीवन जीना सिखाया। हम सब परम सौभाग्यशाली है। जो हम सबको अयोध्या धाम जैसी इस पवित्र धरा पर सत्संग लाभ व श्रीरामकथा का दिव्य आनंद प्राप्त हो रहा है।

# सरकार ईपीएस-95 पेंशन बढ़ोतरी की तत्काल घोषणा करेंः अशोक राउत

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** सरकार को चीनी मिलों के उद्धार एवं ईपीएस-95 पेंशन में बढ़ोतरी हेतु तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि देश के कमजोर वर्ग का कल्याण हो सके। उक्त बाते चीनी मिल कर्मियों और ईपीएस-95 पेंशनरों के शिवदुलारी देवी दल डपत शाही महिला महाविद्यालय रामकोला में आयोजित महासम्मेलन में ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के महाराष्ट्र से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने कही। इस सम्मेलन में पूरे प्रदेश से समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ चीनी मिलों के कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम से पूर्व सम्मेलन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी का स्वागत माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चीनी मिल के नेता उदय प्रताप सिंह ने की। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत, राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक रमाकांत नरगुंड, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, उत्तर भारत के मुख्य समन्वयक सुरेश डंगवाल महिला मोर्चे की राष्ट्रीय सचिव सरिता ताई नारखेडे, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीबी एस नारखेडे, समिति के प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, आरएन द्विवेदी, मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह विसेन, जयरूप सिंह परिहार, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे, बाल मुकुंद मिश्रा, कृष्णा नन्द पांडे, वीपी मिश्रा, हनुमान सहाय, कानपुर मंडल के अध्यक्ष अशोक यादव, जिला अध्यक्ष गोपाल जी, गोविंद उपाध्याय, अभय प्रताप सिंह, तेज प्रताप सिंह, श्रीराम सिंह, एसपी सिंह, अभिनंदन पांडे, नासिर अली, श्रमिक नेता चंद्रिका पाल शर्मा, उमेश चंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कांस्टेबल में चयनित युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**देवरिया।** जिले के लार थाना क्षेत्र में पुलिस कांस्टेबल के लिए चयनित युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसे 17 जून को प्रशिक्षण में जाना था। कानपुर जनपद के घाटमपुर निवासी स्व.जयप्रकाश सोनी की दो बेटियां लबली (21) व छोटी बेटी बबली (18) उत्तर प्रदेश पुलिस के आरक्षी पद पर चयनित हो गई थीं। दोनों बहनों को 17 जून को प्रशिक्षण के लिए जाना था। इसके पहले वह अपने ननिहाल बलिया जनपद में दो दिन पहले आयी और शनिवार की सुबह अपने मौसा लार थाना क्षेत्र के चौमुखा निवासी सुभाष वर्मा के यहां पहुंची। शाम को भोजन करने के बाद बबली बाथरूम में गई। बहुत देर तक वह नहीं आई तो दूसरी बहन को कुछ आशंका हुआ तो वह बाथरूम में पहुंच गई। अंदर का नजारा देख वह अवाक रह गई। बबली दुपट्टे से लटक रही थी। यह देख उसने शोर किया तो फंदे से नीचे उतार कर सीएचसी लार पहुंचाया गया। वहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज पहुंचने से पहले ही बबली की मौत हो गई। बबली के पिता व मां दोनों की पहले ही मौत हो चुकी है।

## महिला को बाइक सवार ने मारी गोली, भर्ती

**देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र के धरमपुरवा के समीप रविवार की दोपहर दवा कराकर घर लौट रही महिला के सीने में बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए महिला को सीएचसी रुद्रपुर पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया की रहने वाली दुर्गावती देवी (55) पत्नी गुलाब यादव की तबीयत खराब चल रही है। दोपहर को वह अपना उपचार कराने के लिए पचलड़ी चौराहे पर दवा कराने के लिए गई थीं। दवा कराकर अभी धरमपुरवा के समीप पैदल पहुंची थी, इस बीच बाइक पर सवार चार युवक आए और उन्हें रोक लिया। इसके बाद सीने में गोली मार दी। जिससे वह वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलावस्था में देख दुर्गावती को सीएचसी पहुंचाया। थानाध्यक्ष भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए और नाकाबंदी कराकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

# 1.20 करोड़ भुगतान कराकर ठेकेदार फरार

जिला संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत लछिया-देवरिया में 1.37 करोड़ के लागत से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये बन रहे ओवरहैड टैंक दो साल से अधूरा छोड़कर ठेकेदार फरार हो गया है। ग्रामीणों व प्रधान का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत करके 1.20 करोड़ का भुगतान भी करा लिया गया है। वही काम अधूरा पड़ा है, जबकि पाइप लाइन बिछाने के लिये गांव की सड़कों को कोड़ कर गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया है। आवाजाही की भी कठिनाई है। विभागीय अधिकारी भी कभी इसे देखने के लिये नही आते। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। बताया जाता है कि शासन के आदेश पर उक्त ग्राम पंचायत में 2018 में शुद्ध पेयजल योजना के तहत 1.37 करोड़ की लागत से ओवरहैड टैंक के स्वीकृति के बाद ओवरहैड टैंक का निर्माण वर्ष 2019 में संबंधित ठीकेदार द्वारा शुरू कराया गया। लेकिन निर्माण कार्य मे इतना बिलंब किया गया गया कि वर्ष 2022 में ओवरहैड टैंक खड़ा हो गया, लेकिन ओवरहैड टैंक का आधा-अधूरा कार्य छोड़ कर ही ठेकेदार द्वारा भुगतान विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से 1.20 करोड़ का करा लिया गया। वही हर घर जल आपूर्ति के लिये पाइप लाइन बिछाने के लिये गांव की प्रमुख सड़कों को भी खोद कर गड्ढा बना दिया गया और बिना पाइप बिछाए ही अचानक ठेकेदार काम बंद कर फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यही ओवरहैड टैंक का भी आधा कार्य भी अधूरा है। अगर विभाग के अधिकारी या अभियंता स्थलीय निरीक्षण कर भुगतान किए होते तो काम अधूरा नही रहता। जबकि ओवरहैड टैंक के लिये बोर भी नही कराया गया है और न पाइप बिछाने के लिये खोदे गये सड़क की मरम्मत ही कराई गई है। ग्रामीणों ने गांव के राजन यादव के नेतृत्व में नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया को भी अपनी पीड़ा सुनाते हुई पत्रक सौंपकर कार्यवाई की मांग की।

● अधूरा ओवरहैड टैंक निर्माण



### ग्राम प्रधान बोले

ग्राम प्रधान श्रीराम यादव के अनुसार ठेकेदार द्वारा अधूरा काम छोड़कर फरार होने के पूर्व ही 1.20 करोड़ की भुगतान करा लिया गया है। अभी न तो पाइप लाइन बिछाया गया है और न ही ओवरहैड टैंक का कार्य पूर्ण हुआ है। बोर सहित कई अन्य कार्य अधूरा है। हमारे द्वारा संबंधित विभाग को मौखिक व लिखित सूचना दिया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई अबतक नही हुई है इस सम्बंध मे जल निगम के मुख्य अभियंता अरुण कुमार कहते है कि ठेकेदार द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान बजट के अभाव में नही हुआ है।

बजट उपलब्ध होते ही भुगतान होगा और अधूरा कार्य द्वारा पूरा करा लिया जायेगा। इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है। बजट उपलब्ध होते ही अधूरा कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

# बेसहारा पशुओं को दिया जा रहा संरक्षण

जिला संवाददाता

**बहराइच।** भारत वर्ष में प्राचीनकाल में पशुपालन और कृषि साथ-साथ होते रहे है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही पशुपालन की महत्ता बढ़ती रही। जिस व्यक्ति के पास जितने अधिक पशु होते थे, वह उतना ही आर्थिक रूप से सम्पन्न माना जाता था। पशु खेती, दुग्ध, सवारी, बोझ ढोने, खाद्य पदार्थों के उत्पादन आदि के लिए उपयोगी रहे हैं। कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। देश मे 20वीं सदी के सातवें दशक के अंत में ह्यहरित क्रांतिह्न आने के बाद कृषि क्षेत्र के उपकरणों एवं उन्नतशील बीजों व रासायनिक उर्वरकों के आगमन से खेती के काम में आने वाले बैलों की कमी आने लगी। दुधारू पशुपालन लगातार होता रहा है। जो पशु उपयोगी नहीं रहें, उन्हें पशुपालकों द्वारा छोड़ दिया गया और ऐसे पशुओं को जंगल में छोड़ने पर उनका कुनबा बढ़ता गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पशुओं, गाय को संरक्षण देने के लिए विशेष योजना बनाई है। मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण-मिशन हेतु इच्छुक कृषकों/पशुपालकों के निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकतम 04 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालकों की सुपुर्दगी में दिये जा रहे हैं। इसके लिए प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से पशुपालकों को पशुओं के भरण-पोषण हेतु दिया जा रहा है। प्रदेश में पशुपालन प्रत्येक परिवार में होता रहा है। गाँवों में गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर आदि आर्थिक लाभ के पशुओं का पालन होता रहा है। कृषि के बाद ग्रामीणों के आर्थिक विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। विभिन्न प्रकार की जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक 16 प्रतिशत से अधिक पशुधन है। प्रदेश में 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी, 4.09 लाख सूकर एवं अन्य पशुधन सहित कुल 691.98 लाख पशुधन है। भारत सरकार के निदेर्शानुसार 21वीं पशुगणना का कार्य 25 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ हो गई है। प्रदेश में निराश्रित/बेसहारा प्गोसंरक्षण केन्द्र-372, कांजी हाउस-307, कान्हा गोशाला-295, अर्थात कुल 7717 गो-आश्रय स्थलों में 12.52 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं।

## गर्मी उमस और बिजली कटौती से लोग बेहाल

देवरिया। बढ़ती गर्मी, उमसभरी रात और चरमराई विद्युत आपूर्ति से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनजीवन बेहाल है। सुबह ही चिलचिलाती धूप निकलने दोपहर में पारा 42 -45 तक पहुचने से बाजार, रास्ते जहां सुने हो जा रहे है, लोगबाग घरों में दुबकने को मजबूर हैं तो उमसभरी रातो को बिजली कटौती से काटना मुश्किल हो रहा है। बिजली कटौती के कारण जलापूर्ति प्रभावित होने जले पर नमक साबित हो रही। भीषण गर्मी में बिजली विभाग की हड़ताल, बिजली बड़ी मांग से लाइनों का फाल्ट, ट्रांसफॉर्मरों केजलने फुकन से उपभोक्ताओं को कई कई दिनों तक बिजली नही मिल पा रही है। ग्रामीण क्षरों में फाल्ट ठीक करने, ट्रांसफॉर्मर बदलवाने के लिये उपभोक्ता पैसे एकत्रित करने को बाध्य हो रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, ए सी की बढ़ती संख्या, हीटर के प्रयोग से लाइनों की त्रिपिं, फाल्ट, लो वोल्टेज की समस्या बढ़ती जा रही है।

## बकरीद की रौनक लौटीः तैयारियों में जुटे लोग, बाजारों में दिखी भीड़ और उत्साह

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** मुस्लिम समुदाय का दूसरा सबसे बड़ा पर्व बकरीद (ईद-उल-अजहा) जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पूरे क्षेत्र में उल्लास और उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। मस्जिदों और घरों में साफ-सफाई का कार्य तेज हो गया है, वहीं बाजारों में भी रौनक लौट आई है।

क्षेत्रो मे कुबार्नी के बकरों को लेकर मुस्लिम समाज के लोग मे बेहद उत्साहित हैं कोई उन्हें सजाने में व्यस्त है तो कोई उन्हें अपने दोस्त जैसा समझ कर प्यार कर रहा है। इस त्योहार को लेकर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। हाफीज जुहैर रजा गौहरी ने बताया कि बकरीद पर मुस्लिम समाज हजरत इब्राहीम अलैहि सलाम की अल्लाह के हुक्म पर दी गई कुबार्नी की याद में जानवर की कुबार्नी देता है। यह कुबार्नी त्याग, समर्पण और अल्लाह के प्रति सच्ची आस्था का प्रतीक मानी जाती है। कुबार्नी के मांस को तीन हिस्सों में बांटा जाता है, गरीबों, रिश्तेदारों और अपने लिए। यह त्योहार आपसी भाईचारा और समाज में समानता का संदेश देता है।

संक्षेप

## करंट लगने से किशोर की मौत

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में एलटी लाइन का केबिल टूटकर गिरने से चपेट में आकर एक 19 वर्षीय किशोर सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें परिजनों के स्तर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव ले जाया गया। जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिए जाने के बाद परिजन घायलों को लेकर ट्रामा सेंटर ओयल पहुंचे। ट्रामा सेंटर में घायलों को भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान एक किशोर ने दम तोड़ दिया। दूसरे का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जलालीपुर देहात के मजरा इस्माइलपुर गांव में एलटी लाइन का केबिल टूट कर गिर गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पावर हाउस हरगांव को दी। परन्तु काफी समय बीत जाने के बावजूद भी कोई कर्मचारी केबिल हटाने नहीं आया और न फीडर की विद्युत आपूर्ति ही बंद की गयी। बिजली विभाग की लापरवाही से टूटे पड़े केविल में प्रवाहित हो रहे करेंट से किशोर घायल हो गये। थाना क्षेत्र हरगांव की ग्राम पंचायत जलालीपुर देहात के मजरा इस्माइलपुर में आज घर के सामने से उदनापुर फीडर की निकली विद्युत एलटी लाईन का केबल जो टूटकर गिर गया था। बताने के अनुसार बिजली विभाग को सूचना दिए जाने के बावजूद टूटे हुए केबिल को दुरुस्त नहीं किया गया। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण चिपक कर 19 वर्षीय अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। अमित को बचाने के लिए आये 17 वर्षीय चंदन भी घायल हो गया। परिजनों ने दोनों को तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल अमित की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर ओयल के लिए रेफर कर दिया। परिजन तत्काल ट्रामा सेंटर ओयल ले गये। जहां पर इलाज के दौरान अमित की मृत्यु हो गई। घटना के बाद से गांव इस्माइलपुर में मातम छाया हुआ है। थाना खीरी की पुलिस चैकी ओयल ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## गाय में होता है देवी देवताओं का वास

सोनभद्र। श्री राम जानकी मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य मनोहर कृष्ण महाराज के द्वारा भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया भगवान कृष्ण को पटना के द्वारा करने का प्रयास किया गया पटना अपने स्तनों में कालकूट विश्व धारण करके आई लेकिन भगवान कृष्ण पूतना को सद्गति प्रदान किया भगवान कृष्ण जो माता देवकी को गति प्रदान करनी चाहिए वह गति भगवान ने पटना जैसे रक्षा सिंह को प्रदान किया भगवान बड़े दयालु हैं आगे चलते हुए भगवान को करने के लिए अघासुर बकासुर ढेंकासुर जैसे दायित्व आए लेकिन भगवान कृष्ण खेल ही खेल में उनका उद्धार कर दिया भगवान कृष्ण ब्रज में मुख्य रूप से आने के तीन कारण रहा माखन चोरी लीला गोचरण लीला महारास लीला माखन चोरी लीला का मुख्य उद्देश्य ब्रिज गोपियों के भाव को पूर्ण करना ब्रिज गोपियों के अंदर लाल साथी की भगवान कृष्ण क्या मैया यशोदा के द्वारा ही माखन का भोग स्वीकार करेंगे हम ब्रज गोपी के भाग्य में भगवान को माखन खिलाना नहीं है भगवान अपने उन भक्तों के इच्छा को पूर्ण करने के लिए ब्रिज गोपियों के घर-घर जाकर के माखन का भोग लगाया भगवान की दूसरी लीला गोचरण लीला गोचरण लीला का मुख्य उद्देश्य भगवान कृष्ण का गौ सेवा करना गावो विश्वास मां तारा भगवान कृष्ण गाय की सेवा करके भोपाल कहलाए गाय के प्रत्येक रोम रोम में हमारे देवी देवताओं का निवास होता है गाय के गोबर में लक्ष्मी गोमूत्र में गंगा का निवास होता है आगे चलते हुए भगवान कृष्ण कालिया नाग का मर्दन किया गिर्राज पूजन 56 भोग का अद्भुत दर्शन मुरलीधर शुक्ला ओमप्रकाश पाठक महेंद्र प्रसाद शुक्ला अजीत शुक्ला आशुतोष पाठक प्रदीप चैरसिया नीतेश सिंह प्रेमकांत, कृपा नारायण मिश्रा, जयप्रकाश गुप्ता, बबलू शुक्ला।

# नपा कर्मचारी को गाड़ी से कुचलने वाला युवक गिरफ्तार



सीतापुर। फर्जी विधायक का पास लगाकर चलना एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गया। जब उसके वाहन से टकराए नगर पालिका कर्मचारी की मौत हो गई। जब पुलिस ने मामले की जांच की तो पाया कि उसके पास कोई भी विधायक का पास नहीं था। फर्जी पास लगाकर चलने तथा वाहन से कर्मचारी की मौत के मामले में उक्त युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आपको बताते चलें कि 29 मई को शहर के एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर के आगे डिवाइडर के पास स्कूटी से खड़े नगर पालिका कर्मचारी अनुकूल सेठ के एक वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसको लेकर नगर पालिका कर्मचारियों ने तथा सभासदों ने जमकर बवाल काटा था तथा भाजपा नेता के वाहन को पकड़ने एवं अभियुक्त को गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। इस पर पुलिस ने जब उक्त टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया तो वह तरुण मिश्रा पुत्र आदित्य कुमार मिश्रा निवासी ग्राम हुमायूपुर थाना मिश्रित निकला। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जब वाहन पर लगे विधायक पास के बारे में उससे पूछा गया तो पता चला कि वाहन पर लगा पास फर्जी है। जिस पर पुलिस ने फर्जी पास लगाकर चलने तथा वाहन से कर्मचारी की मौत के मामले में उक्त युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि 29 मई की शाम को वह (तरुण उपरोक्त) स्वयं गाड़ी चला रहा था एवं गाड़ी में उसके दो अन्य दोस्त भी साथ में घूम रहे थे। शाम को एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर के आगे डिवाइडर के पास स्कूटी से खड़े एक व्यक्ति से दुर्घटना हो गयी। जिस पर वे गाड़ी छोड़कर डर से मौके से भाग गये थे। गाड़ी पर दोस्तो के सुझाव मदद से फर्जी विधायक पास की कॉपी चिपकाई हुई थी।

## पानी की टंकी गिरने के मामले में आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार




सीतापुर। जल जीवन मिशन के तहत पहला ब्लॉक के चुनका गांव में बनी पानी टंकी के गिर जाने के मामले में दर्ज कराई गई एफआईआर में नामजद ठेकेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आपको बताते चलें कि विकासखंड पहला के चुनका गांव में 5.31 करोड़ की लागत से बनाई गई पानी टंकी गुरुवार की दोपहर भरभराकर गिर गई थी।

ग्रामीणों का आरोप था कि टंकी के निर्माण में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया गया। मामले में शासन ने टेक्निकल ऑडिट कमेटी को मौके पर भेजकर विस्तृत जांच के निर्देश दिए। सीतापुर डीएम द्वारा भी तीन सदस्यीय समिति का गठन का जांच कराई जा रही है। वहीं टंकी गिरने के मामले में जल निगम के अधिशाषी अभियंता द्वारा ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी भिटहरी लखनऊ पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि ठेकेदार द्वारा उक्त टंकी का मानक विहीन निर्माण किया गया था। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं थी एवं टंकी के निर्माण में लापरवाही बरती गयी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार द्वारा ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ के विरुद्ध थाना महमूदाबाद पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिस पर थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमें में वांछित ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। उधर जिम्मेदार एनसीसी लिमिटेड को बचाने में लगे हुए हैं। टंकी निर्माण की कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड है। एनसीसी लिमिटेड के जिम्मेदारों पर कार्यवाही न होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तेज गर्मी और धूप से जनमानस बेहाल



जौनपुर। जिले में तेज गर्मी ने रविवार को भी राहत नहीं दी। पूरे दिन तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, भीषण गर्मी ने सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक प्रभाव सुबह से शुरू हुई तेज धूप से लोगों को परेशान कर दिया है। बाजारों में सुबह से ही गर्मी की वजह से सन्नाटा पसरा रहा। ग्राहक कम नजर आए, दुकानदार भी गर्मी के कारण कम समय के लिए ही स्टोर खोल पा रहे हैं। दुकानों के बाहर धूप से बचने के लिए छांव तलाशते लोग हर तरफ नजर आए। दुकानदारों ने पंखे और कूलर चालू रखे, लेकिन ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई। केवल आवश्यक वस्तुएं खरीदने आए लोग ही बाजार में नजर आए। सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क भी सुनसान पड़े। सुबह-शाम की सैर के लिए आने वाले लोग तेज धूप से बचने के लिए घरों में ही रहे। पार्क की बेंच खाली रहीं और खेल के मैदान वीरान दिखाई दिए। सड़कें भी गर्मी के कारण खाली नजर आईं। इस दौरान कम वाहन चलते देखे गए, क्योंकि लोग तेज धूप से बचने के लिए घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से संबंधित बीमारियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई है। लगातार पड़ रही गर्मी से अभी छुटकारा नहीं मिलेगा। दो दिनों तक और गर्मी अपना सितम ढाएगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अभी मौसम में दो दिनों तक नरमी नहीं आएगी। दो दिनों बाद कुछ परिवर्तन रहेगा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित होगा पहला अनिल चौधरी स्मृति व्याख्यान

सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनिल चौधरी स्मृति व्याख्यान का आयोजन होगा। पानी का रंगः खत्म होता एक प्राकृतिक संसाधन और बढ़ती असमानता विषय पर आयोजित इस व्याख्यान को वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार पी. साईंनाथ संबोधित करेंगे। गौरतलब हो कि अनिल चैधरी जो कि सीतापुर की एमएलसी रहीं माया चौधरी के पुत्र थे, उनका देहांत बीती 14 अप्रैल को दिल्ली में हो गया था। अनिल चैधरी सामाजिक सद्भाव और समानता के लिए जिंदगी भर संघर्षरत रहे और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले संगठनों को एक साथ जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए पीस और इन्साफ जैसी संस्थाओं के माध्यम से अंतिम समय तक सक्रिय रहे। समाज में स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों को फैलाने के लिए उनके द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये गये। उनके जन्मदिवस 5 जून को पहला अनिल चौधरी स्मृति व्याख्यान नई दिल्ली के सुरजीत भवन में आयोजित किया जाएगा। ये जानकारी कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र चाहर ने दी। उन्होंने बताया कि अनिल चौधरी की स्मृति में हर वर्ष 5 जून को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली से बाहर के लोगों के लिए इस व्याख्यान का लाइव प्रसारण अनिल चौधरी मेमोरियल के फेसबुक पेज पर भी किया जाएगा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ बताये




जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। विकसित कृषि अभियान के अन्तर्गत जनपद में नौ एवं ब्लॉक सि0 सरोसी के तीन राजस्व ग्रामों में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की किसानों को दी।

ब्लॉक सिंकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के बौनामऊ, पूरा निष्पंसारी, राजेपुर गांवों में विकसित कृषि अभियान की बैठक आयोजित हुई।जिसमें राजेपुर ग्राम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किसानों को प्रदेश व भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित कृषकों के रजिस्ट्रेशन अभियान ,फसलों का बीमा अधिक से अधिक कराए जाने पर जोर दिया एवं ड्रोन से पोषक तत्वों के छिड़काव का आग्रह किया।

इस दौरान कृषि निदेशक यूपी द्वारा गर्मी की गहरी जुताई के लाभ, आम को बिना क्षति पहुंचाए तोड़ने की तकनीकी, संकर मक्का व संकर धान की बुवाई को प्रोत्साहन व अनुदान, जिप्सम के प्रयोग से लाभ फसलों के बीमा से लाभ, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बागवानी के वैज्ञानिकों द्वारा टमाटर व आम के कीट नियंत्रण की विधियां व विशेष तकनीकी की जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक द्वारा विशेष तौर पर धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा की वैज्ञानिक डॉ रत्ना सहाय द्वारा मृदा स्वास्थ्य की जांच व संतुलित पोषक तत्वों के प्रयोग व डॉ रमेश मौर्य द्वारा विशेष कृषि यंत्रों सुपरसीडर, स्मार्ट सीडर से धान की सीधी बुवाई आदि की जानकारी दी गई। अंत में फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों ने फसल बीमा कराए जाने पर जोर देने के साथ साथ उससे होने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा की। मंच का संचालन जिला कृषि अधिकारी ने किया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी शशांक चैधरी, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ श्याम राज सिंह एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ सुधीर सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र उन्नाव के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के कर्मचारी, ग्राम प्रधान व अन्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रहे।

## शिविर में 60 नेत्र रोगियों का किया गया परीक्षण




सफीपुर, उन्नाव। विधायक बम्बालाल दिवाकर के नेतृत्व में आवास/कार्यालय पर परम्परागत प्रति माह लगाए जाने वाले नेत्र शिविर में पांच दर्जन से अधिक नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया।

क्षेत्र के कस्बा सफीपुर स्थित विधायक आवास पर परंपरागत लगने वाले नेत्र शिविर में शकरा आई हॉस्पिटल की आई केयर कुशल नेत्र विशेषज्ञ टीम ने डॉक्टर पी नल के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये नेत्र विकार के मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें एक दर्जन मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर आपरेशन हेतु बस द्वारा भेजा गया। विधायक श्री दिवाकर ने मरीजों से रूबरू होकर उनका कुशल क्षेम जाना एवम टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य कर्ताधर्ता बेनी माधव दिवाकर, दीपक विमल, आशीष कनौजिया, अनूप सिंह चंदेल, राजू चौहान, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र आदि भाजपा कार्यकर्ताओं एवम विधायक बंबालाल दिवाकर की फैंस टीम के सदस्यों ने महत्ती भूमिका निभाई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत

सिधौली (सीतापुर)। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को सीतापुर पत्रकार हत्याकांड में पुलिस हिरासत में लिए गए रिटायर्ड फौजी के



परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान सिधौली कस्बे के निकट एनएच-24 पर स्थित अहमदपुर जट गांव के पास एक रेस्टोरेंट के सामने कांग्रेसजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. अवधेश श्रीवास्तव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कमला रावत, महिला कांग्रेस नेत्री सुनीला रावत सहित कई प्रमुख नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री अवस्थी ने अजय राय को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में दिनेश अवस्थी, निर्भीक सिंह, पूजा सिंह, अवधेश अवस्थी, श्रेष्ठ तिवारी, कौशल किशोर शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, सुंदरलाल रावत, सत्यदेव पांडे, विनोद यादव, रामचंद्र यादव, बराती लाल, फुरकान अहमद, राजा, शहजादे, राम अवतार, सलमान, मिंटू, कामता प्रसाद, शब्बन खान, शिवकुमार, छोटू, परमेश रावत, मोनू, अंकित, अली अहमद, शत्रुघ्न पासी, जावेद, फरीद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पार्टी हर स्तर पर आवाज उठाएगी।

## नोडल अधिकारी ने किया पंचायत भवन का निरीक्षण

जौनपुर। जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों के भौतिक निरीक्षण के तहत नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आयुष विभाग हरिकेश चौरसिया द्वारा विकासखंड रामपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने विकासखंड रामपुर के ग्राम पंचायत पचवल में निमार्णाधीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया गया, निर्माण की प्रगति संतोषजनक पाई गई, विशेष सचिव द्वारा कार्य को मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्ण करने तथा सीढ़ी के साथ ही रैंप भी बनाए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे वृद्धजनों और दिव्यांगजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

विशेष सचिव द्वारा खंड विकास अधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता करते हुए परिसर में जो जमीन रिक्त है, वहां पर एएनएम केंद्र बनाए जाने का सुझाव दिया गया। वर्तमान में एएनएम सेंटर किराए के मकान में संचालित है। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के आजीविका संवर्धन केंद्र का भी निरीक्षण किया, तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से संवाद भी किया। इसके पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का औचक निरीक्षण किया, एएनसी के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया, दवाओं की उपलब्धता, साफ सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। विशेष सचिव ने चिकित्सा अधीक्षक से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा इसके साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज, अन्य अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सैनिक के साथ पुलिस ने किया अमानवीय व्यवहारः अजय राय



महोली (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, भारी हुजूम के बीच दोपहर को रिटायर्ड फौजी विमल कश्यप के घर पहुंचे। उनके आगमन की खबर से पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए।

चिलचिलाती धूप में पूर्व मंत्री ने सीतापुर सांसद व कांग्रेस जनों के दल-बल के साथ पुलिसिया उत्पीड़न के शिकार नगर निवासी रिटायर्ड फौजी विमल कश्यप व उनके परिजनों से भेंट की। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर भावुक हुए फौजी एवं परिवार को हर संभव मदद व न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान 55 दिन तक जबरन पुलिस कस्टडी की बात कहकर रिटायर्ड फौजी ने सूबे की सरकार और पुलिस प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाये। जिसमें जिले के पुलिस कप्तान रहे चक्रेश मिश्र आदि पर शारीरिक मानसिक व लग्नकर यातनाएं देने का आरोप लगाया और साजिशन फर्जी एनकाउंटर के साथ न्यायालय में गुहार लगाने तक का हवाला दिया। रविवार को काफी गहमा-गहमी के बीच शहर के विकास नगर में स्थित रिटायर्ड फौजी विमल कस्यप के घर सांसद राकेश राठौर संग पहुंचे। पूर्व मंत्री अजय राय ने कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताकर सत्तारूढ़ योगी सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। लचर कानून व्यवस्था के आरोपों का करारा प्रहार कर सूबे की भाजपा सरकार को जहां खूब खरी-खोटी सुनाई। वहीं पुलिस प्रशासन पर पक्षपात पूर्ण अमानवीय व्यवहार से उत्पीड़न का आरोप लगाकर सड़क पर संघर्ष की चेतावनी दी। भूतपूर्व फौजी विमल कस्यप व उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए अजय राय ने न्यायालय पर पूरा भरोसा जताकर मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन

मछरेहटा (सीतापुर)। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना यूपी सरकार का सपना स्वच्छ और स्वस्थ हो प्रदेश अपना मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में डॉ कमलेश कुमार के नेतृत्व में डॉ अमित श्रीवास्तव के द्वारा 88 मरीजों का परीक्षण एवं मलेरिया जांच कर दवाइयां दी गई। इसके अलावा फायलेरिया किट कुदोली निवासी गुड्डी देवी पत्नी शिवराज, खरगापुर निवासी रामशंकर पुत्र मनोहर खरगापुर निवासी अंगूरी पत्नी राकेश, कुंडौली निवासी गुड्डी पत्नी संतराम को डॉ अमित श्रीवास्तव एवं स्टाफ नर्स पुष्पा देवी ने प्रदान की। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधवापुर डॉ वेद प्रकाश गौतम के द्वारा 36 मरीजों का उपचार कर दवाइयां दी गई। वहीं भिटौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ ओपी चैरसिया के द्वारा 33 मरीजों का उपचार कर दवाइयां दी। लौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अक्षत पटेल एवं अन्य चिकित्सक के द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसके अलावा परसदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ ध्रुव लहरी के द्वारा 33 मरीजों का उपचार किया गया। बताते चलें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जाता। गुड्डी देवी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे आरोग्य मेले का लाभ हम सभी को मिल रहा है। छुट्टी के दिन भी निःशुल्क जांच ओर दवाइयां मिल रही इससे अच्छा और क्या हो सकता।

# बदहाली के आंसू बहा रहा बैसवारा रेलवे स्टेशन



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से मात्र लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बैसवारा रेलवे स्टेशन आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी अंग्रेजी हुकूमत के दौरान एक अहम रेलवे जंक्शन रहा यह स्टेशन, आज जर्जर भवन और टूटी सुविधाओं के साथ अपनी पहचान खोता जा रहा है। बिहार कस्बे में स्थित बैसवारा रेलवे स्टेशन कभी उन्नाव, रायबरेली, प्रयागराज, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे प्रमुख शहरों से सीधी ट्रेन सेवाओं से जुड़ा था। यह स्टेशन सिर्फ यात्रियों के लिए ही नहीं, बल्कि छात्र-छात्राओं, मजदूरों, और अदालत जाने वाले लोगों के लिए भी बेहद उपयोगी था। स्थानीय लोग इसी स्टेशन के माध्यम से अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते थे।

मगर बीते वर्षों में रेलवे विभाग की लगातार उपेक्षा और कई ट्रेनों के ठहराव खत्म किए जाने के कारण इस स्टेशन का महत्व तेजी से घटता गया। आज स्थिति यह है कि स्टेशन का भवन खंडहर में तब्दील हो चुका है, दीवारें गिरने की कगार पर हैं, और छत से प्लास्टर झड़ रहा है। कभी जो स्टेशन जीवन की रफ्तार देता था, वहां अब सन्नाटा पसरा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टिकट काउंटर का ठेका उठाया गया था। लेकिन लगभग चार महीने से टिकट जारी नहीं हो रहे। यात्री बिना टिकट यात्रा करने को मजबूर हैं या फिर दूसरे स्टेशनों का रुख कर रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी, साफ-सफाई का अभाव और रोशनी की व्यवस्था तक ठप हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया और ट्रेनों के ठहराव को बहाल नहीं किया गया, तो यह ऐतिहासिक स्टेशन पूरी तरह बंद हो जाएगा। इससे न सिर्फ यात्रियों को भारी परेशानी होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी गहरा असर पड़ेगा। बैसवारा रेलवे स्टेशन को बचाने के लिए जरूरी है कि रेलवे विभाग इस ओर तत्काल ध्यान दे और इसकी खोई हुई गरिमा को फिर से लौटाया जाए। वरना इतिहास के पन्नों में दर्ज एक और महत्वपूर्ण नाम केवल यादों में ही रह जाएगा।

## पुलिस की सुस्ती से आये दिन हो रही हत्या

जौनपुर। जिले में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। लूट, छिनैती और पशु तस्करों का आतंक कम करने के लिए जहां पुलिस हथकण्डा कसती जा रही है वहीं हत्याओं का बाजार गर्म हो गया है। हर दिन कही न कही हत्याओं को अंजाम दिये जाने से लोग कहने लगे है पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे है।

गश्त और सक्रियता की कमी के कारण अराजक तत्व बड़ी घटना को अंजाम देकर निकल जा रहे है। या तो मृतक के परिजनों की तहरीर पर नामजद लोगों को दबोच लिय जाता है अथवा सर्वविदित हत्याओं के आरोपियों को पकड़कर पुलिस अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। लोगों का कहना है कि रात में अपराधी हत्याओं को अंजाम देते है और वे निकल जाते है। शायद पुलिस रात में जांच पड़ताल न कर वाहनों से वसूली और सुरक्षित स्थान पर सोयी रहती है। जफराबाद थाना क्षेत्र में तिहरे नृशंस हत्या काण्ड को भी रात में ही अंजाम दिया गया है। शहर के लाइन बाजार थानाक्षेत्र के वाजिदपुर तिराहे के निकट बीती रात अधिकारी की हत्या कर लाश स्कूटी से फेकी गयी जबकि वाजिदपुर तिराहे और जेसीज चौराहे पर पिकेट पर पुलिस के जवान तैनात रहते है वे क्या रात में वसूली पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित किये रहते है। संदिग्धों की छानबीन करने की जिम्मेदारी पिकेट के और गश्त करने वाले कोबरा की नहीं है। सबसे बड़े बात है कि थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी और उसके ऊपर के अधिकारी मानिटरिंग नहीं करते कि उनके अधीनस्थ रात में क्या करते है जिनकी डयुटी लगायी गयी है वे कहा रहते है उनकी क्या कार्यपणाली है इसकी समीक्षा होंनी चाहिए अन्यथा ऐसे ही हत्याओं और अन्य वारदातों का ग्राफ बढ़ता जायेगा। ऐसी दुर्व्यवस्था से आम आदमी दहशत है कि कब कहा किसकी लाश फेी मिल जाय। रात में आना जाना भी अब लोग खतरनाक समझने पर विवश हो रहे है।

## एन्टीरोमियो टीम ने प्रमुख मार्गो पर चेकिंग कर किया जगरूक

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# एफडीआई में गिरावट

वैश्विक स्तर पर जिस तरह की भू-राजनीतिक परिस्थितियां बन गयी हैं, उनमें यह स्वाभाविक है कि हर देश की प्रगति और निवेश प्रभावित होगा। क्योंकि वैश्विक टकरावों के कारण स्थिति यह है कि दुनिया ही एक तिहाई या इससे भी अधिक आबादी कहीं न कहीं सघर्ष में उलझी हुई है। ऐसे में अगर विकास और निवेश के आंकड़ें कुछ प्रभावित होते हैं, तो इससे बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि परिस्थितियां ही कुछ ऐसी हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। 2024-25 के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के आंकड़ों ने जनता और नीति-निर्माता, दोनों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस दौरान जहां सकल स्तर पर एफडीआई से भारत ने 81 अरब डॉलर की राशि जुटाई वहीं विशुद्ध स्तर पर केवल 0.35 अरब डॉलर हासिल हुए जो बीते दो दशक का सबसे निचला स्तर है। विशुद्ध एफडीआई का स्तर इतना कम इसलिए रहा क्योंकि विदेशी कंपनियों ने जमकर विनिवेश किया। इसके अलावा भारतीय कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर विदेश में निवेश करना भी एक वजह रही। विगत वित्त वर्ष में विदेशी कंपनियों ने करीब 51 अरब डॉलर की राशि अपने देश भेजी जो बीते दो दशक से भी अधिक समय का उच्चतम स्तर है। इस बीच भारतीय कंपनियों द्वारा विदेश में किया जाने वाला निवेश पिछले साल की तुलना में करीब 75 फीसदी बढ़कर 29.2 अरब डॉलर हो गया। इसके परिणाम स्वरूप विशुद्ध स्तर पर बहुत कम




राशि बची। सामान्य समय में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्वदेश धन भेजना या भारतीय कंपनियों द्वारा विदेश में निवेश करना भारत जैसी बड़ी और खुली अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। कुछ विदेशी कंपनियां अपनी खास वजहों से मुनाफा अपने देश भेजती हैं, दूसरी तरफ बढ़ती भारतीय कंपनियां विदेशों में मिल रहे अवसरों का लाभ लेना चाहती हैं। बहरहाल जो बात ध्यान चिंता की वजह बनी है, वह है बाहर जाने वाली राशि का पैमाना। 2023-24 में सकल एफडीआई महज 71 अरब डॉलर था लेकिन उस साल भारत के पास विशुद्ध एफडीआई के रूप में 10 अरब डॉलर बचे थे। यह भी ध्यान देने लायक बात है कि विदेशी कंपनियों द्वारा जहां धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, वहीं दूसरे देशों में भारतीय कंपनियों की एफडीआई में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। वित्त मंत्रालय की ताजा मासिक समीक्षा में भी इस घटनाक्रम पर गौर किया गया और कहा गया, भारतीयों द्वारा विदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब 12.5 अरब डॉलर तक बढ़ा। यह तब हुआ जबकि विश्व स्तर पर अनिश्चितता का माहौल था। ऐसे में घरेलू निवेश को लेकर उनकी सतर्कता के चलते इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विदेशी कंपनियां प्राथमिक तौर पर भारत इसलिए आईं ताकि वे भारतीय अर्थव्यवस्था की मांग को पूरी कर सकें और यहां उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर कमाई कर सकें। चूंकि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अब तो चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, तो फिर विदेशी कंपनियां अपना अधिशेष यहीं भारत में क्यों नहीं निवेश कर रही हैं? इस बात की संभावना नहीं है कि धन की निकासी केवल शेयरधारकों को रकम लौटाने के लिए हो रहा है। कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं क्योंकि उन्हें बेहतर मूल्यांकन की उम्मीद है। परंतु इससे भी बात पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती। इसकी गहन जांच आवश्यक है कि कहीं वे कारोबारी माहौल के कारण या मांग की हालत के चलते तो नहीं जा रहीं? भारतीय कंपनियों की स्थिति तो और रहस्यमय है। वे भारत में निवेश की इच्छुक नहीं हैं लेकिन उन्हें इस अनिश्चित समय में भी विदेश में अवसर मिल रहे हैं। 2018-19 और 2023-24 में क्रमशः 12 अरब डॉलर और 18 अरब डॉलर की राशि बाहर गई जो 2024-25 में करीब 29.2 अरब डॉलर हो गई। इस मसले की गहन जांच आवश्यक है। यह देखने की जरूरत है कि आखिर इतनी मात्रा में रकम देश से बाहर क्यों जा रही है। क्या देश में अवसरों की कमी है, माहौल ठीक नहीं है या फिर आर्थिक नीतियों और औद्योगिक घरों को लेकर जिस तरह की राजनीति होती है, कहीं धन के बाहर जाने के पीछे यह सब कारण भी तो नहीं है।

## विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

# बड़े लक्ष्य की तरफ बढ़ती अर्थव्यवस्था



मनोज बाजपेयी



## विमर्श

> देश जब आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है, तब गरीबी, बेरोजगारी और कमजोर सामाजिक सुरक्षा की स्थितियां हमारे विकास की सुनहरी यात्रा को दागदार करती हैं। इसलिए देश को एक उपयुक्त समावेशी विकास के मॉडल लागू करना होगा।

अमरीका तरह-तरह के प्रतिबंध लगाकर भारत को रोकना चाहता है। भारतीय उत्पादों को अपने बाजार की पहुंच से दूर रखने के लिए तरह-तरह की कारोबारी बाधाएं थोप रहा है। टेक जाइंट एप्पल के सीईओ को भारत छोड़ने की धमकी देता है। फिर भी न हमारी अर्थव्यवस्था थम रही है, न एप्पल भारत को छोड़ रहा है और न ही अमरीका को भारतीय निर्यात में कोई गिरावट आ रही है। इसके पीछे हमारे देश और हमारी अर्थव्यवस्था की अन्तर्निहित वह शक्ति है जिसके दम पर तमाम बाधाओं के बीच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज प्रगति कर रही है। भारत लगातार अपने बड़े लक्ष्य अर्थात आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। पश्चिमी दुनिया एक लंबे समय तक अपनी श्रेष्ठता पर गुमान करती रही है और हमे दोयम दर्जे का समझती रही। इस गलतफहमी के लिए उनके पास कुछ कारण भी थे। मसलन उन्होंने हमारे ऊपर शासन किया था। वहां औद्योगिक क्रांति बहुत पहले आयी। इसलिए आर्थिक, शिक्षा संबंधी प्रगति और स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास, सामाजिक सुरक्षा जैसे मानकों पर हमसे आगे थे। लेकिन पश्चिमी दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने अपना औपनिवेशिक साम्राज्य फैलाकर पूरी दुनिया को लूटा और संसाधनों का अवैध दोहन किया। आज स्थितियां बदली हैं और शिक्षा, प्रौद्योगिक और संसाधन के मामले में अब तीसरी दुनिया के देश भी आगे आ रहे हैं। भारत की कहानी भी ऐसी ही है।

बीते दिनों नीति आयोग ने आईएमएफ के हवाले से यह दावा किया कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि जापान को पीछे छोड़कर हासिल की है। यह यकीनन ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह घोषणा भी नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने परिषद की बैठक में की। अब भारत की अर्थव्यवस्था का आकार 4.187 ट्रिलियन डॉलर का है। हमारी प्रगति इसी गति से आगे बढ़ती रही तो 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था 5.58 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है और भारत जर्मनी (5.25 ट्रिलियन डॉलर) को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। फिलहाल अमरीका (30 ट्रिलियन से अधिक), चीन (19 ट्रिलियन से ज्यादा) और जर्मनी (4.75 ट्रिलियन डॉलर) ही भारत से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। बीते 10 सालों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। 2032 में भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। भारत की इतनी अर्थव्यवस्था स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह 143 करोड़ से अधिक की आबादी वाला देश है।

देश की सकल आय और संसाधन ही जीडीपी का आकार तय करते हैं। भारत की आर्थिक विकास की दर 6-7 फीसदी या उससे अधिक 8-9 फीसदी तक रही है। इसे औसत 6.5 फीसदी के करीब मान सकते हैं, जबकि अमरीका की विकास दर 2.1 फीसदी है और चीन की 4.5 फीसदी है। यह अर्थव्यवस्था तब है, जब हमने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का दंश तीन साल तक झेला और हमारी आर्थिक विकास दर ऋणात्मक हो गई थी। अर्थव्यवस्था की यह गति और उछाल 1991 से शुरू हुई, जब देश में आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण की शुरूआत हुई। देश में आर्थिक सुधारों जिसे उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के रूप में आगे बढ़ाया गया, इसकी शुरुआत तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव के नेतृत्व में कांग्रेस ने की थी। इससे भारत एक खुली अर्थव्यवस्था और खुले बाजार वाला देश बना गया। एक बेहतर स्थिति यह रही कि बाद में राजनीतिक विपक्ष के प्रधानमंत्रियों-अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन आर्थिक सुधारों को, नये उपायों, समकालीन, अपेक्षित संशोधनों के साथ, जारी रखा। आज नतीजा सामने है कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। नीति आयोग के सीईओ ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के आधार पर यह घोषणा की है, लेकिन आज भी एक विरोधाभासी विडंबना हमारे साथ चिपकी है कि भारत एक अमीर देश है, लेकिन उसके नागरिक गरीब हैं। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत में आज भी करोड़ों लोग गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं।

गरीबी रेखा बहुआयामी रूप में भी परिभाषित की गई है, जिसके मुताबिक, 11 करोड़ भारतीय आज भी गरीब हैं। वैसे ऐसा नहीं है कि अमरीका या अन्य पश्चिमी देश में गरीब नहीं हैं अथवा महंगाई, बेरोजगारी, किसानी की समस्याएं नहीं हैं, लेकिन वहां प्रति व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। कम आबादी है और अर्थव्यवस्था भी बड़ी है, ऐसे में उनके लिए गरीबी निवारण और मजबूत सामाजिक सुरक्षा का ढांचा विकसित करना काफी हद तक भारत से आसाना था। बहरहाल भारत में आज भी 80 करोड़ से अधिक लोगों को, प्रति माह, मुफ्त अनाज बांटा जाता है। इसे हम एक न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा की स्थिति कह सकते हैं लेकिन गरीबों के लिए और व्यापक सामाजिक सुरक्षा की योजना विकसित करने की जरूरत है ताकि तेजी से प्रगति कर रहे देश में हरेक व्यक्ति के लिए न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने करना और आसान हो जाये। अनाज की योजना कोरोना के दौरान शुरू की गई थी और अभी 2029 तक तो चलेगी ही। लेकिन उसके बाद या पहले ही सरकार को सबसे गरीबी लोगों की मदद के लिए व्यापक योजना लाना चाहिए ताकि वे भी प्रगति का अहसास कर सकें। इसके शिक्षा, पोषण, आवास और स्किल डेवलपमेंट से लेकर वित्तीय सहायता जैसे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया जा सकता है। भारत में आर्थिक विषमता की स्थिति बहुत ही जटिल है। भारत में ऐसी आर्थिक विषमताएं और असमानताएं आजादी के दिन से ही हैं। लेकिन इन विषमताओं के बावजूद भारत एक 'आर्थिक महाशक्ति' बना है। भारत में फिलहाल प्रति व्यक्ति आय 2.5 लाख रुपये कुछ अधिक है, लेकिन जापान, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों में यह हमसे कई गुना ज्यादा है, हालांकि ये अर्थव्यवस्थाएं भारत से पिछड़ चुकी हैं। प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में भारत 141वें स्थान पर है, जबकि जापान का स्थान 34वां है। हम मानव विकास सूचकांक में भी बहुत पीछे हैं। आज भी कुपोषण एक नाजुक मुद्दा है। लेकिन स्थितियां अब तेजी से बदल भी रही हैं। आज भारत 23,622 करोड़ रुपये का रक्षा-निर्यात करता है। लघु, सूक्ष्म कंपनियां भी 12.39 लाख करोड़ रुपये का निर्यात करती हैं और दिसंबर, 2024 तक इस सेक्टर में 24 करोड़ से अधिक रोजगार दिए गये हैं। विकास के असंख्य आयाम भारत स्थापित कर चुका है, लेकिन गंभीर सवाल अभी भी सामने है। वह यह कि देश में गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी और आर्थिक विषमता बहुत जटिल है। इन स्थितियों को अच्छी तरह से सुधार कर ही भारत आगे बढ़ सकता है। देश जब आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है, तब गरीबी, बेरोजगारी और कमजोर सामाजिक सुरक्षा की स्थितियां हमारे विकास की सुनहरी यात्रा को दागदार करती हैं। इसलिए देश को एक उपयुक्त समावेशी विकास के मॉडल लागू करना होगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया



दुग्ध न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है बल्कि पोषण आजीविका व महिला सशक्तीकरण से भी इसका संबंध है। उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश का अग्रणी प्रदेश है। केशव प्रसाद मौर्य.



मिल्कीपुर अयोध्या में हुए एक बुजुर्ग व उसके परिवार के अपमान पर, इतना समय बीतने के बाद भी उप्र. सरकार ने आगे क्या ठोस कार्रवाई करी है, इसका जवाब दे। अखिलेश यादव.



दुर्गम सीमाओं व मौसम की विषम परिस्थितियों में भी मुस्तैद बीएसएफ ने 1971 युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। अमित शाह.

# प्रयासों की सफलता

## अंतर्दृष्टि

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है और न मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

# जो नहीं होना चाहिए वो हो रहा

## व्यंग्यलोक

पहले वे छंटे गुण्डे थे। बाद में अखबार भी निकालने लगे, तो चार चाँद लग गये। एक दिन मैंने कहा 'भानुजी, यह मारधाड़ से यकायक जन-सेवा की तरफ कैसे रूझान हुआ? वे बोले-शर्मा जी, अकेले मारधाड़ से काम नहीं चलता। जनता की आँखों में धूल झोंकने के लिए तथा पुलिस को डराने के लिए अखबार निकालना जरूरी था। प्रेस से पुलिस पूरी तरह आतंकित रहती है। 'वह कैसे, खुलकर बताओ। अरे भाई बात साफ है, हमें पुलिस की बदमाशियों का पता है और पुलिस को हमारी कारस्तानियों का। ज्यादा गड़बड़ करे तो हम अपने अखबार के जरिये उजागर करके रख दें। यही वजह है कि दोनों हाथ मिलाकर रखते हैं। पुलिस और गुण्डा हाथ मिला लेंगे तो भला बताइये, धन्धे में क्या कमी रह जायेगी। वे भी कमायें-हम भी करें मनवाही लूटपाट और तस्करी। मैंने दाँतों तले अँगुली दबाई तो वे खीसें निपोर कर बोले-'ऐसा है -शर्माजी, आप उल्लू के पट्ठे हैं। बाल की खाल निकाल कर खामख्वाह परेशानी मोल लेते हैं। मसलन आप इसी समय अपनी कलाई पर बँधी घड़ी उतार कर दे दीजिये। मैं भीतर तक काँप गया। अखबार के संपादक की यह मुद्रा मैंने पहली बार देखी थी, बोला-'यह आप क्या कह रहे हैं, मैं आखिर आपका परिचित और फिर पुलिस के लोग भी मुझे जानते हैं। फिर घड़ी भी मात्र सौ रूपट्टी की है। 'ज्यादा मत बोलो, घड़ी उतारो और दफा हो जाओ। वरना रामपुरी की खरोंच जीवन भर याद करोगे। चुपचाप घड़ी उतार कर भानुजी को सौंपी और दनदनाता हुआ पुलिस स्टेशन के इंचार्ज से जा भिड़ा-'इंस्पेक्टर साहब, आपके होते हुए मेरी घड़ी दिन-दहाड़े भानु प्रताप ने उतरवा ली है, उसे अरेस्ट करिये, मैं उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराता हूँ। इंस्पेक्टर की आँखें खुली की खुली रह गई, बोला-'हम उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकेंगे। 'वह क्यों? 'वह एक अखबार का संपादक है। सम्माननीय व्यक्ति है। जनसमर्थन उसके साथ है। कल कोई बलवा हो जाये। 'इंस्पेक्टर ज्यादा मत बनाओ। वह कोई सम्माननीय व्यक्ति नहीं है। वह एक गुण्डा-उठाईगीर है। तुम डर के मारे उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे। तुम्हें यह भी डर है कि वह तुम्हारे भ्रष्टाचार को अपने अखबार के जरिये खोल देगा। लेकिन तुम नहीं माने तो मैं, इस मामले को लेकर आगे तक जाऊँगा। मैंने कहा। इंस्पेक्टर ने सोचा जान छूटी, वह प्रसन्नता से बोला-'यह मामला ही आगे तक ले जाने का है। मेरे पास तो ऐसे संगीन मामले आते नहीं। आप आगे जाओ। मैं आगे गया तो एसपी पहले से ही मूड बनाये बैठा था, बोला-'मेरे बस की बात नहीं है। आईजी साहब के पास जाओ। मैंने कहा-'ये क्या हो रहा है? एस.पी. बोला-'वही हो रहा है जो नहीं होना चाहिए।



पूरन सरमा

# भारत-पाक के बीच रिश्तों की डोर भी है चिनाब नदी



चिनाब नदी

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं व संस्कृतियां फली-फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील भी बनाना जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे।

चिनाब नदी भले आकार में गंगा या ब्रह्मपुत्र जैसी न हो, पर राजनीतिक, भौगोलिक और कूटनीतिक दृष्टि से इसकी महत्ता विशाल है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसके कूटनीतिक महत्व को देख ही चुके हैं। यह भारत-पाक संबंधों की संवेदनशील सूत्र है। इसके बावजूद चिनाब नदी देश की संस्कृति, अर्थव्यवस्था, राजनीति और पारिस्थितिकी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश में दो प्रमुख जलधाराओं चंद्रा और भागा के संगम से निकलती है। ये दोनों धाराएं लाहौर और स्पीति क्षेत्र में स्थित है। इसकी कुल लंबाई 974 किलोमीटर है, जिसमें से यह 486 किलोमीटर भारत में बहती है। अपने मूल स्त्रोत से आगे बढ़कर यह जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होकर बहते हुए आगे जाकर पाकिस्तान में प्रवेश कर जाती है। भारत में चिनाब का प्रवाह मुख्यतः जम्मू क्षेत्र से होकर होता है। इस क्षेत्र में यह पूंछ, डोडा, किश्तवाड़, रियासी, रामबन और कठुआ जिले को प्रभावित करती है। पाकिस्तान में यह पंजाब, प्रांत के मध्य से होकर गुजरती है और आगे जाकर सतलुज में मिल जाती है, यह मिलन पंजाब का वृहद सिंचाई तंत्र बन जाता है। भारत की सबसे बड़ी नदियों की सूची में यदि हम केवल लंबाई, जलग्रहण और प्रभाव क्षेत्र को आधार मानें, तो गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, गोदावरी, नर्मदा, यमुना और सतलुज नदियां चिनाब के ऊपर आती हैं। लेकिन चिनाब नदी, सिंधु नदी प्रणाली की पांच प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। इसकी अन्य चार नदियां हैं- झेलम, सतलुज, रावी और ब्यास। रणनीतिक दृष्टि से यह भारत की शीर्ष 10 नदियों में से एक है। क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान की जल संधि का केंद्र बिंदु है। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर हुए थे, इस संधि के तहत तीन पूर्वी नदियां रावी, ब्यास और सतलुज भारत के अधिकार में आयी थीं, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान को दी गईं। परंतु भारत को इनके सीमित उपयोग का अधिकार दिया गया। जैसे- सिंचाई, बिजली उत्पादन तथा बाढ़ नियंत्रण आदि। इस संधि के अंदर चिनाब नदी पाकिस्तान के लिए जीवनरेखा जैसी है। क्योंकि पंजाब प्रांत का बड़ा हिस्सा कृषि सिंचाई के लिए इसी पर निर्भर है। भारत ने चिनाब नदी पर कुछ महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित की हैं, जिनमें प्रमुख हैं-

- बगलीहार परियोजना- जो कि 450 मेगावाट की जम्मू में स्थित जलविद्युत परियोजना है।
- पकलडूल परियोजना- यह 1000 मेगावाट की परियोजना है और किश्तवाड़ में स्थित है। तीसरी 850 मेगावाट की रातले परियोजना है।

इन परियोजनाओं पर पाकिस्तान ने कई बार आपत्ति जतायी है और विश्व बैंक तक मामला पहुंचा है। विशेष रूप से बगलीहार को लेकर 2005 में विवाद हुआ था। जिसे तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा भारत के पक्ष में निपटाया गया। फिलहाल भारत ने पहलगाम घटना के बाद सिंधु जलसंधि को स्थगित कर दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा।

चिनाब घाटी अपनी भौगोलिक और पारिस्थितिकी के महत्व और जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी जानी जाती है। चिनाब घाटी क्षेत्र में दुर्लभ पर्वतीय वनस्पति और जीव जंतु पाये जाते हैं। यह क्षेत्र हिमालयन इकोजोन का हिस्सा है और कई वन्य जीव अभ्यारण्यों के निकट है। चिनाब का जलवायु और पारिस्थितिकी पर प्रत्यक्ष प्रभाव है। इसका मुख्य जलस्रोत हिमनद हैं। ग्लेशियरों के पिघलने के कारण नदी के प्रवाह में अनिश्चितता आयी है। इस कारण गर्मियों में अकसर बाढ़ और सर्दियों में जल की कमी देखी जाती है। इससे स्थानीय पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों प्रभावित होते हैं। **वीना गौतम.**

## आप की बात

### कानून का भय जरूरी

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बेरोजगारी का कारण

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवक ने साड़ी के सहारे लगायी फांसी

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विनायकपुर गांव में 25 वर्षीय युवक ने साड़ी के सहारे आत्महत्या कर ली है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत कुमार पुत्र रामखेलावन उम्र 25 वर्ष द्वारा साड़ी के सहारे आत्महत्या कर ली है। अनुज कुमार का विवाह बीते दो सप्ताह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था जबकि उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से विवाह हुआ था इसके बाद अनुज कुमार किसी बात को लेकर नाराज हो गया जिससे उसने साड़ी के सहारे आत्महत्या कर ली जब सुबह परिजनों ने अनुज कुमार के शव को दिखा तो उसकी सूचना बछरावां पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक जितेश सिंह द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला प्रौढ़ का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बसौढी गांव में रविवार सुबह प्रौढ़ का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रौढ़ की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थानाक्षेत्र बसौढी निवासी एखलाक अहमद(55) रविवार को घर पर अकेले मौजूद थे। परिजन के अन्य सदस्य कहीं गए हुए थे। सुबह ग्यारह बजे एखलाक अहमद की माँ बकरी चरा कर घर आई तो कमरे का अंदर का नजारा देखकर दंग रह गई। एखलाक का शव छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे लटक रहा था। हल्ला गुहार में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गंभीर हालत में परिजन एखलाक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को जब पोस्टमार्टम के बाद शव पहुँचा तो परिवार में कोहराम मच गया।

## किशोर को विपक्षियों ने मारा, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** रंजिश बस घर से बुलाकर तालाब पर ले जाकर एक किशोर को विपक्षियों ने मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव की झीना पत्नी निजामुद्दीन का आरोप है कि उसके पुत्र कुर्बान (16) को शुक्रवार की शाम बहला फुसलाकर गांव में स्थित तालाब पर खेलने के लिए बुलाकर ले गए। तालाब पर पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षियों ने कुर्बान को लोहे के पंजे एवं लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की मां की तहरीर पर शनिवार को देर शाम पुलिस ने गांव के ही कोहिनूर, फारूख एवं दस अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## किशोर को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बाइक के टक्कर मार देने से एक बच्चे को गंभीर चोटे आई। कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले के विजय शंकर पांडेय का आरोप है कि उनका पौत्र देव पांडेय (8) 20 मई को शाम सात बजे घर के सामने खेल रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार जिला मुख्यालय के एक अस्पताल में चल रहा है, विजय शंकर पांडेय की शनिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# जनसुनवाई ही जनकल्याण का मूल आधार : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने लालूपुर चौहान स्थित अपने आवास पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों ने साझा की गई समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनसुनवाई जनकल्याण का मूल आधार है। उन्होंने जनता के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के विकास और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विभिन्न मुद्दों, जैसे बुनियादी सुविधाओं, सड़क, पानी, बिजली और अन्य स्थानीय समस्याओं को उनके समक्ष रखा। अदिति सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी। इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने विधायक के इस प्रयास की सराहना की। यह जनसुनवाई कार्यक्रम न केवल जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का सेतु बना, बल्कि क्षेत्र में विकास और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

**तिरंगा यात्रा से गदगद पूर्व सैनिकों ने अदिति सिंह का किया सम्मान**

**रायबरेली।** राष्ट्र के सैनिकों के शौर्य और पराक्रम का देश सदैव ऋणी रहेगा, भारतीय सैनिकों के आगे आतंकवादियों घुसपैठियों तथा देश विरोधी गतिविधियों को देश के वीर सैनिक पनपने नहीं देंगे। उक्त उद्गार सदर विधायक अदिति सिंह ने व्यक्त किए। विधायक अदिति सिंह ने 25 मई को सदर विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया था। इस यात्रा का उद्देश्य सैनिकों के मनोबल को बढ़ाना और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था। इस गौरवपूर्ण सफल कार्यक्रम के उपरांत रविवार को बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों द्वारा सदर विधायक को सैनिकों के सम्मान एवं मनोबलवर्धन हेतु उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए राही ब्लॉक सभागार में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस समारोह में सैनिकों के साथ-साथ जिले के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल में एनआरसी केंद्र का किया निरीक्षण

**अमेठी।** शासन द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंडों में कराए गए विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी/विशेष सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रबंध निदेशक यूपी डिस्काम उत्तर प्रदेश नेहा जैन द्वारा अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज अंतिम दिवस जिला अस्पताल में एनआरसी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान एनआरसी सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा दिनांक 31 मई को विकासखंड जामों व शुकुलबाजार में विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें विकासखंड जामों की ग्राम पंचायत भोएं में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया तदोपरांत ब्लॉक कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया, इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों का निरीक्षण कर जन सामान्य को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तत्पश्चात ग्राम दक्खिनवारा में प्राथमिक विद्यालय, प्रधानमंत्री आवास, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत महोना पश्चिम में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने बीसी सखी, विद्युत सखी, समूह की महिलाओं एवं पंचायत सहायक से वार्ता किया तदोपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुलबाजार का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद हरखूमऊ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अनुदानित एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पोषाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया गया। आकांक्षात्मक विकासखंड शुकुलबाजार में मल्टीपरपज उपयोग के लिए बनाई जा रही बिल्डिंग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में निमार्णाधीन आवासीय भावनों का निरीक्षण किया वहीं हरखूमऊ में नोडल अधिकारी ने अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर ग्राम वासियों से शुद्ध पेयजल के बारे में जानकारी ली।

# खुली जगह पर नहीं होगी कुर्बानी : क्षेत्राधिकारी




**महराजगंज, रायबरेली।** आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाने वाला महराजगंज क्षेत्र आने वाले बकरीद के त्यौहार को मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाएं। यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या किसी भी हिंदू व मुस्लिम भाई को होती है तो मुझको व थाने के सीयूजी नंबर पर फोन कर सूचित करें तत्काल मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह उद्गार आज कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की विशाल बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व्यक्त कर रहे थे। नवागत क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित पहली पीस बैठक में कोतवाली परिसर में सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए और अपने नवागत क्षेत्राधिकारी से आप बीती बताई। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा कुबार्नी के रूप में प्रतिबंधित जानवरों का कटान मना है, यदि किसी के भी द्वारा ऐसा कृत्य किया गया तो उस पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। वहीं यह भी कहा कि यदि कहीं पर कोई विवाद व गंदगी का अंबार या नाली में साफ सफाई या कहीं विद्युत व्यवस्था जैसी कोई भी परेशानी आती है तो तुरंत अवगत कराएं उसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा तथा किसी भी व्यक्ति द्वारा कुबार्नी खुले में नहीं होनी चाहिए नियम के अनुसार पालन करते हुए कुबार्नी की जाए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई रोहित कुमार, एस आई राजवीर सिंह, एस आई सचिन सिंह, हेड मोहर्रिर रवि कान्त पांडे, मुंशी अजय चैधरी, चंद्रपाल सहित अनेक ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाली मेधावी छात्राएं पुरस्कृत

**लालगंज, रायबरेली।** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज की हाई स्कूल की छात्राअदिति चैधरी और बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज की इंटर की छात्रा शिखा अग्रहरि को बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर आल खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मेधा को सम्मान मिलने से उसमें और अधिक कुछ कर गुजरने की भावना जागृत होती है। इसके साथ ही अन्य बच्चों में भी प्रेरणा का संचार होता है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह आगे चलकर राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। भाजपा नेता जेपी सिंह, समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता सत्यम शुक्ला ने भी बालिकाओं को शुभाशीष प्रदान किया।

# तालाब में भरा पानी, कागज में हो रही इसकी खुदाई




**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौगवां में गाटा संख्या 237 में स्थित तालाब में मौजूदा समय में पानी भरा हुआ है, पर कागज पर इसकी खुदाई का कार्य चल रहा है। जबकि मौके पर एक भी मजदूर दिखाई नहीं पड़ते। खुदाई का कार्य नहीं चल रहा है, इसके बावजूद मास्टर रोल भी मनरेगा की वेबसाइट पर दर्ज किया गया है और कई दिनों से इस तालाब पर ऑनलाइन मास्टर रोल पर मजदूरों को कार्य करता दिखाया गया है। वही रोजगार सेवक का कहना है कि तालाब चार भागों में बंटा है, तीन भाग में पानी भरा हुआ है, एक भाग सूखा है, उस पर कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2021-22 में लगभग आठ लाख खर्च से खुदाई का कार्य दिखाया गया है और मई वर्ष 2025 से खुदाई का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही तालाब में कितनी बार खुदाई दिखाई जाएगी। ग्रामीण रविंद्र नाथ द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्थलीय जांच कराए जाने तथा मास्टर रोल को शून्य करने तथा सरकारी धन का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# राजेश सिंह अध्यक्ष और कृपा शंकर शुक्ला महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

- ग्राम विकास अधिकारी संघ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



**सुलतानपुर।** ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा सुलतानपुर का वार्षिक अधिवेशन रविवार को विकास भवन में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से ग्राम विकास अधिकारियों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया और संगठन को नई दिशा देने के लिए सक्रियता से योगदान दिया। अधिवेशन की अध्यक्षता संघ के संरक्षकगण चंद्रभूषण तिवारी व गुलाब चंद्र मिश्र ने संयुक्त रूप से की, जबकि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी की देखरेख में संपन्न कराया गया। अधिवेशन में सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें राजेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, कृपा शंकर शुक्ला को महामंत्री, ऋषि मिश्रा को प्रांतीय प्रतिनिधि, जितेंद्र वर्मा को कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुमित्रा को महिला उपाध्यक्ष, रमेश कुमार मौर्य को संगठन मंत्री, सचिन कुमार गौड़ को संयुक्त मंत्री तथा रंजना को ऑडिटर चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

**सन्नो बानो को मिली जमानत**

**सुलतानपुर।** जनपद के प्रभारी सत्र न्यायाधीश राकेश पाण्डेय की अदालत ने पति की मौत के मामले में आरोपी सन्नो बानो को जमानत प्रदान कर दी है। सन्नो बानो पर आरोप था कि बीती 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे पारिवारिक विवाद के दौरान उसने अपने पति दिलशाद को धक्का दे दिया, जिससे वह बालकनी से गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की रिपोर्ट मृतक की मां ने कोतवाली नगर थाने में दर्ज कराई थी।

## हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर कब्जा करने की एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के पसनखेड़ा गांव में शंकर दयाल शुक्ला और मनोज शुक्ला के द्वारा आस्था से जुड़े हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने के प्रयास से नाराज गांव के संजीव कुमार, निखिल तिवारी, मीना देवी, अनीता, धरनी धर शुक्ला, संतोष कुमार आदि ने उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी से शिकायत कर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग की है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर अवैध कब्जा हो गया तो मंदिर और वट वृक्ष की पूजा करना असंभव हो जाएगा। जिस स्थान पर प्रतिपक्षी की गण अवैध कब्जा कर रहे हैं वहां पर सरकारी नाली भी बनी हुई है। उसको भी बाउंड्री वॉल के अंदर किए जाने का प्रयास हो रहा है। निखिल तिवारी ने बताया कि प्रतिपक्षी गणों को अवैध निर्माण करने से रोका गया तो गाली गलौज और हाथापाई पर उतर आते हैं। वास्तव में हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। वर्ष में कई बार महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है। वही हनुमान मंदिर में भी मंगल और शनिवार को विशेष पूजा होती है। लोगों का कहना है कि अगर विपक्षीगण अवैध निर्माण में सफल हो गए तो मंदिर और वट वृक्ष की ओर का रास्ता बंद हो जाएगा। वहीं एसडीएम ने थानाध्यक्ष को रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने का निर्देश दिया है।

# बीईओ ने छह अनुपस्थित शिक्षकों का निकाला वेतन

**रायबरेली।** बीइओ किस तरह से शिक्षकों का शोषण कर रहे हैं, इसकी बानगी अमावां में देखने को मिलती है। वेतन न रोकने का आदेश होने के बाद भी जबरदस्ती करके शिक्षकों का वेतन रोककर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। यही नहीं, प्रधानाध्यापकों से जबरदस्ती करके मानव सम्पदा आईडी और पासवर्ड लेकर अनधिकृत अवकाश में डालकर शिक्षकों को परेशान किया जाता है। अमावां ब्लॉक में बीइओ ऋचा सिंह की तरफ से किए गए निरीक्षण में दस सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गए थे। बीईओ की तरफ से किसी का भी वेतन रोकने के लिए प्रधानाध्यापकों पर कोई दबाव नहीं बनाया गया है। बीईओ कार्यालय की तरफ से प्राथमिक विद्यालय दुसौती की प्रधानाध्यापक शैल कुमारी के ऊपर 19 मई को अनुपस्थित पाई गई सहायक अध्यापक श्रद्धा सिंह का एक दिन का अवकाश अनधिकृत करने के लिए कहा गया। प्रधानाध्यापक की तरफ से जब ऑनलाइन इस काम को करने में असहजता दिखाई गई तो फिर उनसे विद्यालय का आईडी और पासवर्ड लेकर सहायक अध्यापक के अवकाश को अनधिकृत कर दिया गया है। अनधिकृत अवकाश होने से सहायक अध्यापक का एक दिन का वेतन नहीं निकल पाएगा। सबसे मजे की बात यह है कि महानिदेशक का स्पष्ट आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल पर अनुपस्थित दर्ज किए जाने के बावजूद बिना कारण बताओ नोटिस निर्गत कर स्पष्टीकरण प्राप्त किए बिना वेतन कटौती किया जाना नियम विरूद्ध है। लेकिन इसके बाद भी सहायक अध्यापक श्रद्धा सिंह को परेशान करने के लिए उनका एक दिन का वेतन अनधिकृत करा दिया गया। सूत्रों की माने तो ब्लॉक के अन्य अनुपस्थित सहायक अध्यापक सोनम मौर्या, सुशीला, घनश्याम, शिखा कनौजिया, सारिका व सरिता का वेतन निकाल दिया गया है। इन लोगों का वेतन अनधिकृत नहीं किया गया। सिर्फ श्रद्धा सिंह का वेतन अनधिकृत जबरदस्ती करा दिया गया है। बीईओ की तरफ से इस तरह की जा रही कार्रवाई से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर एक सहायक अध्यापक को परेशान करने के लिए यह सब कुछ किया जा रहा है।

**बीएसए ने बहाली का आदेश किया जारी :** बीएसए का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर कितनी लगाम है इसकी बानगी सहायक अध्यापक श्रद्धा सिंह के मामले में देखने को मिली। सहायक अध्यापक श्रद्धा सिंह का वेतन 19 मई 2025 को औचक निरीक्षण के मामले में जारी हुई नोटिस के क्रम में 28 मई को अपना लिखित स्पष्टीकरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया। उन्होंने मेडिकल अवकाश स्वीकृत होने से स्पष्टीकरण को स्वीकर कर वेतन बहाली का आदेश भी कर दिया। इसके बाद भी बीइओ व बीएसए की तरफ से आवश्यक कार्यवाही कर वेतन आहरित करने के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की तरफ से सिर्फ और सिर्फ पत्र-पत्र खेला होता रहा। मेडिकल स्वीकृत होने व वेतन बहाली का आदेश बनने के बाद शिक्षक का अनधिकृत अवकाश अपने आप अधिकृत अवकाश में बदल गया था, लेकिन इसके बाद भी उनका वेतन नहीं निकाला गया।

# किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में पांच पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** शौच के लिए घर से बाग की तरफ जा रही एक किशोरी के साथ छेड़खानी करते हुए किशोरी एवं उसकी मां को मारा पीटा, जिससे उनको काफी चोट आई। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शनिवार को शाम लगभग पांच बजे घर से शौच के लिए अकेले बाग की तरफ जा रही थी। रास्ते में ही गांव का एक युवक पहले से ही घात लगाए बैठा था। आरोप है कि किशोरी को देखते ही वह उसके ऊपर झपट पड़ा और अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी शुरू कर दी। किशोरी के विरोध करने पर उसे पटक पटक कर डंडे से मारा पीटा एवं कपड़े फाड़ दिए। हल्ला गुहार पर बीच बचाव करने पहुंची किशोरी की मां को भी युवक एवं उसके परिजनों ने मारा पीटा। जिससे मां बेटी को काफी चोट आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अमर बहादुर, बीकू, निर्मला, सोनी एवं बीकू के नाती के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर लिया है।

## डंपर की टक्कर से युवक की हुई मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दर्दनाक सड़क हादसा हो गया इस सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है 27 वर्ष से युवक कुछ निजी कार्यों से घर से निकला था और रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गया फिलहाल पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का होता है विकास : शिवेंद्र सिंह



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर के महराजगंज रोड पर प्रथम ग्रामीण नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन गत रात्रि में किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनके बीच 8 लीग मैच, चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमी फाइनल व एक फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच को छोड़कर सभी मैच चार-चार ओवर के कराए गए फाइनल मैच 5 ओवर का कल्ली पश्चिम लखनऊ और बिशनपुर बछरावां के बीच खेला गया। जिसमें कल्ली पश्चिम लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए बिशुनपुर बछरावां टीम को 49 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें बिशनपुर बछरावां टीम 49 रनों को 5 ओवर में हासिल करने में असफल रही और 45 रन ही 5 ओवर में बना सकी। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज अविरल रहे। जिन्होंने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी व विशिष्ट अतिथि शिरीष कुमार, लक्ष्मीकांत रावत भी मौजूद रहे। मैच के समापन के उपरांत शील्ड का वितरण मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के द्वारा किया गया। वहीं इस प्रतियोगिता में शील्ड के साथ विजेता टीम को 15000 रूपए नकद व उपविजेता टीम को शील्ड के साथ 7000 रूपए नकद मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए गए। इस मौके पर वार्ड नंबर एक के सभासद प्रतिनिधि आशीष कुमार उर्फ बाबी, संजय सिंह व आयोजक वैभव पटेल, आकाश, लंकेश, अनुज, देवेश, आशुतोष, अमन, सुमित, धनंजय, बाबा डीजे, व श्यामू लाइट मौजूद रहे।

# टॉपर पलक पांडेय सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआईसीई करौंदिया की कक्षा- 10 की मेधावी छात्रा पलक पांडेय ने हाईस्कूल परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर दरियापुर दल ट्रस्ट की ओर से उनके आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। पलक के पिता वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि पलक शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रखती रही है और कठिन परिश्रम से उसने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल रहा। उनकी माता मुकुट पांडेय व भाई कृष्णा पांडेय ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। सम्मान समारोह के दौरान दरियापुर दल ट्रस्ट की महिला विंग निदेशिका मीनाक्षी सिंह, चेयरमैन मोहम्मद शाहिद, जूनियर विंग डायरेक्टर युवराज सिंह, आकाश, मुख्य ट्रस्टी विकास राव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट की ओर से पलक को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

# गोमती मित्र मंडल ने गोमती तट की की सफाई

**सुलतानपुर।** भीषण गर्मी और आग उगलते आसमान के बीच भी गोमती मित्रों ने स्वच्छता व सेवा के अपने संकल्प को डिगने नहीं दिया। रविवार 1 जून को सीताकुंड धाम परिसर में सुबह 6 बजे से तीन घंटे का श्रमदान कर उन्होंने एक बार फिर मिसाल पेश की। संरक्षक रतन कसौधन और प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में श्रद्धा और समर्पण की अद्भुत झलक देखने को मिली। गोमती मित्रों ने न सिर्फ मंदिर परिसर की सफाई की, बल्कि श्राद्ध स्थल, जो आमतौर पर उपेक्षित रह जाता है, वहां भी श्रमदान किया। मां गोमती की जलधारा में उतरकर श्रद्धालुओं के लिए हानिकारक वस्तुएं और प्रदूषक तत्व निकालकर हटाए गए, जिससे जल की शुद्धता बनी रहे। शाम की आरती की भी विशेष तैयारी की गई। इस अभियान में मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना पाठक, सेनजीत कसौधन दाऊ, युवा मण्डल प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा, अभय मिश्रा, राजीव कसौधन, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, श्याम मौर्या, सुजीत कसौधन, उग्रसेन सिंह, आयुष, अनुज सिंह, अभय सोनी सहित दर्जनों गोमती मित्र शामिल रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गोमती मित्र न होते, तो सीताकुंड की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती। आमजन का यह समर्थन ही गोमती मित्रों का सबसे बड़ा उत्साहवर्धन है।



## कृष्ण जन्म पर खूब झूमें श्रद्धालु

**भेटुआ (अमेठी)।** श्रीमद भगावत कथा मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है उक्त बाते रामतीरथ नगर विनोवापुरी मे चल श्री मदभागवत कथा मे शनिवार को कथा के चौथे दिन प्रवचक आचार्य श्री नीरज कृष्ण पाण्डेय ने श्रोताओ के समक्ष कही। क्षेत्र के राम तीरथ नगर विनोवापुरी मे कथा आयोजक गणपति दयाल पाण्डेय के यहाँ चल रही श्री मदभागवत कथा के चौथे दिन अयोध्या धाम से आये कथा वाचक आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय ने अजामिल की कथा, हिरण्यकश्यप की कथा व श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। श्री कृष्ण जन्म की कथा बताते हुए कथा व्यास कहते है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म द्वापर युग मे हुआ था। कंस के अत्याचारों से मथुरा की प्रजा त्राहि त्राहि कर रही थी। जब देवकी का विवाह वासुदेव से हुआ तो कंस अपनी बहन को बड़े प्यार से उसके ससुराल छोडने जा रहा था अभी कुछ दूर ही गया था कि उसको आकाशवाड़ी सुनाई पड़ा कि हे कंस जिस बहन को तू इतने प्यार से उसके घर छोड़ने जा रहा है उसका आठवा पुत्र तुम्हारा काल होगा। यह सुन वह बड़ा क्रोधित हुआ और बासुदेव व देवकी को कैद मे डाल दिया। अष्टमी के दिन भगवान ने माथुरा मे जन्म लिया उनके जन्म लेते ही बासुदेव की हथकड़िया टूट गयी और वे भगवान श्री कृष्ण को वे गोकुल नंद घर छोड़ आये। बड़े होकर श्री कृष्ण ने माथुरा आकर कंस का वध कर प्रजा को कंस के अत्याचार से मुक्त कराया।

## एक दर्जन से अधिक घरों में चोरी

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के आवासीय कॉलोनी में बदमाशों ने पांचवीं बार रेल कोच कर्मी अजीत कुमार, रामेश्वर मीणा, मनोज कुमार, राजेश्वर सिंह, जयदेव मीना, महताब सहित 8 घरों में चोरी कर रेलवे पुलिस फोर्स और रेल कोच प्रशासन को खुली चुनौती दी है। वहीं चोरी की घटना से रेल कोच के कर्मचारियों में दहशत का आलम व्याप्त है। मॉडर्न रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर में रविवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब बड़ी चोरी की वारदात की घटना हो गई। टाइप-2 क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन से अधिक घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की घटना उन घरों में हुई, जिनके परिवार छुट्टियों में बाहर गए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी में हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं हो पाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस और रेल कोच फैक्ट्री के आरपीएफ विभाग की टीम संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है।

संक्षेप

## ट्रेनों में चलाया गया चेकिंग अभियान

**टूंडला।** टूंडला-आनंद विहार एवं नई दिल्ली-टूंडला खंड में उप मुख्य यातायात प्रबंधक, अमित आनंद एवं सहायक वाणिज्य प्रबंध, अन्जय कुमार सिन्हा के सुपरविजन में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान में गाडी सख्या 12815 पुरी-आनंद विहार टर्मिनल नंदन कानन सुपरफास्ट एक्सप्रेस & 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्व एक्सप्रेस की सघन चेकिंग की गयी। इस अभियान में बिना टिकता, अनियमित यात्रा, बिना बुक सामान, धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के लिए कुल 132 यात्रियों को प्रभारित कर 76,885/- जुर्माना वसूल किया गया। रेल प्रशासन द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित टिकट यात्रा को रोकने के लिए इस तरह के अभियान सघनता से चलाये जायेंगे। रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएँ, कूड़ा कूड़ेदान में ही डाले तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें।

## 84 वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर एनबीडब्ल्यू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए रविवार रात्रि में 84 अभियुक्तों जिसमें 82 एनबीडब्ल्यू वांछित वारण्टी व 2 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना उत्तर 3, थाना दक्षिण 8 रामगढ़ 3 रसूलपुर 3 थाना टूंडला 3 पचोखरा 3 रजावली 2 नारखी 6 नगला सिंघी 4 सिरसागंज 12 नगला खंगर 2 थाना शिकोहाबाद 7 खैरगढ़ 2 मक्खनपुर 3 जसराना 4 एका 5 फरिहा 2 थाना लाइनपार 5, मटसेना 6 बसई मोहम्मदपुर 1, इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा रात्रि में अभियान चलाकर मात्र 05 घण्टे में 82 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 02 अन्य वांछित अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 84 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

मथुरा। वृंदावन कोतवाली की मथुरागेट पुलिस चैकी क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीतीरात फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के कारणों की अभी जानकारी नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बताया गया कि वृंदावन के कालेबाबू हास्पिटल के पास परिवार के साथ रहकर मजदूरी करने वाले कालीचरण पुत्र लीला निवासी गांव मुड़सेरा गोवर्धन ने कल रात अपने घर में फांसी लगा ली।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

**मथुरा।** थाना कोसीकलां क्षेत्र के घंटाघर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे तोड़कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर मोहल्ले में विद्युत सजावट का काम करने वाले मनीष (24) पुत्र राजेंद्र सिंह का शव बीती देरसायं उसके घर के कमरे की दूसरी मंजिल पर पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता मिला जिससे पूरे परिवार में हाहाकार मच गया। बताया गया कि मनीष की एक वर्ष पहले शादी हुई थी और उसकी पत्नी दो महीने से अपने मायके फरीदाबाद में रह रही थी।

# रेस्टोरेंट में शौचालय के पानी से धुल रहे बर्तन, संचालक पकड़ा गया




**मथुरा।** बरसाना के एक होटल में एक बहुत ही शर्मनाक घटना सामने आई है, यहां होटल के बर्तनों को शौचालय के गंदे पानी से धोया जा रहा था और फिर उन बर्तनों में खाना परोसा जा रहा था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों में काफी नाराजगी और गुस्सा देखने को मिला। लोगों ने जमकर होटल की आलोचना की। बरसाना पुलिस ने होटल के संचालक मामा और भांजे को हिरासत में लेने के लिए छापेमारी की।

एसपी देहात सुरेश चंद रावत के अनुसार, वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किशोर अस्वच्छ स्थान पर बर्तन साफ कर रहा है। संभवतः इन्हीं बर्तनों में ग्राहकों को भोजन परोसा जाता था। नाबालिग होने के कारण होटल संचालक के भांजे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। बरसाना थाने के एसआई अवधेश कुमार पुरोहित ने बताया-31 मई को सोशल मीडिया पर टॉयलेट में बर्तन धोने का वीडियो सामने आया। होटल में टॉयलेट के अंदर एक किशोर बर्तनों को गंदे दूषित पानी से धो रहा था। इस पर आसपास के लोगों ने आक्रोश जताया। सूचना पर में स्वयं और कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार गोवर्धन रोड पर बीके बृजवासी फैमिली रेस्टोरेंट पर पहुंचे और छानबीन के बाद आरोपितों को हिरासत में ले लिया। होटल संचालक पर सिर्फ गंदा पानी इस्तेमाल करने का ही नहीं, बल्कि संक्रमित खाना परोसने व चाइल्ड प्रोटेक्शन के तहत भी कार्रवाई की गई है। क्योंकि होटल में नाबालिग लड़कों को शौचालय का पानी बर्तन धोने के लिए इस्तेमाल करते है। होटल का संचालक भूरा खान है। जो मथुरा के इलियास खिड़की के मोहल्ला शेरगढ़ का निवासी है। रविवार को लोगों ने कहा श्रद्धालुओं व ग्राहकों की भावनाओं से बड़ा खिलवाड़ किया गया है, लोगों ने प्रशासन से कार्रवाई करने की भी मांग की। वहीं, इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया। बरसाना के गोवर्धन रोड पर स्थित इस होटल के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने होटल के संचालक और उनके भांजे को हिरासत में लिया गया।

## 2.78 लाख की अवैध शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र अंतर्गत गांव बरारी चैकी मोड़ से हरियाणा से बिहार तस्करी को जा रही 2.78 लाख की अवैध शराब रिफाइनरी पुलिस के सहयोग से आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी है। पुलिस ने दो तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

मथुरा। जनपद के आबकारी विभाग ने जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह के निर्देशन एवं आबकारी निरीक्षक निहांत यादव के नेतृत्व में दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना रिफाइनरी के अंतर्गत बरारी मोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग की एसक्रॉस कार संख्या एचआर-10वी/0444 में अवैध रूप से शराब छुपा कर हरियाणा से दरभंगा बिहार तस्करी को ले जायी जा रही थी। आबकारी निरीक्षक निहांत यादव ने अपनी टीम और रिफाइनरी पुलिस के सहयोग से चैकिंग अभियान चलाया और उक्त कार की तलाशी ली। जिसमें 268 बोतल एवं 349 हाफ रॉयल ग्रीन ब्रांड एवं 22 बोतल ऑफिसर चॉइस ब्रांड की बरामद हुए।



आबकारी विभाग और रिफाइनरी पुलिस ने मौके से शराब तस्कर गोविंद पुत्र मैहर सिंह निवासी ग्राम गढी हकीकत थाना मोहना सोनीपत तथा सचिन पुत्र चांदराम निवासी रतनगढ़ थाना सोहना जिला सोनीपत को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर शराब तस्करों को जेल भेज दिया है। पकड़ी गई शराब की बाजार कीमत 278000 रुपये आंकी गई है।

## थाना नगला सिंघी क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन का वीडियो वायरल



**टूंडला।** थाना नगला सिंघी क्षेत्र में हो रहा है अवैध खनन जिसका रविवार की दोपहर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वायरल वीडियो में साफ साफ दिख रहा है कि एक खेत में कई सारे डंपर खड़े हैं और जेसीबी से मिट्टी खनन कर डंपरों में भरी जा रही। वायरल वीडियो थाना नगला सिघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा का है, जहां बेखौफ अवैध खनन किया जा रहा है, वीडियो के वायरल होने पर प्रशासन पर प्रश्न उठना लाजमी है, आखिर प्रशासन के द्वारा बार बार बयान दिया जाता आ रहा है कि क्षेत्र में अवैध खनन पूरी तरह बंद है, किसी भी तरह का अवैध खनन नही होने दिया जाएगा। फिर आए दिन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के वीडियो सामने आ रहे हैं, अभी दो दिन पहले ही एसडीएम टूंडला ने अवैध मिट्टी खनन कर ले जाते हुए दो डंपरों को पकड़ा था। आखिर खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद इतने बड़े पैमाने खनन के वीडियो सामने आ रहे हैं, यह अपने आप में कहीं न कहीं प्रशासन की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। इस मामले में तहसीलदार राखी शर्मा का कहना है कि क्षेत्र कहीं भी अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## परिवार परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी को मिलाया

**टूंडला।** पति-पत्नी में घरेलू बातों को लेकर विवाद हो जाने के कारण पिछले दो महीने से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। पति-पत्नी का मामला थाना टूंडला परामर्श केंद्र पर महिला उपनिरीक्षक ने काउंसलिंग करा दोनों को मिला दिया। साथ ही दोनों की सहमति से आपसी समझौता हो गया। आगरा के एक मोहल्ले निवासी मुमताज की शादी टूंडला के एक मोहल्ले निवासी उजैर के साथ चार साल पहले हुई थी। दोनों पति-पत्नी से दो बच्चे हैं। दोनों पक्षों में आपसी मतभेद के कारण विवाद हो गया था। विवाद के बाद विवाहिता अपने घर रह रही थी। पति-पत्नी का मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। परामर्श केंद्र पर तैनात प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अलवीना पठान ने दोनों पति-पत्नी की काउंसलिंग कराई। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से समझौता हो गया। दोनों पति-पत्नी राजी खुशी एक साथ चले गए। दोनों पति-पत्नी ने खुश होकर गुलाब का फूल दिया तो उनके बच्चे खुश हो गए। दोनों पति-पत्नी ने खुशी-खुशी परिवार परामर्श केंद्र से रवाना हो गए।

## दोपहिया वाहनों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

**फिरोजाबाद।** जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण व अपराधियों की धरपकड़ के उद्देश्य से संदिग्ध दोपहिया वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 06 मोटरसाइकिल चालकों द्वारा नंबर प्लेट नहीं लगाई गई थी, इन सभी 06 वाहनों के विरुद्ध धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि यह अभियान अपराधों में प्रयुक्त वाहनों की पहचान तथा अपराधियों तक पहुँचने के उद्देश्य से निरंतर जारी रहेगा। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों पर स्पष्ट व वैध नंबर प्लेट लगवाएं तथा सभी वैधानिक दस्तावेज साथ लेकर चलें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा वाहन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## 9 से 21 जून तक आयोजित होगी चार धाम उत्तराखंड यात्रा

**मथुरा।** 9 से 21 जून तक श्री राम मित्र मंडल के तत्वावधान में महंत रामदेव चतुर्वेदी की प्रेरणा से आयोजक कुश देव चतुर्वेदी एवं सह आयोजिका श्रीमती प्रिया चतुर्वेदी एवं श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी द्वारा चारधाम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मथुरा मुंबई बड़ोदरा हरिद्वार आदि जगहों के लोग सम्मिलित होने जा रहे हैं। चार धाम यात्रा के आयोजक कुश देव चतुर्वेदी ने बताया है कि 9 जून को मथुरा से रवाना होने वाली चार धाम उत्तराखंड यात्रा के पहले चरण में हरिद्वार यमुनोत्री गंगोत्री केदारनाथ बद्रीनाथ एवं वापसी में ऋषिकेश आदि तीर्थ स्थलों के दर्शन श्रद्धालुओं को करने को मिलेंगे। उनके परिवार के द्वारा पहली बार तीर्थ यात्रा समिति का संचालन 1998 में कौशल किशोर के आशीर्वाद से रामदेव चतुर्वेदी द्वारा अयोध्या काशी चित्रकूट आदि यात्रा कराकर किया गया। उसके उपरांत पशुपति नाथ मुक्ति नाथ की यात्रा करायी। 2016 में चार धाम में प्रथम रामेश्वरम धाम यात्रा 108 पंडित एवं 200 यात्रियों के समूह में करायी थी। उसी क्रम में 2017 में जगन्नाथ धाम 2018 में द्वारिका धाम एवं 2022 में बद्रीनाथ धाम सहित अन्य 3 धाम केदारनाथ गंगोत्री यमुनोत्री की यात्रा करायी गई थी। 2024 में संपूर्ण दक्षिण भारत यात्रा सम्पन्न करायी। यात्रा में लोगों के रहने खाने पीने एवं वाहन आदि की उत्तम व्यवस्था दी जाती है। यात्रा के आयोजक कुश देव चतुर्वेदी का कहना है कि आगामी दिसम्बर में अयोध्या काशी चित्रकूट आदि सहित गंगा सागर जगन्नाथ पूरी कामाख्या वैद्यनाथ धाम आदि की यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उसके पश्चात जनवरी 2026 में पुनः दक्षिण भारत की यात्रा जुलाई 2026 में अमरनाथ एवं दिसम्बर 2026 में पशुपति नाथ धाम की यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

● सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त धार्मिक आध्यात्मिक यात्रा में होंगे शामिल

## डिलीवरी के दौरान बच्चा व महिला की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा



**मथुरा।** जिले के थाना राया क्षेत्र अंतर्गत सैनी कॉलोनी स्थित जी डी एम हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत की मौत हो गयी। महिला की मौत होने पर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर थाना राया पुलिस मौके पर पहुंच गयी। लोगो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हंगामा देख चिकित्सक हॉस्पिटल छोड़कर फरार हो गए।

राया कस्बे के गांव सिमाना निवासी शशिपाल की पत्नी अनिता (24) को परिजन डिलेवरी हेतु प्राइवेट हॉस्पिटल जी डी एम में रविवार सुबह लेकर भर्ती किया था। डिलेवरी के दौरान प्रसूता की मौत हो गयी। प्रसूता की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा हंगामा देख चिकित्सक स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। हंगामे की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल मोके पर पहुंच गए। और लोगो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और जांच प्रारम्भ कर दी है।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर चलती बस में लगी आग

मथुरा। थाना सुरीर क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर तड़के एक बड़ा हादसा टल गया, जब थाना माइल स्टोन 88 के पास एक चलती बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि बस में उस समय केवल चालक और परिचालक ही मौजूद थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना देर रात करीब 1 बजे की है, जब बस संख्या यूपी 85 बीटी 8439 नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। जैसे ही बस थाना सुरीर क्षेत्र में पहुंची, चालक ने अचानक धुआं उठता देखा। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को एक्सप्रेस वे किनारे रोक दिया और परिचालक के साथ सुरक्षित बाहर निकल आया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## शहादत दिवस पर याद किये गुरु अर्जन देव, राहगीरों को पिलायी मीठी शर्बत

**टूंडला।** सामाजिक संस्था आप और हम ने स्टेशन रोड स्थित स्टैट बैंक ऑफ इंडिया के निकट गुरु अर्जन देव की शहादत दिवस के उपलक्ष्य में मीठा शरबत वितरण का आयोजन किया। सामाजिक संस्था ने सिख धर्म के पांचवें गुरु साहिब गुरु अर्जन देव महाराज की शहादत दिवस पर शरबत वितरण का कार्यक्रम किया। शरबत वितरण कार्यक्रम क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी के नेतृत्व में किया




गया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव मानवता के पुंज और सिखों के पांचवें गुरु थे। सिख धर्म के पहले शहीद गुरु अर्जन देव का जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल साहिब तरनतारन पंजाब में हुआ था। उनका विवाह माता गंगा के साथ हो गया था। दोनों का एक पुत्र हुआ जिनका नाम हरगोविंद सिंह था। जो बाद में सिखों के छठवें गुरु बने। गुरु अर्जन देव ने वर्ष 1604 में अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे की नींव रखी थी। इस दौरान सुशील कुमार यादव, उपासना यादव, वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव, दीपक सलूजा, संरक्षक सरदार मनमंदिर सिंह, कमलेश यादव, राजू गांधी, सरदार अमरजीत सिंह गोरे, जंग बहादुर सिंह अरोरा, सरदार अजीत सिंह मेहर, पवन कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुआ स्वस्थ भारत शपथग्रहण समारोह का आयोजन




**मथुरा।** सामाजिक संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ वृंदावन के तत्वाधान में स्थानीय बड़ा रास मंडल के सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वस्थ भारत एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महंत लाडली शरण महाराज के सानिध्य में तथा श्याम सुंदर गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजकुमार त्रिपाठी एवं सुरेश खंडेलवाल ने तंबाकू से होने वाले बीमारियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते हुए कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू ही है। प्रति 6 सेकंड में कैंसर से एक मौत हो जाती है, भारत तंबाकू उत्पाद का विश्व में दूसरा स्थान है। श्यामसुंदर गोस्वामी ने कहा के राम कथा में जो लोग देश के विभिन्न प्रांतो से आए हैं यदि वह राम कथा के अवसर पर यह शपथ ले कि वे आज से तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे तो उनका वृंदावन में आना तथा कथा श्रवण करना सार्थक हो जाएगा। ग्रुप के अध्यक्ष रजनीकांत शर्मा ने तथा संयोजक इंजीनियर विजय किशोर शर्मा ने अतिथिगणों का स्वागत किया। प्रशासनिक निदेशक देवेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वस्थ भारत का निर्माण करके हम देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए दृढ संकल्पित हैं। आज लोगों की बीमारियों पर अरबों रुपए खर्च हो रहा है। यदि देश का हर नागरिक योग को अपनाये प्रकृति के साथ मिलकर रहे उचित आहार विहार करें तो करोड़ों रुपए बीमारियों पर जो खर्च होते हैं बच जाएंगे और देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने सभी लोगों को तंबाकू से बने उत्पादों को सेवन न करने की शपथ ग्रहण कराई स इस अवसर पर सुरेश खंडेलवाल, बृजेश कुमार गिरी, आर के अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## मनायी संत बिरागी बाबा की पुण्यतिथि

**मथुरा।** वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित बिरागी बाबा आश्रम मे बिरागी बाबा की 19 वी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस प्रातः 8 बजे से अखण्ड हरिनाम संकीर्तन वैष्णव मंडली द्वारा किया गया तथा द्वितीय दिवस प्रातः 7 से 9 बजे तक हनुमत आराधन मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ व संतो एवं ब्राह्मणों द्वारा आशीर्वचन और भावांजलि आर्पित की गई। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर के साधु संतो ने प्रसाद ग्रहण किया। संतों ने कहा कि सरलता, सेवा और मानवता की प्रतिमूर्ति महाराज श्री का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। आश्रम के



संचालक दिनेश तिवारी उर्फ रज्जन भइया ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी बैरागी बाबा महाराज की पुण्यतिथि धूमधाम से बनाई गई। उन्होंने कहा कि बाबा का जीवन समाज की सेवा में व्यतीत हुआ। आज बाबा की पुण्यतिथि पर नगर के संतो के साथ-साथ ब्राह्मणों ने बाबा को भावांजलि अर्पित की और उनके जीवन दर्शन तथा आदर्शों पर चिंतन किया। इस दौरान शुभम तिवारी, मयंक तिवारी, अनमोल तिवारी, सौनक तिवारी, राजू तिवारी, ओमनारायण तिवारी, प्रकाश नारायण तिवारी, राहुल शुक्ला, अमन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कुंजबिहारी अष्टक का पाठकर सरकार को सद्बुद्धि की प्रार्थना



**मथुरा।** वृंदावन में प्रसिद्ध बांकेबिहारी मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है, रविवार गोस्वामी समाज के लोगों ने राजभोग दर्शन के बाद मंदिर प्रांगण में कुंज बिहारी अष्टक का पाठकर प्रभु से शासन-प्रशासन की सद्बुद्धी देने की प्रार्थना की। आक्रोशित गोस्वामी समाज के लोगों का कहना था कि वे अपनी 15 पीढ़ियों से ठाकुरजी की सेवा करते आए हैं और स्वामी हरिदास जी के वंशज हैं। प्रभु बांकेबिहारी हमारे और परिवारों के जीवन का आधार है। अष्टक पाठ के माध्यम से प्रभु की अदालत में उनके द्वारा अरदास लगाई गई है कि समाज के हितों के साथ कोई खिलवाड़ न हो। कहा कि कॉरिडोर के नाम पर वृंदावन की कुंज गलियों और यहां की संस्कृति को समाप्त करना सरकार का अच्छा काम नहीं है। इसके लिए उसे कोई विकल्प ढूंढना चाहिए। देश-विदेश के लोग बड़ी आस्था के साथ बांकेबिहारी की एक झलक पाने को खिंचे नजर आते हैं। गोस्वामी समाज के लोगों का कहना था कि जिस तरह से कॉरिडोर में वृंदावन की कुंज गलियों का स्वरूप नष्ट करने का जो प्रस्ताव लाया गया है वह बृज की संस्कृति और वृंदावन की पहचान के लिए नुकसानदायक होगा। प्रस्तावित कॉरिडोर का जहां गोस्वामी समाज द्वारा विरोध किया जा रहा है। वहीं व्यापारी समाज भी इससे आक्रोशित है। उनका कहना है कि कई पीढ़ियों से ठाकुरजी के भक्तों के आवागमन से उनके व्यापार धंधे पनप रहे हैं। जिससे हजारों परिवार अपनी गुजर बसर करते हैं। प्रस्तावित कॉरिडोर से यह सब खत्म हो जाएगा। पिछले सात दिनों से गोस्वामी परिवार और वृंदावन के लोग कॉरिडोर के विरोध में धरना प्रदर्शन, पाठ और अलग- अलग तरह से विरोध जता रहे हैं।

## अनियंत्रित ट्रक ने बस में टक्कर मारी, एक की मौत, कई घायल

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के खराब खड़ी बस में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे एक यात्री की मौत हो गई कई घायल हो गए इनमें से एक को आगरा रेफर किया गया है। नोएडा से आगरा की ओर जाती बस संख्या एमपी 06 जेडई 5388 रविवार तड़के तीन बजे यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 100 के पास खराब हो गई तो चालक उसे किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच इसी दिशा से आते असंतुलित ट्रक संख्या यूपी 16 ओटी 9403 ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि बस में सवार उपेंद्र कौशल (48) पुत्र गोवर्धन लाल निवासी गांव मसूरी थाना पवई भिंड और यहीं के रहने वाले आकाश (18) पुत्र ब्रजेंद्र, नाजिर (55) पुत्र बाबू खान निवासी अम्बापास व दो अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी लगते ही मांट पुलिस और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई। और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उपेंद्र कौशल को मृत घोषित कर दिया। वहीं नाजिर को गंभीर अवस्था में आगरा रेफर किया गया। बताया गया कि बस सवारियों से खचाखच भरी हुई थी और खराब होने पर ज्यादातर संख्या में यात्री बस के आसपास टहल रहे थे।



# डीएम-एसएसपी ने की गोस्वामियों संग बैठक

**मथुरा।** वृंदावन श्री बांके बिहारी कॉरिडोर और अध्यादेश को लेकर चल रहे विरोध के बीच रविवार दोपहर को डीएम-एसएसपी और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने मंदिर के गोस्वामियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने बांके बिहारी न्यास ऑर्डिनेंस को पैरा वाइज गोस्वामियों को समझाने की कोशिश की लेकिन गोस्वामियों ने एक सुर में कहा कि उनको यह ऑर्डिनेंस वर्तमान स्थिति में कदापि मंजूर नहीं है।

श्रीबांके बिहारी मंदिर के वीआईपी रोड पर स्थित जुगल किशोर गोस्वामी के निकुंज भवन पर रविवार दोपहर को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर को लेकर सरकार जो अध्यादेश लाई है उससे मंदिर की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। इसके अलावा इस अध्यादेश से किसी का अहित नहीं होगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने



आश्वस्त किया कि जो इस समय पूजा पद्धति है वह निरंतर चलती रहेगी।

बैठक में शामिल मंदिर के पुजारी रजत गोस्वामी ने न्यास के लिए बनाई गई डीड पर आपत्ति जताई। रजत गोस्वामी ने कहा कि इस डीड में अन एक्सपेक्टेड अधिकार दिए गए हैं। इस अध्यादेश को लाकर सरकार ने आर्टिकल 25, 26 का हनन किया है। उन्होंने कहा कि हमको न्यास किसी कीमत पर स्वीकार नहीं है। बैठक में विलास गोस्वामी ने कहा कि सेवायत मंदिर की व्यवस्था, पूजा और परंपरा में सरकारी हस्तक्षेप नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि उनके निजी मंदिर में बाहर का व्यक्ति व्यवस्था क्यों देखेगा। हमको अल्प संख्यक बनाया जा रहा है। गोस्वामी मंदिर की व्यवस्था सुधारें इसके लिए आप सुझाव दीजिए। सरकार का धर्म है कि वह हमारी बात सुने। बैठक में एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि सभी का उद्देश्य है सबका भला हो किसी का नुकसान न हो। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने डीड पढ़कर सुनाई। उन्होंने कहा सेवा के लिए रोस्टर बनाया जाएगा यह कहा जा रहा है। यह सब अनर्गल बात हैं। सेवा पद्धति उसी तरह से चलेगी जैसी आज चल रही है। करीब एक घंटे तक चली मीटिंग में कई बार अधिकारियों ने गोस्वामियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन गोस्वामी ऑर्डिनेंस को न स्वीकार करने पर अड़े रहे। गोस्वामियों ने कहा कि उनको यह ऑर्डिनेंस मंजूर ही नहीं है। इसके बाद मीटिंग बेनतीजा रही और खत्म हो गई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा बातचीत का दौर खत्म नहीं हुआ आपस में बातचीत चलती रहेगी। इस बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक, सीओ सदर संदीप सिंह, अपर सिटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

संक्षेप

## प्याज उत्पादकों ने एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा

मुंबई। महाराष्ट्र में प्याज उत्पादकों के एक संगठन ने पिछले महीने राज्य में भारी बारिश के कारण किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है। महाराष्ट्र राज्य कांदा उत्पादक संगठन ने 29 मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा पारदर्शी प्याज खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। महाराष्ट्र में मई में अभूतपूर्व बारिश हुई है। पत्र में कहा गया है कि जलगांव, धुले, नासिक, अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे, सोलापुर, बीड, धाराशिव, सांगली, बुलढाणा, अकोला, परभणी और जालना जैसे प्याज उत्पादक जिले बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत दिघोले और नासिक जिले के प्रमुख जयदीप भदाने की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि छह मई से भारी बारिश के कारण पूरे राज्य में प्याज की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

## केनरा बैंक ने बचत खातों में न्यूनतम शेष पर खत्म किया जुर्माना

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) को जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसमें बचत खाते, वेतन खाते, एनआरआई बचत खाते आदि शामिल हैं। बैंक ने बयान में कहा कि यह आदेश एक जून, 2025 से प्रभावी हो गया है। केनरा बैंक के किसी भी बचत खाता ग्राहक को अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के लिए दंड या शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले, बैंक के ग्राहकों को अपने खाते के प्रकार के आधार पर न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि बनाए रखना पड़ता था। इन मानदंडों को पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाता था।

## किसानों के लिए चला जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली। किसानों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरी है अग्रणी कृषि कंपनी सिंजेंटा की नई पहल, जो वर्षों से गन्ने का कैंसर कहे जाने वाले रेड रॉट (लाल सड़न) नामक बीमारी से जूझ रहे किसानों को राहत दे रही है। यह फफूंदजनित बीमारी के कारण होती है और राज्य के मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, लखीमपुर, सहारनपुर जैसे गन्ना उत्पादक ज़िलों में किसानों की आमदनी पर गहरा असर डाल रही है। राज्यभर के किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। अब तक 540 गांवों में 48,000 से अधिक किसानों को जागरूक किया गया है, जिसमें मिट्टी की सेहत, फसल सुरक्षा और रेड रॉट की प्रारंभिक पहचान जैसे विषय शामिल हैं। रेड रॉट नमी और जलभराव वाले खेतों में तेजी से फैलती है, खासतौर पर वहां जहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। यह बीमारी गन्ने के अंदरूनी ऊतकों को सड़ा देती है, जिससे पौधों की बढ़त रुक जाती है और कभी-कभी पूरी फसल बर्बाद हो जाती है।

## सरकार ने दो साल में पहली बार एपीएम गैस की कीमत घटाई

नयी दिल्ली। सरकार ने वाहन के लिए सीएनजी और रसोई गैस के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत में दो साल में पहली बार कमी की है, जो बेंचमार्क दरों में गिरावट को दर्शाता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की एक अधिसूचना के अनुसार, नीलामी के बिना सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को आवंटित विरासती या पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.75 डॉलर से घटाकर 6.41 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी गई है। अप्रैल, 2023 में सरकार द्वारा इस तरह की गैस की कीमत के लिए एक नया फॉर्मूला लागू करने के बाद से यह पहली कटौती है। इससे इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी-टोटल गैस लिमिटेड जैसे शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को मदद मिलेगी, जो उत्पादन लागत में वृद्धि से दबाव में थे। अप्रैल, 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया।

# कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ से अधिक बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,01,369.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 प्रतिशत नीचे आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 34,852.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 59,233.61 करोड़ रुपये बढ़कर 6,03,120.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में एलआईसी ही रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 19,589.54 करोड़ रुपये बढ़कर 7,25,036.13 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 14,084.2 करोड़ रुपये बढ़कर 10,58,766.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,462.15 करोड़ रुपये बढ़कर 14,89,185.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट टीसीएस का बाजार हैसियत 17,909.53 करोड़ रुपये घटकर 12,53,486.42 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 7,645.85 करोड़ रुपये घटकर 19,22,693.71 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,061.05 करोड़ रुपये घटकर 5,70,146.49 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 2,605.81 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 10,31,262.20 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 1,973.66 करोड़ रुपये घटकर 5,52,001.22 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत में 656.45 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,49,220.46 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# मई में जीएसटी संग्रह 16.4 प्रतिशत बढ़ा, हुआ 2.01 लाख करोड़ के पार




नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है। मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे कुछ राज्यों में जीएसटी संग्रह में औसतन 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मणि ने कहा, इसलिए, देशभर में औसत वृद्धि, संभवतः क्षेत्रीय या मौसमी कारकों के कारण राज्यों में समान रूप से परिलक्षित नहीं होती है, जिसके लिए गहन डेटा आधारित विश्लेषण की आवश्यकता होती है।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जतायी

नयी दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं... एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है।

इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है।

# एफपीआई ने शेयर बाजार में 19,860 करोड़ डाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार पर भरोसा कायम है। अनुकूल आर्थिक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के चलते एफपीआई ने मई में भारतीय शेयरों में 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था।


वहीं इससे पहले मार्च में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, आगे चलकर एफपीआई भारत में अपना निवेश जारी रखेंगे। हालांकि, उच्चस्तर पर वे बिकवाली कर सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मई में शेयरों में 19,860 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इस ताजा प्रवाह के बाद 2025 में शेयरों से एफपीआई की निकासी का आंकड़ा घटकर 92,491 करोड़ रुपये रह गया है। अप्रैल में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई की गतिविधियों में तेजी देखी गई। अप्रैल के मध्य में शुरू हुई लिवाली का सिलसिला मई में भी जारी रहा, जो निवेशकों के नए भरोसे को दर्शाता है। मई में एफपीआई प्रवाह के कई कारक रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों ने भारत जैसे उभरते बाजारों को और अधिक आकर्षक बना दिया है। घरेलू स्तर पर, भारत की मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि, कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजे और नीतिगत सुधारों की वजह से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

## आईओसी ने हरित हाइड्रोजन परियोजना को अंतिम रूप दिया

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने हरियाणा में अपनी पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसर में 10,000 टन प्रति वर्ष हरित हाइड्रोजन उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए हाइड्रोजन की पूरे जीवनकाल में हाइड्रोजन उत्पादन की औसत लागत (एलसीओएच) को अंतिम रूप दे दिया है। इससे भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा मिलेगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि इसके साथ ही भारत की अब तक की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना के साथ हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में आईओसी ने प्रवेश किया है। हालांकि, आईओसी ने लागत और अन्य वित्तीय विवरण नहीं दिए। कंपनी ने कहा, दिसंबर, 2027 तक चालू होने के लिए निर्धारित, यह रिफाइनरी परिचालन में जीवाश्म-आधारित हाइड्रोजन की जगह लेगी, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में पर्याप्त कमी आएगी। हाइड्रोजन एक ऐसा ईंधन है जिसका उपयोग तेल रिफाइनरियों से लेकर इस्पात संयंत्र तक के उद्योग में व्यापक रूप से किया जाता है और यह कार, ट्रक, ट्रेन, जहाज और यहां तक कि औद्योगिक प्रक्रियाओं को भी शक्ति प्रदान कर सकता है। इसे विभिन्न स्रोतों से उत्पादित किया जा सकता है।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उनका कहना है कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां और शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह छह जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के रुझान और जारी व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से अधिक तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर हो गया है। जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रही है। इस बीच, सप्ताह के दौरान आने वाले विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों की वजह से भी बाजार में क्षेत्र विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.45 अंक या 0.41 प्रतिशत नीचे आया। बाजार रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहा है। ऐसे में ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर सभी की निगाह रहेगी। सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़े निवेशकों का भरोसा बढ़ा सकते हैं।

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसितः गर्ग

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है।

गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है। वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा। यह पूछे जाने पर कि भारत कबतक दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, उन्होंने कहा, इस संदर्भ में आईएमएफ के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक हैं। इसके आधार पर देशों को उनके अमेरिकी डॉलर में जीडीपी की स्थिति के हिसाब से क्रम में रखा जाता है। आईएमएफ अगले छह साल के आंकड़ों का भी अनुमान लगाता है। अभी तक अनुमान 2030 (भारत 2030-31) तक के हैं।

पेज एक का शेष

## पूर्व प्रधानमंत्री

अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत, उकसाने, भड़काने और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है। आईसीटी-बांग्लादेश को मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने बताया, साक्ष्यों की समीक्षा करने के बाद, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि यह एक समन्वित, व्यापक और व्यवस्थित हमला था। उन्होंने तीनों आरोपियों पर अपराधों के लिए उच्च कमान जिम्मेदारी का आरोप लगाया।

## विमान ईंधन

लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा विमान ईंधन का बैठता है। मूल्य कटौती पर एयरलाइन कंपनियों से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 79,855.59 रुपये से घटाकर 77,602.73 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है, जबकि चेन्नई और कोलकाता में क्रमशः 86,103.25 रुपये और 86,052.57 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। पेट्रोलियम कंपनियों ने 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में भी 24 रुपये की कटौती की। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब राष्ट्रीय राजधानी में 1,723.50 रुपये और मुंबई में 1,647.50 रुपये प्रति सिलेंडर होगी। इससे पहले एक मई को वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 14.50 रुपये और एक अप्रैल को 41 रुपये घटाए गए थे। पिछले कुछ माह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई है, क्योंकि वैश्विक व्यापार युद्ध ने ईंधन की मांग को प्रभावित किया है। मूल्य वर्धित कर (वैट) और अन्य स्थानीय करों की वजह से एटीएफ और एलपीजी का दाम विभिन्न राज्यों में अलग-अलग होता है। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर की कीमत को 853 रुपये पर यथावत रखा गया है। अप्रैल में घरेलू एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

## अहिल्याबाई की

हमारे लिए बहुत अहम है। जब औरंगजेब की क्रूरता ने, आक्रांताओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर पर प्रतिघात किया, कुठाराघात किया, उसके 100 वर्ष बाद अहिल्याबाई होल्कर ने दूरदर्शिता दिखाते हुए काशी विश्वनाथ में मंदिर बनवाया। उस काशी विश्वनाथ में जो चमत्कारी परिवर्तन आया है उससे पूरा देश अभिभूत है। उसके घाटों का जब हम अवलोकन करते हैं तो क्या दृश्य उत्पन्न होता है। यह नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आपके प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया है। यह आसान नहीं था, पर करके दिखा दिया। धनखड़ ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत के सृजन और संरक्षण का अद्भुत उदाहरण बन गया है और कल्पना से परे चमत्कारिक काम यहां हुआ है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत 2014 में हुई थी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी को अपना राजनीतिक क्षेत्र चुना। मगर इसमें तीव्र गति आई 2017 में, जब योगी आदित्यनाथ प्रांत के मुख्यमंत्री बने। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की सेना द्वारा दुश्मन के ठिकानों पर जो प्रतिघात किया गया वह उत्तर प्रदेश में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल के जरिए किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि पर हो रहा सैन्य उत्पादन कितना श्रेष्ठ है, यह दुश्मन के कानों में गूंजता रहेगा। मुख्यमंत्री से मुखातिब होते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, आपने अपने शासनकाल में उत्तर प्रदेश की छवि को पूर्ण रूप से बदल दिया है। आज उत्तर प्रदेश का मतलब है सुशासन और कानून का राज। बिना कानून के राज्य का कोई भी विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की उल्लेखनीय सफलता के लिए मैं भारतीय सेना का अभिनंदन करना चाहता हूं। हमारी सेना ने पराक्रम दिखाया। हमारी सेना ने दुश्मन को लोहे के चने चबवाए और दुनिया को एक बड़ा संदेश दिया कि अब भारत बदल गया है। वह आतंकवाद को खत्म करेगा और जो हम पर हाथ डालेगा उसे हम पूरी तरह नष्ट करेंगे। धनखड़ ने कहा कि हमें सदैव याद रखना पड़ेगा और यही सीख लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने भी दी कि हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि वह किसान परिवार से हैं और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भी किसान परिवार से ही थीं। उन्होंने जो मापदंड रखे वे अत्यंत सराहनीय हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक बात बहुत कम लोगों को पता है कि नारी के सशक्तीकरण के लिए अहिल्याबाई होल्कर ने बहुत ऊंचे मापदंड रखे और अपनी सेना में महिलाओं की टुकड़ी बनाई। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की आत्मा कितनी प्रसन्न होगी कि आज के भारत में नारी सशक्तीकरण पराकाष्ठा पर है, सेना में महिलाओं का स्थान है और अब तो नारी का संसद और विधानसभा में भी आरक्षण है। धनखड़ ने कहा, किसानों के लिए अहिल्याबाई होल्कर ने बहुत काम किया। किसान मेरे दिल और दिमाग में हैं। किसान का दर्द मैं समझता हूं। किसान विकास में क्या योगदान कर सकता है यह आप सब जानते हैं और आप सब किसान परिवार के सदस्य हैं, इसीलिए मैं कहता हूं कि विकसित भारत होगा, निश्चित होगा, क्योंकि आप लोगों ने ठान रखी है।

## अब्बास अंसारी

थी। इस बीच, सुभासपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पीटीआई-भाषा से कहा, वह (अब्बास अंसारी) पार्टी के विधायक हैं। अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। अभियोजन पक्ष के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊसदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊप्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह के मुताबिक इस मामले में अंसारी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 189 (लोक सेवक को क्षति पहुंचाने की धमकी), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव को बिगाड़ना), 171 एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना) और 506 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। सिंह के अनुसार विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश के.पी. सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को अब्बास अंसारी को दोषी ठहराया और धारा 189 तथा 153ए के तहत दो-दो साल, धारा 506 के तहत एक साल और धारा 171 एफ के तहत छह महीने कैद की सजा सुनायी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अंसारी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत के इस आदेश को अब सत्र अदालत में चुनौती दी जाएगी। फिलहाल अब्बास अंसारी की अस्थायी जमानत मिल गयी है। सजा सुनाये जाने के बाद अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता समाप्त होना तय हो गया था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अदालत द्वारा दो साल या उससे अधिक की सजा सुनाये जाने पर विधायी सदन की सदस्यता समाप्त किये जाने का प्रावधान है। अब्बास अंसारी वर्ष 2022 में मऊ सदर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की अगुवाई वाले गठबंधन के तहत सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। सुभासपा वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन सरकार की सहयोगी है।

## वात्सल्य गंगा

तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने का शुभ अवसर मिला है जिसके लिए वह मां गंगा तथा संत समाज व देव भूमि उत्तराखंड की आभारी है। वात्सल्य गंगा आश्रम के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता परमहंस स्वामी परमानंद महाराज द्वारा की गई जबकि संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज द्वारा की गई इस अवसर पर पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण, महानिवार्णी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज, महानिवार्णी अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर यमुना पुरी जी, महामंडलेश्वर संतोषी माता जी, महा मंडलेश्वर मैत्री गिरी जी साध्वी अन्नपूर्णा पुरी जी, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल, डा विशाल गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, सहित सैकड़ों संत महंत व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अमृतसर में

दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि आरोपी गुरलाल के खुलासे के आधार पर पुलिस की एक टीम उसे अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए साथ ले गई। इस अभियान के दौरान, आरोपी ने पुलिस दल पर गोली चलाने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्वाई की। इस जवाबी कार्वाई में गुरलाल के बाएं पैर में गोली लगी। उसे तुरंत इलाज के लिए अमृतसर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यादव ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है।

## शुभांशु अंतरिक्ष

की है जो नासा द्वारा अपने मानव अनुसंधान कार्यक्रम के लिए नियोजित पांच संयुक्त अध्ययनों में भी भाग लेंगे। शुक्ला बीजों को मैक्रोबायोटिक परिस्थितियों में भी रखेंगे और उन्हें वापस धरती पर लाएंगे, जहां उन्हें पौधों में न केवल एक बार बल्कि कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। शुक्ला ने जनवरी में कहा था कि उन्होंने आईएसएस पर अपने अनुभवों को चित्रों और वीडियो के माध्यम से रिकॉर्ड करने की योजना बनाई है, जिसे वे अपने देश में सभी भारतवासियों के साथ साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन 4 के अनुभव का उपयोग गगनयान मिशन में बहुत अच्छी तरह से किया जाएगा, जिसकी योजना 2027 के लिए बनाई गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक्सिओम-4 मिशन पर 550 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

## रूस में विस्फोट

सड़क पर चल रहे वाहनों के अंदर से लिए गए थे। अतीत में, कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन समर्थक तोड़फोड़ करने वालों पर रूस के रेलवे बुनियादी ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया है। हालांकि, ऐसी घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सीमित है और स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं की जा सकती है। यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी, जिसे यूक्रेनी संक्षिप्त नाम जीयूआर के नाम से जाना जाता है, ने रविवार को एक बयान में कहा कि भोजन और ईंधन ले जा रही एक रूसी सैन्य मालगाड़ी को क्रीमिया के रास्ते में उड़ा दिया गया। इसने यह दावा नहीं किया कि हमला जीयूआर द्वारा किया गया या पुल के ढहने का उल्लेख नहीं किया। बयान में कहा गया है कि रूसी कब्जे वाले ज़ापोरिज्जिया क्षेत्र और क्रीमिया के साथ मास्को की प्रमुख सम्पर्क नष्ट हो गया है। फरवरी 2022 में मास्को के आक्रमण के बाद से रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के जापोरिज्जिया क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसने 2014 में क्रीमिया पर अपना नियंत्रण कर लिया था।




# क्वालिफायर-2 में तिलक ने दी मुंबई को अच्छी शुरुआत

## आईपीएल : तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव पिच पर हैं, जॉनी बेयरस्टो 38 रन बनाकर आउट

एजेंसी

अहमदाबाद। बारिश के कारण देर से शुरू हुए मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के मैच में दस ओवर में दो विकेट खो कर मुंबई इंडियंस ने खबर लिखे जाने तक 102 रन बना चुके हैं । आईपीएल 2025 का क्वालिफायर-2 मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 8 ओवर के बाद दो विकेट खोकर 73 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव पिच पर हैं। जॉनी बेयरस्टो 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विजयकुमार वैशाक ने विकेटकीपर जोस इंग्लिस के हाथों कैच कराया।रोहित शर्मा (8 रन) को मार्कस स्टोयनिस ने कैच आउट कराया। अहमदाबाद में बारिश के कारण मैच शुरू होने में 135 मिनट की देरी हुई। 7.30 बजे शुरू होने वाला मुकाबला 9.45 बजे शुरू हो सका, हालांकि ओवर्स में कटौती नहीं हुई है।

इस मैच की विनर टीम 3 जून को होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। 7वें ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां जॉनी बेयरस्टो 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विजयकुमार वैशाक ने विकेटकीपर जोस इंग्लिस के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा (8 रन) को मार्कस स्टोयनिस ने कैच आउट कराया। तीसरे ओवर में रोहित शर्मा (8 रन) आउट हुए। दूसरे ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई से रोहित का कैच ड्रॉप हुआ था। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं। 5वें ओवर में मुंबई ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। काइल जैमिसन के ओवर की आखिरी बॉल पर बेयरस्टो ने एक रन लेकर टीम को 50 रन तक पहुंचाया। तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर मुंबई ने पहला विकेट गंवाया। रोहित शर्मा 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्कस स्टोयनिस ने तीसरे ओवर में विजयकुमार के हाथों कैच कराया। पिछले ओवर में



अजमतुल्लाह उमरजई से रोहित का कैच ड्रॉप हुआ। मुंबई और पंजाब मैच 135 मिनट की देरी के बाद शुरू हो गया है। अहमदाबाद में टॉस के बाद बारिश होने लगी थी। इस कारण मैच शुरू होने में देरी हुई। अहमदाबाद में बारिश जारी है। रात 9:30 बजे के बाद ओवर्स में कटौती होने लगेगी। कम से कम 5-5 ओवर का खेल शुरू होने के लिए कटऑफ टाइम रात 11:56 है। इउउक ने प्लेऑफ मैचों के लिए एक घंटे का एक्स्ट्रा टाइम दिया है। अहमदाबाद में बारिश थम चुकी है। ग्राउंड स्टाफ मैदान से कवर हटा रहा है। थोड़ी देर में खेल शुरू होने की उम्मीद है।

### आईसीसी अगले महीने से नये नियम लागू करेगी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। कउउ ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बॉल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे। नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बॉल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बॉल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बॉल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बॉल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। कउउ के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरूआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। 5 कन्कशन रिप्लेसमेंट बताने होंगे कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे। टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया ऑप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा कउउ विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और ऊफर प्रोटोकॉल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

## गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया

स्टावेंजर। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।



गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

### हैंस, मूसली ने भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस को पांच विकेट पर 413 रन बनायें

कैंटरबरी। टॉम हैंस के नाबाद 171 रन की मदद से इंग्लैंड लायंस ने मुकेश कुमार के दिये झटकों से उबरते हुए भारत ए के खिलाफ अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को चाय तक पांच विकेट पर 413 रन बना लिये। हैंस ने छठे विकेट की अटूट साझेदारी में डैन मूसली (48) के साथ 144 रन जोड़ लिये हैं। दूसरे सत्र में भारत ए के गेंदबाजों को एक भी विकेट नहीं मिला। अब तक 271 गेंद खेल चुके हैंस और इंग्लैंड के लिये तीन वनडे तथा चार टी20 खेल चुके मूसली ने भारतीय आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर रन बनाये। इससे पहले तेज गेंदबाज मुकेश के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर ले लिये थे।

## संक्षेप

### भाटिया संयुक्त 23वें स्थान पर खिसके

डबलिन। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गये। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गये। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर एक शॉट की बढ़त है।

### लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

नयी दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा लवलीना मुक्केबाजी अकादमी के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें। यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक कदम भी है।

### मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

कैंटरबरी। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाये। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-।से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

### स्वितोलिना ने मैच प्वाइंट का बचाव कर पाओलिनी को हराया

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-। से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया।

यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।


उन्होंने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-। की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया। इससे पहले दिन के शुरुआती मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने पुरुष एकल में एलेक्सी पोपीरिन को 6-3, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

## इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5-1 से हराया

एजेंसी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5-। की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

उनके बनाये मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया। आठ बार बैलोन डी ओर विजेता मेस्सी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है।



**पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन**

म्यूनिख। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी (कागज के छोटे टुकड़े) हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रेंच ओपन : मिसोलिच पर आसान जीत के साथ जोकोविच चौथे दौर में

एजेंसी

पेरिस। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है। पीएसजी के स्टेडियम से लगातार पटाखों की आवाजें आ रही थीं।

फ्रांस के इस क्लब ने जर्मनी के म्यूनिख में इटली के इंटर मिलान को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्लबों की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली चैंपियनशिप जीती। जोकोविच इस फुटबॉल मैच को टेलीविजन पर देखने के लिए अपना मुकाबला इस समय नहीं खेलना चाहते थे। उन्होंने एकतरफा जीत के बाद कहा, यह दिलचस्प था। यहां स्टेडियम में दर्शक भी फुटबॉल मैच पर नजर रखे रहे। मैं सुन सकता था कि उन्होंने कब गोल किया। वे कई बार जश्न मना रहे थे। उन्होने कहा मैं सोच रहा था, वाह, पेरिस ने बहुत सारे गोल किये। क्या हो रहा है?। अब मैंने सुना कि यह 5-0 है। ईमानदारी से कहूं तो यह काफी शानदार परिणाम है। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाये रखा। मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।

**सिनर ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत के साथ फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे**



पेरिस। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को अपना दबदबा कायम करते हुए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-।, 6-2 से शिकस्त दी। इटली के इस खिलाड़ी ने 23 साल के लेहेका को एक घंटे 34 मिनट में हराकर इस सत्र में पुरुष वर्ग में सबसे तेज जीत दर्ज की। सिनर ने विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी पर जीत दर्ज करने के बाद कहा, हम सुधार करने की कोशिश करते हैं लेकिन इस मुकाबले में अपने प्रदर्शन को देखूं तो मुझे नहीं लगता कि मैं इससे कुछ बेहतर कर सकता था। सिनर ने इस मैच में 31 विनर्स लगाये और सिर्फ नौ गलतियां की। उन्होंने मुकाबला के शुरुआती 11 गेम जीतकर अपना पूरा दबदबा कायम किया। लेहेका ने जब 12वें गेम को जीतकर स्कोर को 6-0, 5-। किया तब खुद पर कटाक्ष करते हुए हाथ ऊपर कर जश्न मनाया। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने भी इसके बाद अपनी सीट के पास खड़े होकर तालियों और शोर के साथ लेहेका की हौसला अफजाई की। फ्रेंच ओपन में अपने पहले खिताब की कोशिश में लगे सिनर के सामने सोमवार को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव की चुनौती होगी। रुबलेव के प्रतिद्वंद्वी आर्थर फिल्स ने पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-।, 6-7 6-।, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा। पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर को चौथे दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक की चुनौती से पार पाना होगा। ड्रेपर ने 18 साल के ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला 2019 फ्रेंच ओपन उपविजेता और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गईं। अमेरिका की 21 साल की कोको गॉफ मैरी बौजकोवा को 6-।, 7-6 से हराकर लगातार पांचवीं इस ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। वह चौथे दौर में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी। रूस की मीरा आन्द्रीवा भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। इस 18 की खिलाड़ी के सामने अब 17वें नंबर की डारिया कसाटकिना की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज अमेरिका की हेली बैपटिस्ट पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। जेसिका

### रिंकू सिंह की आठ जून को प्रिया सरोज से होगी सगाई

जौनपुर (उप्र)। भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊमें होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा, रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

# चट्टान की तरह खड़े हैं पूर्वोत्तर के साथ

## शाह का बारिश प्रभावित असम, अरुणाचल, सिक्किम के मुख्यमंत्रियों को हरसंभव मदद का आश्वासन

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचलप्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने एक्स पर कहा असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की।

साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में बृहस्पतिवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए और आठ अन्य लोग लापता हो गए थे। मणिपुर में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। पिछले 48 घंटों में राज्य भर में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

कोलकाता। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं।

# नासिक कुंभ मेले का कार्यक्रम घोषित प्रभारी मंत्री के चयन पर असमंजस



नासिक। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को इस बारे में अस्पष्ट स्थिति बरकरार रखी कि 2026-27 में सिंहस्थ कुंभ मेले की मेजबानी करने वाले नासिक जिले का प्रभारी मंत्री कौन होगा। उन्होंने संकेत दिया कि इस पद के लिए महायुति के तीन सहयोगियों के बीच मतभेद अब भी अनसुलझे हैं।

नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेले के कार्यक्रम पर चर्चा के लिए संतों की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कुंभ मंत्री गिरीश महाजन (भाजपा), मंत्रियों दादा भुसे (शिवसेना), छगन भुजबल और नरहरि जिरवाल (दोनों राकांपा) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम भी वहां मौजूद होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री की अनुपस्थिति से प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। संभावित जिला प्रभारी मंत्री के चयन के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा, प्रभारी मंत्री आते-जाते रहते हैं।

चिंता मत कीजिए और इस मुद्दे में राजनीति नहीं करिए। यह (कुंभ मेला) एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। इस वर्ष की शुरुआत में, नासिक और रायगढ़ जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी, क्योंकि इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ महायुति में कथित खींचतान थी। महायुति में भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं।

## संक्षेप

### दिल्ली : सीएनजी विस्फोट से घायल दो नाबालिगों की मौत

नयी दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके के एक गोदाम में रखे सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट होने से गंभीर रूप से झुलसे दो नाबालिग भाई-बहनों की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चार मंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर भंडारण व मरम्मत कक्ष में शनिवार दोपहर हुए विस्फोट में तीन नाबालिग भाई-बहनों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, घायलों की पहचान अरशद (22), साकिब (सात), अब्बास (नौ) और राजा (तीन) के रूप में हुई थी। पुलिस ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक झुलसे साकिब और राजा की गुरु तेग बहादुर अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने दो बच्चों की मौत के बाद नंद नगरी थाने में दर्ज मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 (1) (लापरवाही से मौत) को भी जोड़ दिया है। पुलिस ने पहले धारा 287 (मशीनरी के संबंध में लापरवाही), 125 ए (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 326 जी (विस्फोटक पदार्थ के इस्तेमाल से गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोदाम के मालिक को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शन पूर्व गृहमंत्री व अन्य गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और लगभग आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन यहां नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस के प्रवक्ता अपिल बोहोरा ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के कट्टर समर्थक राजेंद्र लिंगडेन विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास बलुवाटर की ओर बढ़ने की कोशिश की तब उनका पुलिस के साथ झड़प हो गई।

बोहरा ने कहा कि थापा और अन्य को नारायणहिती महल संग्रहालय क्षेत्र के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

# आतंकवाद पर ब्रिटेन को बतायेंगे भारत का रुख

एजेंसी



लंदन। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद पर ब्रिटेन को भारत के रुख से प्रभावी तरीके से अवगत कराएगा और ब्रिटेन के प्रमुख हितधारकों के साथ बातचीत करेगा। प्रसाद के नेतृत्व में नौ सदस्यीय दल यूरोपीय दौरे के तहत तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को ब्रिटेन पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने किया। प्रतिनिधिमंडल को हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे होयल और विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) मंत्री कैथरीन वेस्ट सहित प्रमुख हितधारकों के साथ कई बैठकों में भाग लेना है। इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में डी पुरंदेश्वरी, प्रियंका चतुर्वेदी, गुलाम अली खटाना, अमर सिंह, समिक भट्टाचार्य, एम थंबीदुरई और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एमजे अकबर तथा राजदूत पंकज सरन शामिल हैं। ये नेता सामुदायिक समूहों, थिंक टैंक, सांसदों और प्रवासी नेताओं से मुलाकात करेंगे। रविशंकर प्रसाद ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ मैं फ्रांस, इटली और डेनमार्क की सफल यात्राओं के बाद ब्रिटेन के लंदन में पहुंचा हूं। प्रसाद ने कहा, लंदन में 31 मई से तीन जून तक रहने के दौरान, हम आतंकवाद पर अपना रुख प्रभावी ढंग से व्यक्त करेंगे और संसद के निचले सदन के अध्यक्ष लिंडसे होयल, विदेश मंत्री कैथरीन वेस्ट, ब्रिटेन के सांसदों, नेताओं, थिंक टैंक, मीडिया प्रतिनिधियों और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ बातचीत करेंगे।

# पीएम आत्म-प्रशंसा व चुनाव प्रचार से खुद को अलग करें

एजेंसी



बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक भाषणों पर टिप्पणी करते हुए उनसे आत्म-प्रशंसा के बजाय दुश्मन पर ध्यान केंद्रित करने और चुनाव प्रचार से खुद को अलग करने का आग्रह किया। बेंगलुरु में पत्रकारों को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, मैं उनके (मोदी के) सभी बयानों पर प्रतिक्रिया देना पसंद नहीं करता। लेकिन मेरा उनसे बस इतना अनुरोध है कि सत्ता में बैठे लोगों को कभी-कभी अपना मुंह बंद रखना चाहिए।

खरगे ने प्रधानमंत्री के हालिया सार्वजनिक बयानों और राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए सुझाव दिया कि मोदी को अस्थायी तौर पर चुनाव प्रचार से दूर हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी को खुद को चुनावों से अलग कर लेना चाहिए और देश पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्हें देश में जो कुछ भी हुआ है, उसे समझकर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा मैं बिना किसी राजनीतिक मतभेद के कह रहा हूं कि उन्हें (मोदी को) यह दावा करने के बजाय कि उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता, दुश्मन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमारा पूरा समर्थन सशस्त्र बलों के साथ है। ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विचार-विमर्श के लिए विदेश गए हैं। उन्होंने कहा, उन्हें वापस आने दीजिए। जब तक वे वापस नहीं आ जाते, तब तक इधर-उधर घूमना और भाषण देना उचित नहीं है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति कांग्रेस पार्टी का अटूट समर्थन दोहराया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री के उस बयान पर भी कटाक्ष किया जिसमें उन्होंने कहा था कि सेना को पूरी छूट दे दी गई है।

उन्होंने कहा, जब मोदी ने कहा है कि उन्होंने सशस्त्र बलों को पूरा अधिकार दे दिया है, तो फिर वे यह दावा क्यों कर रहे हैं कि वह उन्होंने किया? खुद की बड़ाई करना अच्छी बात नहीं है। संवेदनशील समय में राजनीतिक संयम की आवश्यकता पर बल देते हुए खरगे ने कहा, हम कुछ नहीं कहेंगे।

# मंत्री चौहान वायनाड में पीएमजीएसवाई के तहत कार्यों में तेजी लायें

एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता और केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से वायनाड जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 (पीएमजीएसवाई-4) के तहत किए जाने वाले कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि वायनाड जिले में साल भर सड़क संपर्क से वंचित 331 बस्तियों की पहचान की गई है, जिनमें से केवल कलपेट्टा ब्लॉक की 64 बस्तियों से संबंधित प्रस्तावों को ही राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (एनआरआईडीए) द्वारा मंजूरी दी गई है।

प्रियंका ने कहा कि सभी 331 सड़कों को केरल राज्य ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने पत्र में कहा कि सुल्तान बाथरी, मनंतवाडी और पनामारम ब्लॉक में कुल 267 बस्तियों से संबंधित कार्य अब भी ऑनलाइन प्रबंधन, निगरानी और लेखा प्रणाली (ओएमएमएएस) पर एनआरआईडीए से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने पत्र में कहा इन ब्लॉक में आदिवासियों की उल्लेखनीय आबादी है। पीएमजीएसवाई दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि आकांक्षी ब्लॉक के आदिवासी बहुल गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यों को मंजूरी दी जानी चाहिए और कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि उन्हें जानकारी दी गई है कि साल भर सड़क संपर्क से वंचित 25 बस्तियों को ओएमएमएएस पर गलत तरीके से जुड़ी हुई बस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि एनआरआईडीए की अनुमोदन प्रक्रिया की जांच की जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक न्यायसंगत और निष्पक्ष प्रक्रिया का पालन किया जाए और वायनाड के सभी ब्लॉक की बस्तियों को जोड़ने की मंजूरी पर उचित तरीके से विचार किया जाए। वायनाड की लोकसभा सदस्य ने यह भी अनुरोध किया कि जिले के संबंधित प्राधिकारियों को बस्तियों की स्थिति के संबंध में ओएमएमएएस सॉफ्टवेयर में आवश्यक परिवर्तन करने की अनुमति दी जाए ताकि वे सही और अद्यतन जानकारी दर्ज कर सकें।

## रूस से वार्ता पर प्रतिनिधिमंडल भेजेगा यूक्रेन

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि सोमवार को इस्तांबुल में रूस के साथ होने वाली प्रत्यक्ष शांति वार्ता के नए दौर की बैठक में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। जेलेंस्की ने रविवार को टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जेलेंस्की ने कहा, हम अपनी आजादी, अपने देश और अपने लोगों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# 'छावा' के डायरेक्टर ने दी 800 करोड़ की ब्लॉकबस्टर




**मुंबई।** फिल्म 'छावा' को भले ही मिले-जुले रिव्यू मिले हों, लेकिन कमाई के मामले में इसने 800 करोड़ से ज्यादा की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इस फिल्म ने डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर को उनके करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म दी। हालांकि, एक समय ऐसा भी था जब उन्हें कई छोटे-मोटे काम किए। उन्होंने अंडे बेचे, वड़ा पाव का ठेला लगाया और गणेश चतुर्थी पर अमीर लोगों की गणपति की मूर्तियों का विसर्जन किया। लक्ष्मण उतेकर महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के एक छोटे से गांव में पैदा हुए थे। बचपन में ही उनके मामा उन्हें मुंबई ले आए। वहां उन्होंने बहुत छोटे-छोटे काम किए ताकि दो वक्त की रोटी जुटा सकें। उन्होंने यूट्यूब चैनल 'मामाज काउच' पर पॉडकास्ट में अपनी कहानी शेयर की। उन्होंने बताया कि 6 साल की उम्र में वे बार के बाहर उबले अंडे बेचते थे। बाद में शिवाजी पार्क में उन्होंने वड़ा पाव का ठेला लगाया, लेकिन बीएमसी ने उसे जब्त कर लिया। अमीरों के गणपति विसर्जन कर कमाए ढाई रुपए गणेश चतुर्थी के दौरान लक्ष्मण उतेकर और उनके दोस्त अमीर लोगों के गणपति विसर्जन में मदद करते थे। अमीर लोग खुद मूर्ति लेकर पानी तक नहीं जाते थे, तो लक्ष्मण और उनके दोस्त मूर्ति लेकर विसर्जन कर देते और इसके बदले 5 रुपए लेते। इसमें से 2.50 रुपए उन्हें मिलते। चाय पहुंचाते-पहुंचाते एडिटिंग के काम में पैदा हुई रुचि लक्ष्मण उतेकर ने ये भी बताया कि एक दिन उन्होंने अखबार में फिल्म स्टूडियो की सफाई की नौकरी का विज्ञापन देखा और वे वहां झाड़ू-पोंछा लगाने लगे। वे टॉयलेट तक साफ करते थे और इतनी ईमानदारी से काम करते थे कि उनके बॉस ने उनकी तारीफ की। वे स्टूडियो में चाय भी पहुंचाते थे और वहीं से उन्हें साउंड और एडिटिंग का काम सीखने में रुचि हुई।

# दिलजीत दोसांझ की 'सरदार जी 3' का पोस्टर रिलीज



मुंबई। पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ ने अपनी मच अवेटेड फिल्म 'सरदार जी 3' का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है। पोस्टर में दिलजीत एक जबरदस्त स्टाइल में नजर आ रहे हैं, जहां उनके आसपास कई महिलाएं घूंघट में दिख रही हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म को लेकर कैप्शन लिखा, ₹इस बार डर, प्यार और हंसी तीनों का तड़का लेकर आ रहे हैं जग्गी जी! दिलजीत ने ये भी लिखा, सरदार जी वापस आ गया है, तीन गुना मस्ती के साथ। फिल्म में नीरू बाजवा निभा रही हैं अहम भूमिका फिल्म में नीरू बाजवा और मानव विज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। बता दें कि पहली 'सरदार जी' फिल्म 2015 में आई थी, जिसे रोहित जुगराज ने डायरेक्ट किया था। 2016 में इसका सीक्वल आया था। जिसको भी रोहित जुगराज ने डायरेक्ट किया था। वहीं, 'सरदार जी 2' को धीरज रतन ने लिखा और व्हाइट हिल प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस किया गया था। 'सरदार जी' 24 जून 2016 को रिलीज हुई थी।

## कमल हासन के बयान पर नहीं थम रहा विवाद

मुंबई। कमल हासन अपने इस बयान के कारण विवादों में हैं कि कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है। एक्टर कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कुछ संगठनों ने बेंगलुरु के सिनेमाघरों में जाकर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' न दिखाने की अपील की। वहीं, कमल हासन के बयान को लेकर चल रहे बढ़ते विवाद के बीच अभिनेता शिव राजकुमार ने अपनी मातृभाषा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। एक्टर शिव राजकुमार ने कहा, कन्नड़ मेरी पहली पसंद है, इसमें कोई शक नहीं। सभी भाषाएं मेरे लिए जरूरी हैं, लेकिन एक मातृभाषा के रूप में, कन्नड़ मेरी प्राथमिकता है।

# लड़कियां खुद पर भरोसा करें तो कुछ भी कर सकती हैं : सुचाता





हैदराबाद। हैदराबाद में आयोजित 72वें मिस वर्ल्ड कॉम्पिटिशन में थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री विनर रही हैं। 21 साल की ओपल ने 108 देशों की कंटेस्टेंट्स को हराकर मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब हासिल किया है। मिस वर्ल्ड 2024 रहीं क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने अपना ताज ओपल सुचाता को पहनाया। मिस वर्ल्ड बनने के बाद ओपल सुचाता ने दैनिक भास्कर से एक्सक्लूसिव बात की है। उन्होंने

**मिस वर्ल्ड ओपल सुचाता का पहला इंटरव्यू**

विनिंग मोमेंट के अलावा इंडियन फिल्म इंडस्ट्री, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, साउथ सुपरस्टार प्रभास को लेकर बात की। ओपल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका आभार भी व्यक्त करना चाहती हैं।

मैं खुद पर गर्व महसूस कर रही हूं। मैंने थाईलैंड के लिए पहला मिस वर्ल्ड ताज जीता है। मेरे लिए ये एक बहुत बड़ा मौका और सम्मान की बात है। जब मिस वर्ल्ड 2025 के लिए आपके नाम की घोषणा हुई तो सबसे पहले दिमाग में क्या आया? मुझे यकीन नहीं हुआ। मेरा रिएक्शन ओ माई गॉड था और मैंने अपने दोस्त को गले लगाया और रोई, लेकिन इसके अलावा ये एक गर्व का पल था। मैं जानती हूं कि मेरे देश के लोग इस ताज का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस साल हमें बहुत उम्मीदें थीं और मुझे बहुत खुशी है कि हमने इसे जीत लिया है। मेरे लिए ये एक सुंदर और शानदार यात्रा रही है। तेलंगाना में मैं अब तक जिन जगहों पर गई और जिन लोगों से मिली हूं, उनके साथ यहां रहकर मुझे अच्छा महसूस हुआ। तेलंगाना के लोगों का प्यार, रंग और खूबसूरती ने मेरी लाइफ में बहुत कुछ जोड़ा है।

मैं जब 18 साल की थी, तब मुझे मौका और इन्विटेशन मिला। तब मैंने सोचा ये एक ऐसा मौका है, जो आपको लाइफ में बार-बार नहीं मिलेगा। ये एक शानदार मौका है। इसके साथ ही ये मेरे ब्यूटी विथ पर्पज प्रोजेक्ट को भी पूरा कर रहा था। मेरे लिए ये बड़ा मौका था, जब मैं एक इंटरनेशनल स्टेज पर न सिर्फ अपने कल्चर को बल्कि अपनी लाइफ के पर्पज को रिप्रेजेंट कर सकती थी। हां, ऐसे पल रहे हैं। मैं जब काफी यंग थी तो मेरा सपना डिप्लोमैट बनने का था। उस वक्त बहुत सारे लोग थे, जो मुझे कहते थे कि मैं ये नहीं कर पाऊंगी क्योंकि मैं एक महिला हूं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com